एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
# अमृत विचार
| अयोध्या |
www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी
बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया 10:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083
रविवार, 19 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 242, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये


■ ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हेमंत - 12


■ तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर: अभिषेक - 12


■ तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी - 12


■ आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी - 14

# नोएडा हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता त्रिच्चुरापल्ली स्टेशन से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



● लगातार बदल रहा था ठिकाना एक लाख का था इनाम

**अमृत विचार:** नोएडा में श्रमिक आंदोलन में हिंसक घटनाओं का मुख्या साजिशकर्ताओं में शामिल आदित्य आनंद उर्फ रस्टी को तामिलनाडु के त्रिच्चुरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नोएडा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार तड़के कार्रवाई करते हुए दबोचा। आदित्य आनंद पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह हिंसा वाले दिन से ही फरार चल रहा था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक आदित्य आनंद उर्फ रस्टी मूलतः बिहार के हाजीपुर के मढैया का रहने वाला है। वह वर्तमान में हरियाणा गुरुग्राम के सरस्वती विहार सेक्टर-28 में रहता था। पुलिस के अनुसार श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की जांच शुरू की गई। जिसमें सामने आया कि भड़काऊ गतिविधियों और हिंसा को संगठित करने में आदित्य आनंद की मुख्य भूमिका थी। जांच में उसे पूरे घटना का साजिशकर्ता पाया गया। नोएडा के थाना फेज-2 में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग की। आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु में मिली। इसके बाद विशेष टीम को वहां भेजा गया। तिरुचापल्ली रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक आदित्य आनंद की गिरफ्तारी के श्रमिक आंदोलन में हुई हिंसा के बारे में पूछताछ की जाएगी। ताकि पूरे नेटवर्क और साजिश का खुलासा हो सकेगा।

# विपक्ष ने विधेयक रोककर महिलाओं के सपने कुचले : मोदी

● प्रधानमंत्री बोले- महिलाएं इस पाप के लिए उन्हे कभी माफ नहीं करेंगी, कहा- मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद संसद में महिला आरक्षण (संशोधन) विधेयक को पारित न होने देकर महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया है। मोदी आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने के एक दिन बाद राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस, द्रमुक, टीएमसी और सपा जैसे दलों की स्वार्थ भरी राजनीति की कीमत देश की महिलाओं को चुकानी पड़ी है और इन दलों ने विधायी निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों को विफल कर दिया है। मोदी ने कहा, मैं देश की सभी महिलाओं से क्षमा मांगता हूं। उन्होंने कहा, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि भारत की महिलाओं की प्रगति किस प्रकार रुक गई है। देश की महिलाओं के सपनों को निर्दयतापूर्वक कुचल दिया गया है, और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद हम सफल नहीं हो सके। महिलाओं ने देखा है कि विपक्षी पार्टियां महिला सशक्तीकरण के खिलाफ अपनी स्वार्थ भरी राजनीति का जश्न कैसे मनाती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध करके विपक्ष ने पाप किया है और उसे इसके लिए निश्चित रूप से दंड मिलेगा। विपक्षी दलों ने विधेयक को विफल कर हमारे संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य किसी से कुछ भी छीने बिना महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस अपनी पिछली गलतियों को सुधारेगी, लेकिन उसने नया इतिहास रचने का मौका गंवा दिया। परिवारवाद से ग्रसित पार्टियां महिलाओं को आगे नहीं बढ़ने देना चाहतीं, क्योंकि इससे उनकी स्वार्थी राजनीति का अंत हो सकता है।

### एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती

मोदी ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि कांग्रेस उत्तर-दक्षिण विभाजन के बारे में झूठी बातें फैला रही है। उन्होंने कहा, एक महिला सबकुछ भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती। कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया यह अपमान हर महिला के दिल में हमेशा रहेगा। मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन समय की आवश्यकता थी और उत्तर, दक्षिण, पूर्व तथा पश्चिम में संतुलित सशक्तीकरण सुनिश्चित करने का एक ईमानदार प्रयास था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राष्ट्र निर्माण और देश में सुधार के सभी प्रयासों का हमेशा विरोध किया है।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सुनहरे अतीत की परछाई लाल इमली मिल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### 1.6 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में बैंक अधिकारी व दो अन्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 1.6 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट प्रकरण के सिलसिले में इंडसइंड बैंक के एक सहायक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच के तहत एजेंसी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आरोपियों ने एक वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट कर 1.6 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया। सीबीआई ने पाया कि बैंक अधिकारी ने एक कंपनी के नाम पर फर्जी खाता खोलने में मदद की, जिसके जरिये अपराध से प्राप्त राशि की लेनदेन की गई।

# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर गोलीबारी

## समुद्री मार्ग फिर किया बंद, भारत ने ईरानी राजदूत को तलब कर विरोध दर्ज कराया | अमेरिका पर सीजफायर डील तोड़ने का आरोप, ट्रंप बोले- यूरेनियम हर हाल में लेंगे

नई दिल्ली/काहिरा, एजेंसी

होर्मुज में जारी दोहरी घेराबंदी शनिवार को एक अनिश्चित और खतरनाक स्थिति में पहुंच गई। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के अपने अभियान को और तेज कर दिया है, वहीं दूसरी ओर ईरान ने जलमार्ग खोलने के अपने शुरुआती कदम को वापस लेते हुए वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलीबारी कर दी। इनमें दो भारतीय जहाज भी शामिल हैं। जिन्हें गोलीबारी की घटना के बाद वापस लौटना पड़ा।

नई दिल्ली में तैनात ईरानी राजदूत मोहम्मद फताअली को विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तलब किया। इस घटना को लेकर राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

इस महत्वपूर्ण सामरिक जलमार्ग को लेकर बनी असमंजस की स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे ऊर्जा संकट के और गहराने और दोनों देशों को फिर से संघर्ष की ओर धकेलने का खतरा पैदा कर दिया है, जबकि मध्यस्थ इस बात पर विश्वास जता रहे थे कि एक नया समझौता हो सकता है। ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण पहले जैसी स्थिति में लौट आया है। सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन और नियंत्रण में। इसने चेतावनी दी कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी प्रभावी रहेगी, तब तक वह जलडमरूमध्य में आवागमन को अवरुद्ध करना जारी रखेगा।

ब्रिटेन की सेना ने कहा कि आईजीआरएस की दो गनबोट ने होर्मुज से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ है टैंकर में उपस्थित चालकदल सुरक्षित हैं।



### अमेरिका के नए प्रस्तावों की समीक्षा की जा रही : ईरान

**दुबई।** ईरान ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिका की ओर से पेश किए गए नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हुए हाल में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरान को ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिनकी समीक्षा की जा रही है। परिषद ने कहा कि ईरान ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है, लेकिन आगे की बातचीत के लिए अमेरिका को अत्यधिक मांगों को छोड़ना होगा और जमीनी हकीकत के अनुरूप अपने अनुरोधों को समायोजित करना होगा।

### इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर निकला था जहाज

ईरान द्वारा शुक्रवार को जलमार्ग खोलने की घोषणा के बाद कई वाणिज्यिक जहाजों ने होर्मुज को पार करने का प्रयास किया। जहाजों की गतिविधियों पर नजर रखने वाले पोर्टल ने बताया कि ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' की गोलीबारी की खबरों के बाद होर्मुज में दो भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलना पड़ा। इनमें भारतीय ध्वज वाला एक सुपर टैंकर भी शामिल है जो इराक से 20 लाख बैरल तेल लेकर जा रहा है।

### नौसेना शत्रुओं को करारी हार देने को तैयार : मोजतबा

**काहिरा।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि ईरान की बहादुर नौसेना अपने दुश्मनों को करारी हार देने के लिए तैयार है। ईरानी सेना की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर एक संदेश में, उन्होंने युद्ध के दौरान दुश्मनों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के ड्रोन हमलों की सराहना की।

# केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता 2% बढ़ाया, यूपी-आंध्र में 601 किमी की रेल लाइन मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) दो प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया। इससे केंद्र सरकार के लगभग 50.46 लाख कर्मचारियों और 68.27 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। साथ ही रेल मंत्रालय की लगभग 24,815 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश में 403 किलोमीटर लंबी गाजियाबाद-सीतापुर तीसरी और चौथी लाइन और आंध्र प्रदेश में 198 किलोमीटर लंबी राजामुंदरी-विशाखापत्तनम तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं।

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत, दोनों में वृद्धि के कारण सरकारी खजाने पर कुल 6,791.24 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। मूल वेतन या पेंशन की मौजूदा 58 प्रतिशत की दर पर दो प्रतिशत की यह वृद्धि, महंगाई की भरपाई के लिए है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को डीए और पेंशनभोगियों को डीआर की यह अतिरिक्त किस्त एक जनवरी, 2026 से दी जाएगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले



● 50 .46 लाख कर्मचारियों और 68 .27 लाख पेंशनभोगियों को होगा लाभ

● 24,815 करोड़ रुपये से पूरी की जाएंगी रेलवे की दोनों परियोजनाएं

यह वृद्धि स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार है, जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। वहीं, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश राज्यों के 15 जिलों से गुजरने वाली रेल की दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 601 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। दोनों परियोजनाओं के लाभों को रेखांकित करते हुए सरकार ने कहा कि ये कोयला, अनाज, सीमेंट, लोहा और इस्पात, कंटेनर, उर्वरक, चीनी, रासायनिक लवण, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। गाजियाबाद-सीतापुर रेलखंड पर इस समय दोहरी लाइन है, जो दिल्ली-गुवाहाटी उच्च घनत्व नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

(संबंधित कारोबार पेज पर)

# भीषण गर्मी दिखाने लगी असर, पारा 45 पार जाने के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● अगले दो-तीन दिन शुष्क मौसम पूर्वी यूपी में लू चलने की चेतावनी



**अमृत विचार:** प्रदेश में अप्रैल के मध्य में ही भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। जबकि 16 शहरों में पारा 40 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। शनिवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का सबसे अधिक है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज समेत करीब 50 शहरों में तेज धूप और लू जैसे हालात बने हुए हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि शुष्क पछुआ हवाओं और आंतरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रति चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भागों में दिन के समय कहीं-कहीं उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है।अगले दो-तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के आसार हैं। कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी और बुंदेलखंड क्षेत्र में दिन के समय तेज धूप और गर्म पछुआ हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया। लखनऊ में भी तापमान तेजी से बढ़ रहा है और आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। राजधानी में मौसम शुष्क रहेगा तथा गर्म हवाएं चलने की संभावना है। प्रयागराज में गर्मी और अधिक तीखी रहने के संकेत हैं। सुबह से ही गर्म हवाएं चलने लगी हैं, जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

स्कूल जाने वाले बच्चे चेहरे ढककर और छाते लेकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार करने के साथ आने वाले दिनों में शुष्क पछुआ हवा चलेगी, लू चलेगी।

# भारत को राहत, रूसी तेल खरीद के लिए अमेरिका ने एक महीने की छूट बढ़ाई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने रूस से पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद की अनुमति देने वाली छूट की अवधि को एक महीने के लिए बढ़ा दिया है जबकि कुछ दिन पहले ही उसने यह विशेष राहत देने संबंधी कदम को आगे नहीं बढ़ाने की बात कही थी।

अमेरिका ने शुक्रवार देर रात एक आदेश जारी कर रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों से छूट की अवधि को 17 अप्रैल या उससे पहले समुद्र में मौजूद तेल के लिए 16 मई तक बढ़ा दिया है। इससे पहले भारत को पांच मार्च से एक महीने के लिए रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी थी। इसके कुछ दिन बाद अन्य देशों को भी छूट दी गई थी जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई। अमेरिका द्वारा जारी सामान्य लाइसेंस ईरान, उत्तर कोरिया, क्यूबा या यूक्रेन के कुछ हिस्सों में स्थित किसी व्यक्ति, संस्था या संयुक्त उद्यम से जुड़े किसी भी लेनदेन को अधिकृत नहीं करता है।



● अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने जारी किए आदेश

# बिना नोटिस राहुल पर एफआईआर का आदेश असंगत

विधि संवाददाता, लखनऊ

## दोहरी नागरिकता मामला

● हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओपन कोर्ट में सुनाए गए आदेश पर लगाई रोक




हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित दोहरी नागरिकता मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के ओपन कोर्ट में सुनाए गए अपने आदेश को रोक दिया है। शनिवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश में कोर्ट ने कहा है कि सुनवाई के दौरान याची समेत केंद्र व राज्य सरकार के अधिवक्ताओं से पूछा गया था कि क्या इस मामले में विपक्षी संख्या एक (राहुल गांधी) को नोटिस जारी किए जाने की आवश्यकता है।

आदेश में कहा गया है कि अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि नोटिस जारी किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, तत्पश्चात ओपन कोर्ट में एफआईआर दर्ज करने का विस्तृत आदेश पारित कर दिया गया। हालांकि उक्त आदेश के टाइप होने और उस पर हस्ताक्षर होने के पूर्व ही न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने पाया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने वर्ष 2014 में पारित एक निर्णय में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के मांग वाले प्रार्थना पत्रों के खारिज होने पर पुनरीक्षण याचिका ही पोषणीय है। ऐसी याचिका पर प्रस्तावित अभियुक्त को नोटिस भेजा जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा की इस विधिक स्थिति को देखते हुए बिना विपक्षी संख्या एक (राहुल) को नोटिस जारी किए मामले को निर्णित करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तिथि नियत की है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक निवासी याची एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर न्यायालय ने शुक्रवार को राहुल गांधी के विरुद्ध कथित दोहरी नागरिकता के मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना का आदेश ओपन कोर्ट में डिक्टेट किया था।

**सियासत** | बंगाल में गरजे मुख्यमंत्री योगी, टीएमसी पर बोला तीखा हमला, भाजपा प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट

# पश्चिम बंगाल में भी लव जिहाद व लैंड जिहाद पर लग जाएगी रोक : योगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में शनिवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोरदार हुंकार भरी। माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला और भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा।

मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, टीएमसी और अन्य दल महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों की पैरोकारी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने आधी आबादी को उनका हक देने में बाधा डाली, जो महिलाओं का अपमान है। योगी ने पश्चिम बंगाल की मौजूदा अराजक स्थिति के लिए टीएमसी को दोषी ठहराते हुए ऐलान किया कि ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। योगी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर यूपी की ही भांति पश्चिम बंगाल में भी लव जिहाद व लैंड जिहाद पर रोक लगा दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि मानुष टीएमसी की गुंडागर्दी से भयभीत है। साथ ही दावा किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और उद्योग-धंधे ठप हो रहे हैं। किसान पलायन करने को विवश है। टीएमसी के 15 वर्ष के कार्यकाल में सात हजार से अधिक बड़े कारखाने बंद हुए। केंद्र सरकार विकास के लिए जो पैसा देती है, वह जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचता। यह पैसा तृणमूल के गुंडे व बांग्लादेशी घुसपैठिए खा जाते हैं। सैंड माफिया, बागान माफिया सभी आपके हक पर डकैती डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के पास अब परिवर्तन का अवसर है और भाजपा की सरकार बनने पर विकास को गति मिलेगी। ममता दीदी को तो हिंदुओं व जय श्रीराम के उद्घोष से चिढ़ है।



पश्चिम बंगाल के माथाभांगा जिला कुचबिहार विधान सभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने बांग्ला में किया संवाद

जनसभाओं में मतदाताओं से बांग्ला भाषा में संवाद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमार सोनार बांग्ला (हमारा सोने जैसा बंगाल), जनता ने जवाब दिया- टीएमसी मुक्तो बांग्ला (टीएमसी मुक्त बंगाल)। सीएम ने कहा, ऑन्धकार, जनता बोली- हटबे, मुख्यमंत्री ने कहा- सूरोज, जनता बोली- उगेबे, सीएम बोले- कोमोल, जनता ने कहा- खिलबे (अंधेरा-हटेगा, सूरज-उगेगा, कमल-खिलेगा)। मुख्यमंत्री ने यह कहकर अपनी बात संपन्न की- पलटानो दोरकार (परिवर्तन की जरूरत), इसका भी जनता ने उत्तर दिया- चाई बीजेपी सोरकार (चाहिए भाजपा सरकार)। जनसमूह ने कई बार अपने दोनों हाथ उठाकर इसे दोहराया।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रकवि दिनकर की पुण्यतिथि पर 'रश्मिरथी पर्व' 24 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में 24 से 26 अप्रैल तक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'रश्मिरथी पर्व' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। शनिवार को लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रकवि दिनकर स्मृति न्यास, नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्य विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। 24 अप्रैल को दिनकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इस दिन 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का लोकार्पण और दानवीर कर्ण के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 5 :30 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होंगे।

### कन्या सुमंगला योजना से 27 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार की 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' प्रभावी साबित हो रही है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के तहत अब तक 27 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिल चुका है। साल 2019 में शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत अब तक 674 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर की जा चुकी है। योजना के तहत बालिका को जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक छह चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उनके भविष्य को मजबूत आधार मिल रहा है। योजना का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। पीएफएमएस के जरिए धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना नहीं रहती। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है और अधिकतम दो बालिकाएं ही पात्र होती हैं। योजना के तहत जन्म पर 5 हजार, टीकाकरण पर 2 हजार, कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश पर क्रमश: 3-3 हजार और 5 हजार रुपये तथा उच्च शिक्षा में प्रवेश पर 7 हजार रुपये की सहायता दी जाती है।

### महिला आरक्षण बिल पर भाजपा की बदनीयत की हार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जनता के बढ़ते विरोध और



आक्रोश से ध्यान हटाने के लिए साजिशन लाए गए 'महिला आरक्षण बिल' की हार भाजपा की हार है। ये भाजपा की बदनीयत की भी हार है। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा का हर प्रयास, हर बिल या तो कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए होता है या समाज को बांटने का छल-छलावा होता है। इस बार भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की एकता ने भाजपाई मंसूबों को धूल चटा दी। ये भाजपा के खिलाफ देश की सक्रिय हो चुकी जन चेतना की जीत है, जिसका प्रतिनिधित्व देश का विपक्ष कर रहा है। भाजपा ने सरकार में बने रहने का नैतिक आधार खो दिया है। कहा कि जो लोग परिवार को नकारते हैं, वे लोग दूसरी तरह से परिवार की धुरी मतलब महिला को नकारते हैं।

# योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, बंगाल की सड़कों पर गूंजे जय श्रीराम के नारे

## मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट, लोगों ने घरों की छत पर खड़े होकर किया जोरदार स्वागत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/बांकुड़ा

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में जनसैलाब उमड़ पड़ा। 'बुलडोजर बाबा' के नाम से चर्चित सीएम योगी को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। पूरे रोड शो के दौरान 'देखो-देखो कौन आया, शेर आया' और 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे।

सीएम योगी ने शनिवार को बांकुड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीलाद्रि शेखर दाना के समर्थन में जनसमर्थन मांगा। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'योगी-योगी' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। रोड शो के दौरान सीएम योगी ने हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा को समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में जनता का आभार जताते हुए कहा कि बंगाल का उत्साह बदलाव का संकेत दे रहा है।



पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो करते मुख्यमंत्री योगी।



मुख्यमंत्री योगी को देखने के लिए सड़कों पर उमड़ा लोगों का हुजूम। अमृत विचार

सीएम योगी की एक झलक पाने के लिए महिलाएं और बच्चे घरों की छतों पर खड़े नजर आए। कई लोग मोबाइल से वीडियो और तस्वीरें बनाते दिखे। मुख्यमंत्री ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखते हुए इसे भाजपा के लिए अहम राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# संदिग्ध आतंकियों का मुख्य साथी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## विदेश में बैठकर सोशल मीडिया पर संचालित कर रहा था नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मैजुल समेत अब तक गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार**

**अमृत विचार:** आतंकी संगठन आईएसआईएस का देश में नेटवर्क खड़ा करने व देश में हिंसात्मक आंदोलन की साजिश रचने वाले गिरोह के मुख्य सदस्य मैजुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर पुलिस ने आरोपी मैजुल को इंदिरागांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। मामले में आकिब, मैजुल और आजाद के खिलाफ बिजनौर के नागल थाने में एफआईआर दर्ज है। यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उबैद मलिक, जलाल हैदर और समीर को गिरफ्तार किया गया था। असलहों के साथ वीडियो में दिख रहे आकिब, आजाद और मैजुल विदेश में रह रहे हैं। इन तीनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मैजुल मूलतः बिजनौर के नांगल स्थित सौफतपुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में दक्षिणी अफ्रीका में रहकर सोशल मीडिया के माध्यम से देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इसके लिए करीबी सदस्य नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने की फिराक में थे। एडीजी कानून-व्यवस्था ने बताया कि मैजुल शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा हिरासत में



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी मैजुल।

लेने के बाद सूचना दी गई। नांगल पुलिस के पहुंचने पर अथॉरिटी ने सुपुर्द किया। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नवंबर 2025 में नांगल में दर्ज एफआईआर में की गई है। 23 नवंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वायरल वीडियो में आकिब अपने साथियों के साथ लाइव आकर हाथियारों का प्रदर्शन रक रहा था। जिसे मैजुल ने अपनी प्रोफाइल से पोस्ट की थी। जांच में सामने आया कि इस वीडियो में मैजुल, आकिब, आजाद और उवैद मलिक सहित चार लोग शामिल थे। मामले में पुलिस ने पहले ही उवैद मलिक और जलाल हैदर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, मैजुल, आकिब और आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में 15 अप्रैल को समीर उर्फ रूहान को भी गिरफ्तार किया गया था। समीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम से जुड़ा है। उसके मोबाइल से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित साक्ष्य मिले थे। पुलिस व एटीएस की टीम मैजुल के पास से बरामद मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की जांच शुरू कर दी है। ताकि उससे मिले सुराग के आधार पर अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **एसटीएफ ने कानपुर के नौबस्ता से दबोचा, कई दस्तावेज बरामद**

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने शेयर बाजार में निवेश पर मोटा मुनाफा दिलाने और डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह के दो सदस्यों को कानपुर के नौबस्ता से शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों के डेबिट और क्रेडिट कार्ड, ब्लैंक चेक, बैंक दस्तावेज, नकदी, दो आईफोन और कई बैंक खातों के लेन-देन से जुड़े स्क्रीनशॉट बरामद किए हैं।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शुधांशु शेखर के मुताबिक पकड़े गये आरोपी



पकड़े गए ठगी के दोनों आरोपी।

पंजाब के फजिल्का स्थित सिटी अबोहर के स्ट्रीट नंबर नई आबादी का करन कसेरा और नई आबादी बड़ी पौड़ी का गुलशन शामिल है। डिप्टी एसपी के मुताबिक कुछ दिनों से यूपी को म्यूल खातों का प्रयोग कर श्रीलंका व ब्रिटेन समेत दर्जनों देशों के नंबर व पहचान का प्रयोग कर टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये गिरोह बनाकर भारतीय नागरिकों को शेयर बाजार में निवेश व डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की जा रही है। जानकारी होने पर टीम ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह गिरोह म्यूल खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर कर छिपाता था। अब तक इस गिरोह के खिलाफ देशभर में 650 से अधिक ऑनलाइन शिकायतें मिल चुकी हैं और विभिन्न राज्यों में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि दोनों अभियुक्त थाना नौबस्ता, कानपुर नगर में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे थे।

### सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा में शामिल हुए 19,718 अभ्यर्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) के अंतर्गत 17 विषयों की पुनर्परीक्षा शनिवार को प्रदेश के 53 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से सम्पन्न हो गई। इस परीक्षा में कुल 19,718 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 41.35 प्रतिशत महिला और 58.65 प्रतिशत पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग के एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की लाइव निगरानी की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सचिव, परीक्षा नियंत्रक और उपसचिव की मौजूदगी में एआई कैमरों के जरिए परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।

# परशुरामपुरी का 18 करोड़ रुपये से हो रहा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/शाहजहांपुर

- **जुलाई 2026 तक सौंदर्यीकरण पूरा होने की उम्मीद**

**अमृत विचार:** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शाहजहांपुर स्थित परशुरामपुरी एक बार फिर श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन गई है। उनकी जन्मस्थली मानी जाने वाली यह पावन भूमि हर वर्ष जयंती पर श्रद्धालुओं से गुलजार हो उठती है।

अब इस ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल को नई पहचान देने के लिए प्रदेश सरकार ने व्यापक विकास कार्य शुरू किए हैं। पर्यटन विभाग की ओर से करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और कायाकल्प कराया जा रहा है, जिसमें से अब तक 11 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार यह परियोजना जुलाई 2026 तक पूरी होने की संभावना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि परशुरामपुरी, जो पहले जोगीखेड़ा और जलालाबाद के नाम से जानी जाती थी, अब अपनी मूल पहचान में लौट रही है। परियोजना के तहत सत्संग भवन, मल्टीपर्पस हॉल, मंदिर मंडप, पार्किंग, डॉरमेट्री, ट्रस्ट कार्यालय और पुजारी कक्ष बनाए जा रहे हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री मोदी 29 को हरदोई से करेंगे लोकार्पण

- **मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे 12 जिलों को जोड़ेगा**

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरदोई में किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह मेगा परियोजना प्रदेश के बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है।

594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुडापुर दांदू गांव तक जाएगा। इससे पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा संभव होगी। यह एक्सप्रेसवे मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज सहित 12 जिलों को जोड़ेगा। इससे 500 से अधिक गांवों में आर्थिक गतिविधियां तेज होने की उम्मीद है।

गंगा एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे राज्य की स्थिति और मजबूत होगी। बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इससे नए औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों को अपने उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, वहीं प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होने से पर्यटन को भी गति मिलेगी। गंगा एक्सप्रेसवे को प्रदेश के आर्थिक विकास का नया इंजन माना जा रहा है।

# सोलर क्रांति में लखनऊ सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**पीएम सूर्य घर योजना**

- **सूरत को पछाड़कर बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड**
- **रूफटॉप संयंत्रों की कुल संख्या 87 हजार के पार**



**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाते हुए देश में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में चल रहे अभियान और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभाव से यह उपलब्धि संभव हो सकी है।

उप्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) के निदेशक इंद्रजीत सिंह के अनुसार, लखनऊ में अब तक 87,000 से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जो किसी भी जिले में सबसे अधिक हैं। वहीं 15 अप्रैल तक चालू वित्तीय वर्ष में 3,133 नए संयंत्र लगाए गए हैं, जिससे लखनऊ ने सोलर अपनाने में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। जो कि अभी तक सूरत के नाम था।

विशेषज्ञों के मुताबिक, शहरी क्षेत्रों में इंडक्शन कुकटॉप और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली बिल कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर ऊर्जा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। रूफटॉप सोलर सिस्टम न केवल दीर्घकालिक बचत दे रहे हैं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी बढ़ा रहे हैं।

# 34 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पीक डिमांड 33 हजार मेगावाट पार होने का अनुमान**
- **सभी थर्मल यूनिट्स चालू, घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 तक होगी शुरू**
- **बिजली एक्सचेंज के जरिये पूरी की जाएगी अतिरिक्त मांग**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऊर्जा विभाग ने इस वर्ष पीक (अत्यधिक गर्मी के दौरान) मांग को ध्यान में रखते हुए लगभग 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की रणनीति तैयार की है।

ऊर्जा विभाग के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की मांग में तेजी से वृद्धि होती है। इस वर्ष जून में पीक डिमांड 33,375 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि मई और जुलाई में यह 31 से 32 हजार मेगावाट के बीच रह सकती है। इसे देखते हुए सभी नए थर्मल पावर प्लांट यूनिट्स को चालू कर दिया गया है। घाटमपुर, खुर्जा, पनकी, ओबरा और जवाहरपुर परियोजनाओं से



उत्पादन शुरू हो चुका है, जबकि घाटमपुर की तीसरी यूनिट 30 अप्रैल तक चालू हो जाएगी, जिससे आपूर्ति और मजबूत होगी।

पंकज कुमार (यूपीपीसीएल) के एमडी ने बताया कि पीक आवर्स में करीब 80 प्रतिशत बिजली की मांग पहले से किए गए लांग टर्म एमओयू के जरिए पूरी की जाएगी। वहीं शेष मांग पूरा करने को इंडियन एनर्जी एक्सचेंज, पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान पावर एक्सचेंज जैसे प्लेटफॉर्म से खरीदी जाएगी। इसके अलावा अन्य राज्यों के साथ 4,663 मिलियन यूनिट बिजली की बैंकिंग व्यवस्था भी की गई है, जिससे जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

**बढ़ते कदम** 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' में मुख्यमंत्री योगी का संदेश पढ़ा गया

# 25 हजार करोड़ के एमओयू से डेयरी क्षेत्र को नई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **10 हजार से अधिक पशुपालक कार्यक्रम में हुए शामिल**

**अमृत विचार :** उप्र. दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव 2026' का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पढ़कर सुनाया गया, जिसमें दुग्ध विकास को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया गया।

लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव में प्रदेशभर से करीब 10 हजार पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों और निवेशकों ने भाग लिया, जबकि लाखों लोग वेबकास्टिंग के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में स्वदेशी नस्ल के गोपालन और आधुनिक डेयरी तकनीक पर विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की।'नंद बाबा दुग्ध मिशन' के तहत अब तक 10 हजार से अधिक लाभार्थियों को करीब 84 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए। महोत्सव के दौरान डेयरी क्षेत्र में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 796 एमओयू निष्पादित हुए, जिससे लगभग 60 हजार रोजगार सृजित होने की



लखनऊ : दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में किए गए एएमयू दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

उम्मीद है। इसके अलावा 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के 59 नए एमओयू भी साइन किए गए, जिनसे 13 हजार अतिरिक्त रोजगार मिलेंगे। प्रदेश में 4 हजार से अधिक नई दुग्ध सहकारी समितियों के गठन से करीब 1.5 लाख दुग्ध उत्पादक लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम में पशुधन, दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों, उद्यमियों व अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

# प्रदेश में 1.03 लाख गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में मिला दाखिला

## आरटीई : नामांकन में लखनऊ अव्वल, दूसरे नंबर पर वाराणसी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार की पहल से वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 1,03,439 बच्चों का निजी स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जा चुका है। अभी नामांकन प्रक्रिया जारी है, ऐसे में आने वाले समय में यह संख्या और



बढ़ने की संभावना है।

जारी आंकड़ों के अनुसार लखनऊ 7,952 नामांकन के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके बाद वाराणसी (4,957), बुलंदशहर (4,154), बदायूं (3,599), मुरादाबाद (3,246) और आगरा (3,086) प्रमुख हैं। कानपुर नगर (2476), गोरखपुर (2352), अलीगढ़ (2320) और गाजियाबाद (2209) भी टॉप-10 में शामिल हैं।

ऑनलाइन प्रक्रिया से बढ़ी पारदर्शिता : सरकार ने आवेदन और चयन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार जुलाई तक चलने वाली प्रक्रिया में और अधिक बच्चों को जोड़ा जाएगा, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास को नई गति मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### जनगणना को लेकर नगर निगम ने तेज की तैयारियां

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में जनगणना-2027 को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जीजीआईसी परिसर में सुपरवाइजर और प्रगणकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में पूरा व मसौधा ब्लॉक की महिलाओं को भी शामिल किया गया। घर-घर जाकर सर्वे करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। परिवार के सदस्यों की संख्या, उम्र, शिक्षा, व्यवसाय व आवास की जानकारी जुटाने पर जोर दिया गया। डेटा को सटीक और त्रुटिरहित दर्ज करने के निर्देश दिए गए। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के अनुसार प्रशिक्षण का पहला चरण पूरा हो गया है। मोबाइल ऐप और निर्धारित फॉर्म के उपयोग की ट्रेनिंग दी गई। डेटा की गोपनीयता और शुद्धता को सर्वोपरि बताया गया। अब फील्ड सर्वे शुरू होगा।

### अमृत सरोवर में उतराता मिला युवक का शव

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ददेरा गांव में शनिवार सुबह गांव निवासी राजीव कुमार रावत (42) पुत्र स्व. रामजग का शव गांव के बाहर गहरे अमृत सरोवर में उतरता हुआ पाया गया। वो सरोवर के पास गया था और पैर फिसलने से गहरे पानी में लगा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकाला लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी और एक 16 वर्ष की बिटिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### भगवान परशुराम की जयंती आज

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड पूरा बाजार अंतर्गत अंजना गांव के बारात घर पर श्री हरि विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव रविवार को मनाया जाएगा। आयोजक घनश्याम मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में 15 विभूतियों को परशुराम योद्धा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

### 10 फाइलेरिया मरीजों को दी किट

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** चिन्हित फाइलेरिया रोगियों को सीएचसी में शनिवार को दवा और निशुल्क किट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी देव प्रकाश वर्मा, डॉ. अनुराग गुप्ता व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक आरके सिंह द्वारा बीमारी से ग्रसित निर्मला, सोना, पारसनाथ पाठक, श्यामा देवी, अनीता, सावित्री, दुखना, कुमारी व समोराजीदवा व किट उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शेष बचे चिन्हित लोगों को सोमवार को किट का वितरण किया जाएगा।

### 1.08 लाख बुजुर्गों को पेंशन का लाभ



**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक कुल 1,08,967 लाभार्थियों को 60,092.16 लाख रुपये की धनराशि वितरित की गई है। सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना बुजुर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करने और उनके सम्मानजनक जीवन यापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लाभार्थियों को हर तिमाही नियमित रूप से पेंशन राशि उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जा रही है।

### दीपोत्सव से पूर्व तैयार करें उपडाकघर

**अयोध्या, अमृत विचार :** डाक महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता ने शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि परिसर के समीप निर्माणाधीन अयोध्या धाम उपडाकघर भवन का निरीक्षण किया। कहा कि विश्व पर्यटन के मानचित्र पर सुशोभित धार्मिक नगरी में जनता/पर्यटकों को डाक सुविधा कि दृष्टि से विभागीय भवन बनवाया जाना अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि परिसर के समीप बन रहे अयोध्या धाम उपडाकघर को दीपोत्सव से पूर्व तैयार करने के निर्देश दिये। लखनऊ मुख्यालय के निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या नगरी आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को पैसे निकालने, डाक / मनी आर्डर भेजने व प्राप्त करने, सीबीएस, आधार नामांकन एवं एटीएम जैसी सुविधा से लाभान्वित किया जा सकेगा। अधीक्षक डाकघर एच के यादव, सहायक अधीक्षक ओमेश्वर, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्मी झोलाछाप को 20 साल की सजा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** गले का उपचार कराने आई मासूम से दुष्कर्म करने के आरोपी झोलाछाप को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 40 हजार जुर्माना भी हुआ।

फैसला विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से शनिवार को हुआ। पाक्सो के विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि घटना 15 मार्च 2023 की है। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी प्रेमचंद के घर नौ वर्षीय मासूम अपने गले का इलाज कराने आई थी। आरोप था कि मानपुर गांव निवासी प्रेमचंद उसे अपने घर के अंदर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने प्रेमचंद के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो की धाराओं के तहत आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

## स्मार्ट मीटर लगेगा, पोस्टपेड या प्रीपेड ये फैसला आपके हाथ

अयोध्या कार्यालय।

- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने दिया अधिकार, जबरन नहीं लगेंगे प्रीपेड मीटर
- अवर अभियंता रखेंगे उपभोक्ताओं का ध्यान



**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर पोस्टपेड या प्रीपेड स्मार्ट मीटर विकल्प चुनने का अधिकार उपभोक्ता को दिया है। अब जिले में स्मार्ट मीटर लगेंगे ,लेकिन वे प्रीपेड होंगे या पोस्टपेड,इसका फैसला उपभोक्ता को करना होगा। अवर अभियंताओं उपभोक्ताओं की दिक्कतों का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये गये हैं।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने एक अप्रैल 2026 को नई अधिसूचना जारी कर स्मार्ट मीटर नियमों में संशोधन किया है। नई व्यवस्था के तहत स्मार्ट मीटर लगवाना उपभोक्ता के लिये अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन प्रीपेड या पोस्टपेड स्मार्ट मीटर चुनने का अधिकार उपभोक्ता को दिया है। उपभोक्ता अब अपनी मर्जी के मुताबिक स्मार्ट मीटर लगवा सकता है। पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर में एक बार बिल आएगा और बकाया बिल पर आपको चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा। इनमें पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

### बिजली की खपत की ही रीडिंग करता है स्मार्ट मीटर

अधिकारियों का कहना है कि सबसे पहले तो बिजली उपभोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है, जिसका काम सिर्फ बिजली खपत की रीडिंग करना है। बिजली का टैरिफ रेट संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोग हर साल तय करता है। उसी के मुताबिक बिजली बिल बनता है। इस नए संशोधन के अनुसार, उपभोक्ता अब अपनी सुविधा से तय करेंगे कि उनको रिचार्ज करना है या महीने के अंत में बिल भरना है। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जब टेक्नीशियन आपके घर मीटर बदलने आए, तो उसे अपना काम करने दें।

### बिजली उपभोक्ता ये भी रखे ध्यान

मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि टेक्नीशियन का काम सिर्फ मीटर लगाना है। वह चाहकर भी आपके बिलिंग मोड (प्रीपेड या पोस्टपेड) में बदलाव नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। यह अधिकार केवल पॉवर कॉर्पोरेशन के पास है। कहा कि सभी को निर्देश दे दिए गए हैं। अब तो जो भी शिकायत आईं हैं उनका भी निस्तारण किया जा रहा है।

## पारा 41 पार, कड़ी धूप ले रही श्रद्धालुओं की परीक्षा

**रामपथ-धर्मपथ पर नहीं हैं छांव के इंतजाम, कड़ी धूप में कई किमी. पैदल चलकर भक्त पहुंच रहे राम मंदिर**

**ई-रिक्शा संचालन पर पहले से रोक, गोल्फकार्ट वसूलती मनमाना किराया, ई-बस बनीं सहारा**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में इन दिनों कड़ी धूप श्रद्धालुओं की आस्था की परीक्षा ले रही है। जिले में शनिवार को तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रामपथ व भक्तिपथ पर छांव के पर्याप्त इंतजाम न होने से श्रद्धालुओं को परेशान होना पड़ रहा है। इसका असर है कि श्रद्धालुओं से हमेशा भरी रहने वाले रामपथ व धर्मपथ पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा दिख रहा है। ज्यादातर श्रद्धालु सुबह व शाम के समय दर्शन पूजन कर रहे हैं।

पर्याप्त साधनों के अभाव में श्रद्धालुओं को धर्मपथ व रामपथ की करीब तीन किमी. की दूरी तय करने पड़ रही है। हाईवे स्थित साकेत पेट्रोल पंप से करीब एक किमी. की दूरी पर स्थित लता चौक तक पहुंचने के लिए साधन के नाम पर सिर्फ गोल्फकार्ट ही है, लेकिन इनका किराया अधिक होने के कारण आम श्रद्धालु इससे परहेज करते हैं। इसके चलते उन्हें यह पैदल ही दूरी नापनी पड़ती है। वहीं, लता चौक से राम मंदिर जाने के लिए सिटी ई-बस व गोल्फकार्ट की सेवा है। अधिकतर लोग सिटी ई-बस सेवा का ही प्रयोग करते हैं। इस मार्ग पर पहले स ही ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगी है।

वहीं, पैदल राम मंदिर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कड़ी धूप में पसीना बहाना पड़ रहा है। धर्मपथ से लता चौक व यहां से रामपथ होते हुए राम मंदिर व हनुमानगढ़ी तक जाने वाले मार्ग पर कहीं भी छांव के प्रबंध नहीं हैं। कुछ एक जगहों पर अस्थायी छाया की कोशिशें हुई हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। कड़ी धूप में खुली सड़कों पर चलते हुए भक्त पानी की बोतलें थामे आगे बढ़ रहे हैं। राम की पैड़ी पर कुछ श्रद्धालु गर्मी से बचने के लिए स्नान कर रहे हैं, लेकिन यह राहत क्षणिक ही साबित हो रही है।

ई-बस से शनिवार कोराम मंदिर जा रहे पंजाब के फिरोजपुर जिले से आए श्रद्धालु मोहन अरोरा, सीमा, निकिता आदि ने कहा कि गर्मी है, लेकिन भक्ति ठंडी नहीं हो सकती। रामनगरी को श्रद्धालु अनुकूल बनाने के लिए छांव, सस्ती और सुरक्षित परिवहन तथा बेहतर यातायात प्रबंधन की सख्त जरूरत है।



कड़ी धूप में लता चौक पर फोटो खिंचवाते श्रद्धालु। अमृत विचार



कड़ी धूप के चलते खाली पड़ा धर्मपथ, आसपास खड़े हैं खाली वाहन। अमृत विचार

### लोग बोले, पर्याप्त नहीं है सिटी ई बस की संख्या

रामपथ पर लता चौक से सहादतगंज तक के मार्ग पर वर्तमान में इस मार्ग पर 12 ई-बसों का संचालन हो रहा है। लेकिन लाखों श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आवागमन को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। वातानुकूलित बस होने के कारण स्थानीय लोगों व श्रद्धालुओं की यह पहली पसंद है। इसके चलते यह बसें हमेशा फुल रहती हैं। ई-बस में सवार अयोध्या निवासी ललित, प्रियांशु आदि का कहना है कि बसों की संख्या में कमी के चलते इसमें हमेशा भीड़ बनी रहती है। ई-बस सेवा के मैनेजर अनूप अवस्थी का कहना है कि भीड़ के अनुसार बसों के फेरे बढ़ाए जाते हैं। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास रहता है।

### वाटर स्प्रिंकलर से हो रहा सरयू जल का छिड़काव



श्रीराम जन्मभूमि पथ के पास स्पिंकलर से की जा रही पानी की बौछार।

रामनगरी में भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रमुख मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में वाटर स्प्रिंकलर के माध्यम से नियमित जल का छिड़काव कराया जा रहा है। स्प्रिंकलर मशीनों में पवित्र सरयू नदी का जल भरा जाता है और हल्की-हल्की फुहारें छोड़ी जा रही हैं। इससे न सिर्फ वातावरण में नमी घुलती है, बल्कि मार्गों पर उड़ रही धूल भी नियंत्रित हो रही है। नगर आयु जयेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक स्प्रिंकलर मशीन को नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस पहल से न केवल गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, बल्कि वायु गुणवत्ता में सुधार एवं धूल एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी सहायक हो रहा है।

### स्कूलों का समय बदलने की मांग

लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज धूप के कारण शिक्षक नेता अनूप द्विवेदी ने जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित एक पत्र में कहा कि दोपहर दो बजे तक बच्चों को स्कूल में बैठाना उनके स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। ऐसे मौसम में स्कूल का समय सुबह जल्दी करके सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर देना ज्यादा सुरक्षित और व्यावहारिक होगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने भी समय परिवर्तन की मांग की है।

## अब एसी ई-बस में कम किराए में करें सफर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम बस स्टेशन में करीब तीन माह से खड़ी नई 20 ई बसों को अयोध्या डिपो को सौंप दिया गया। इनमें से छह बसों को शनिवार को लखनऊ, प्रयागराज व गोंडा मार्ग पर चलाकर ट्रायल किया गया। हालांकि अभी कुछ ई बसों में फास्टैग की समस्या है, जल्द ही इसका समाधान कर इनका भी ट्रायल कर विधिवत संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

करीब दो माह से 20 नई बसों में रजिस्ट्रेशन आदि की समस्या के चलते इनका संचालन नहीं हो पा रहा था। इनमें से पांच-पांच बसों का संचालन प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर व लखनऊ मार्ग पर होना तय किया गया था। जनवरी माह में ही अयोध्या धाम बस स्टेशन पहुंची इन बसों को शुक्रवार को अयोध्या डिपो के हवाले किया गया, शनिवार को इनमें से दो-दो बसों को प्रयागराज, लखनऊ व गोंडा मार्ग पर चलाकर सफल ट्रायल किया गया। अयोध्या डिपो के एआरएम आदित्य प्रकाश के मुताबिक गोरखपुर में इन बसों का चार्जिंग स्टेशन न बन पाने के कारण अभी इस मार्ग पर संचालन नहीं हो सकता है। इसके चलते इस मार्ग पर चलने वाली पांच बसों को गोंडा मार्ग पर संचालित किया जाएगा। बताया कि रविवार से इनका विधिवत संचालन होगा। कहा कि पहले से संचालित आयसर की वातानुकूलित प्रीमियम बसों से इस वातानुकूलित ई-बसों का किराया कम होगा। अयोध्या डिपो से प्रयागराज के लिए चल रही आयशर की प्रीमियम एसी बस का किराया वर्तमान में 374 रुपये है, जबकि एसी ई बस का किराया 316 रुपये है, जो 58 रुपये कम है।




अयोध्या बस स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए खड़ी ई बस।

- अयोध्या डिपो को सौंपी गईं 20 नई बसें, प्रयागराज, लखनऊ व गोंडा मार्ग पर चलाकर किया गया ट्रायल
- वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर रूट पर होगा पांच-पांच ई बसों का संचालन

### यह है समय सारणी

प्रयागराज के लिए सुबह 5:30, 6:30, 7:30, 9:00 व 11 बजे संचालन होगा। वाराणसी के लिए सुबह आठ बजे से 12 बजे के बीच में हर घंटे पर यह बसें चलेंगी। लखनऊ के लिए सुबह छह बजे से 10 बजे तक हर घंटे पर बस उपलब्ध रहेगी। गोरखपुर के लिए भी सुबह सात बजे से 11 बजे तक हर घंटे पर यह सेवा उपलब्ध रहेगी।

### 134 शिकायतों में से मात्र तीन निस्तारित

**सोहावल, अयोध्या।** एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील समाधान दिवस हुआ। मौके पर 134 शिकायतें आई, इनमें से मात्र तीन का निस्तारण किया गया। दिवस में एसडीएम सविता राजपूत, तहसीलदार प्रदीप सिंह, नायब तहसीलदार रिशु जैन, एसपी ग्रामीण बलवंत आदि मौजूद रहे।

## ट्रायल के रूप में यलो जोन से हटाए गए 52 बैरियर

अयोध्या कार्यालय

- सुविधाओं व परेशानियों को देखने के बाद इस पर होगा स्थायी निर्णय

**अमृत विचार :** सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर काफी दिनों से चल रहे मंथन के बाद शनिवार को अयोध्या पुलिस ने यलो जोन में 52 स्थानों पर लगे बैरियर हटा दिए। हालांकि अभी इसे ट्रायल के रूप में देखा जा रहा है। इससे होने वाली सुविधाओं व परेशानियों को देखने के बाद इस पर स्थायी रूप से निर्णय लिया जाएगा।

ध्यान रहे कि अतिसंवेदनशील सुरक्षा व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे सबसे बड़ी समस्या मरीजों को श्रीराम अस्पताल पहुंचाना रहा है। रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक चार पहिया व ई रिक्शा वाहनों के प्रतिबंध के चलते स्थानीय लोगों को भी आवागमन में समस्या आती रही है। अयोध्या के प्रतिष्ठित पीठ हनुमत निवास के महंत द्वारा दिल्ली में आयोजित अयोध्या पर्व में इन समस्याओं को दिया गया वक्तव्य, सोशल मीडिया पर मिले समर्थन के बाद प्रशासन को इन व्यवस्थाओं पर ढील देने के लिए सोचने पर मजबूर कर दिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि यलो जोन के 52 बैरियरों को अस्थायी तौर पर शनिवार को हटाया गया है। इससे सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखने के बाद ही आगामी निर्णय लिया जाएगा।

## मॉक ड्रिल : एयरपोर्ट पर खतरा टला, पकड़े आतंकी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर शनिवार को बहु-एजेंसी आतंकवाद निरोधक मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डमी आतंकियों को पकड़ लिया। यह कार्रवाई यूपी एटीएस की टीम द्वारा प्रभावी रणनीति के तहत की गई, जिससे संभावित खतरे को समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया।

इस मॉक ड्रिल का परिदृश्य एयरपोर्ट के सिटी साइड क्षेत्र में एक काल्पनिक आतंकी हमले पर आधारित था। इसकी सूचना मिलते ही सीआईएसएफ की त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने डिप्टी कमांडेंट एवं सीएएसओ रवींद्र सिंह के नेतृत्व में और सहायक कमांडेंट रोहित ढाका के समन्वय में तुरंत मोर्चा संभाल लिया। प्रारंभिक स्तर पर स्थिति को नियंत्रित करने के बाद राज्य की अन्य एजेंसियों को अलर्ट किया गया।

सूचना मिलते ही यूपी एटीएस, यूपी पुलिस और इंटेलिजेंस ब्यूरो की टीमें मौके पर पहुंचीं और संयुक्त अभियान की कमान संभाली। समन्वित कार्रवाई के तहत डमी आतंकियों को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इसके बाद यूपी बीडीडीएस (बम निरोधक दस्ता) ने पूरे क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाते हुए बम जांच एवं निस्तारण की प्रक्रिया पूरी की।

राज्य स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग की टीमों ने तत्परता दिखाते हुए आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं और राहत कार्यों का अभ्यास किया, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। इस व्यापक मॉक ड्रिल में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, विभिन्न एयरलाइंस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभ्यास के दौरान मुख्य सुरक्षा अधिकारी दिव्यांश पांडेय के साथ एयरलाइंस प्रतिनिधि अकासा एयर के सुदर्शन सिंह, इंडिगो के विकास शर्मा और एयर इंडिया एक्सप्रेस के अभिजीत ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे। अभ्यास के समापन के बाद एक विस्तृत डिब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। जिसमें सभी एजेंसियों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में सुधार के बिंदुओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मॉक ड्रिल से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलती है।



मॉकड्रिल के दौरान डमी आतंकियों को गिरफ्तार करते सुरक्षा एजेंसी के जवान।

हालात | 25 नहीं 35 से 40 दिन लग रहे घरेलू एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करने में

## सिलेंडर डिलीवरी वाले रोज से गिनिए 25 दिन...

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती किल्लत और जमाखोरी रोकने के लिए मार्च में केंद्र सरकार ने बुकिंग नियम सख्त कर दिए। अब शहरी क्षेत्रों में एक सिलेंडर डिलीवरी के बाद दूसरे की बुकिंग के लिए कम से कम 25 दिन का इंतजार अनिवार्य है। साथ ही डिलीवरी के लिए डीएसी (डिलीवरी अथॉराइजेशन कोड) नंबर जरूरी कर दिया गया है, लेकिन इन नियमों के लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

बुकिंग के समय गणना में अनियमितता और डीएसी जारी होने में देरी से लोगों का रसोई का चूल्हा ठंडा पड़ने लगा है।अब यह समस्या सिर उठा रही है। शहर के विभिन्न इलाकों में सिलेंडर बुकिंग और डिलीवरी को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। निराला नगर की कोमल श्रीवास्तव बताती हैं, मार्च शुरुआत में बुकिंग की थी। पांच दिन बाद डीएसी नंबर आया। उसके छह दिन बाद सिलेंडर की डिलीवरी हुई,30 दिन से अधिक बीत गया है। दूसरा सिलेंडर बुक करा रहे हैं तो नहीं हो रहा। गैस डिलवरी करने वाले से पूछा तो कहने लगा सिलेंडर रिसिविंग वाले रोज से 25 दिन गिनिए। उन्होंने कहा कि ये तो 25 के बजाय 45 दिन बीत जा रहा है। घर में दो सिलेंडर हैं, लेकिन अब इंतजार करना पड़ रहा है।

देवकाली के राजू ने बताया कि 25 दिन पूरे होने पर बुकिंग की, लेकिन 24 घंटे में डीएसी का मैसेज नहीं आया। तीन दिन बाद डीएसी आया। इसके बाद सिलेंडर आया। मुझे पहला सिलेंडर बुक कराए 35 दिन बीत गए। अब डिलीवरी वाले दिन से 25 दिन का इंतजार कर रहा हूं। नियावां की अनीता ने बताया कि पहले 24 घंटे में डीएसी आ जाता था, अब कनेक्शन नंबर का मैसेज आता है और डीएसी तीन-चार दिन बाद, जिस दिन डीएसी मिलता है, उसके बाद डिलीवरी के दिन से 25 दिन जोड़ रहे हैं। अगर ऐसा ही चला तो 45 से 50 दिन लग जाएगा। वहीं जिले के उपभोक्ता मांग कर रहे हैं कि बुकिंग के दिन से ही 25 दिन का अंतराल गिना जाए, ताकि अनावश्यक देरी न हो।



- डिलीवरी के लिए डीएसी (डिलीवरी अथॉराइजेशन कोड) नंबर जरूरी

> नियम कुछ ऐसा ही है। डीएसी नंबर जारी होने वाले दिन से नहीं बल्कि जिस दिन डिलीवरी हो रही है उस दिन से 25 दिन जोड़े जा रहे हैं। -बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने में आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर पड़ोसी किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। यह आदेश अपर जिला फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम हरेंद्र नाथ की अदालत से हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश चंद्र देवरस ने बताया कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली किशोरी के बगल आरोपी राजन का घर है। तीन-चार वर्ष पूर्व पीड़िता और राजन के बीच प्रेम संबंध हुआ और राजन ने पीड़िता से शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता ने शादी करने को कहा तो इनकार कर दिया और कहा कि तुम जैसी लड़कियों के साथ में शादी नहीं करूंगा किसी धनी मां-बाप की लड़की से शादी करूंगा जहां ज्यादा दहेज मिलेगा। इसके बाद पीड़िता को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट में जमानत अर्जी ना मंजूर कर दी।

### जानलेवा हमले में मुख्य आरोपी को जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र हल्कारा पुरवा गांव में राम प्रसाद निषाद व उनके परिवार जनों पर जान से मारने की नियत से बेलचक, टेंगारी, फावड़ा से प्राणघातक हमला करने के मामले में मुख्य आरोपित राजितराम यादव की जमानत अर्जी मंजूर हो गयी है। यह आदेश जिला जजरणंजय कुमार वर्मा ने दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता अनरूद्ध यादव दिलीप कुमार यादव ने जोरदार पैरवी किया। अभियोजन पक्ष की मुताबिक 3 अप्रैल 2026 को दिन के 11 बजे राम प्रसाद निषाद के भाई रामभजन अपने अर्धनिर्मित मकान में गेट लगवाने के लिए पिलर खड़ा कर रहे थे तभी विपक्षीगण आये और जान से मारने की नियत से सुनील कुमार निषाद के सिर पर टेंगारी से व परिवार के लोगों पर बेलचक, फावड़ा व लाठी डंडा से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उन लोगों को गम्भीर चोटें आयीं। चोटहिल की तहरीर पर गम्भीर अपराधों में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाद में पीटा, केस

**सोहावल, अयोध्या।** बच्चों के मामूली विवाद में दबंगों ने युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस को दी तहरीर में सुचितागंज चौकी के सामने निवासी संगीता सिंह ने बताया कि उनका पुत्र मंगल सिंह जनसेवा केंद्र गया था। रास्ते मे भुलई का पुरवा निवासी मोहम्मद युसुफ के बच्चों के साथ विवाद मामूली विवाद हुआ। घर वापसी के दौरान युसुफ ने अपने पुत्र मो. रनि व शफीक के साथ मंगल पर हमला बोल दिया और उसे दौड़ा-दौड़ा कर डंडों से पीटा। थाना प्रभारी लाल चंद सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### डॉ. आंबेडकर के योगदान को देश हमेशा रखेगा याद

**बड़गांव, अयोध्या। अमृत विचार:** सोहावल तहसील की ग्राम पंचायत सारगापुर के मजरे रूकूपुर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मनाई गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र गोस्वामी ने कहा कि देश भारतीय संविधान के शिल्पकार, विद्वान शिक्षाविद, ''भारत रत्न'' डॉ. आंबेडकर के योगदान को हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में आयोजक शिक्षक फूलचंद्र रावत, राकेश रावत, विजय रावत, शिक्षक देव कुमार सहित क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

### खनन की शिकायत करने पर पीटा

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रौहारी निवासी युवक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा अवैध खनन की शिकायत प्रशासन से करने पर दबंगों द्वारा मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित ने हैदरगंज थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### विद्यालय समय परिवर्तन की उठी मांग

**अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज धूप के कारण स्कूली बच्चों के विद्यालय समय परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने जिला अधिकारी को इस संबंध में ईमेल भेजा है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने जिला प्रशासन से अपील की है कि विद्यालयों के समय में आवश्यक संशोधन किया जाए।

### दलित परिवार पर हमला, मुकदमा दर्ज

**सोहावल, अयोध्या।** रौनाही थाने की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद बड़ागांव के मजरे कैथानी में रंजिश के चलते दलित परिवार के साथ मारपीट, गाली-गलौज हाथ तोड़ देने धारदार हथियार से से प्रहार करने और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। जांच अधिकारी क्षेत्राधिकारी (सीओ) सदर अरविंद सोनकर ने बताया कि पीड़ित प्रेमचंद पुत्र सुरेंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अरोपी मुस्तकीम, जुबैर, शहजादी, सैयक, आमिर, भोलू, अल्मा समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीओ सदर ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# राम मंदिर के 60 अर्चकों के लिए आए 500 आवेदन

## नया प्रशिक्षण वर्ग शुरू, निर्धारित शर्त को पूरा करने वाले वालों का होगा चयन

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** राममंदिर में 60 नए अर्चकों की आवश्यकता के अनुसार नया प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ के दिया गया है। इसके लिए छह माह पूर्व प्राप्त आवेदन की जांच की जा रहा है। इसमें अयोध्या निवासी आवेदनकर्ता को वरीयता मिलेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के धार्मिक समिति के माध्यम से निर्धारित शर्त को पूरा करने वालों का चयन किया जाएगा।

राम मंदिर परिसर में राम मंदिर के भूतल पर रामलला और प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। परकोटा में छह देवी-देवताओं की भी प्रतिष्ठा कराई गई है। इसके अलावा कुबेर टीला, शेषावतार मंदिर और ऋषि मुनियों के मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया गया है। जहाँ पुजारियों का दल अलग-अलग स्थान पर पूजन-अर्चन और अन्य परम्पराओं को पूरा करेंगे। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अर्चकों को भर्ती करने के लिए छह माह का प्रशिक्षण वर्ग शुरू किया है। जिसमें चयनित अभ्यार्थियों को आचार्यों की टीम रामानंदीय परंपरा के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करेगी।


राम मंदिर परिसर में अर्चकों के साथ मौजूद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा गठित धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि सभी मंदिर खोल दिए गए हैं। इसके लिए अभी 60 और अर्चक चाहिए। वर्तमान में 30 लोग ही तैनात है। इसलिए नए लोगों को ट्रेनिंग देने की योजना बनी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ही आवेदन मांगे गए थे। जिसमें अयोध्या, काशी, बस्ती, प्रयागराज समेत अवध क्षेत्र के करीब 500 लोगों ने आवेदन किया है। अब पत्रावलियों की जांच की जा रही है। धार्मिक समिति अर्चकों का चयन कर साक्षात्कार के लिए बुलायेगी। साक्षात्कार के बाद चयनित 60 अर्चकों को छह माह तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## छोटी देवकाली मंदिर में नौ दिवसीय मां जानकी जन्मोत्सव शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी के मठ मंदिरों में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय माता जानकी के जन्मोत्सव का शुरू हो गया है। शक्तिपीठ मां छोटी देवकाली मंदिर में दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ उत्सव को भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां जानकी जनकपुर से अपने साथ मां गौरी को लेकर आई थीं। जहां सप्त सागर कुंड के पास उन्हें स्थापित कर पूजन करती थीं। प्राचीन काल से इस ऐतिहासिक स्थल पर उत्सव मनाए जाने का कार्य हो रहा हैं। आज भी श्री छोटी देवकाली समाज के द्वारा इस परंपरा का निर्वह्न किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 अष्टमी तिथि को रथयात्रा और 25 अप्रैल नवमी तिथि को भव्य झांकी का आयोजन लोगों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। श्री देवकली समाज समिति के महामंत्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार से दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रारंभ हुआ है, जो नौ दिनों तक चलता रहेगा।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की दो नवीनीकृत शाखाओं का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से रामनगरी में ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो प्रमुख शाखाओं के नवीनीकृत परिसरों का उद्घाटन बैंक के चेयरमैन यादव श्रवण ठाकुर द्वारा किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पालोड ने बताया कि उद्घाटन के लिए चयनित शाखाओं में फैजाबाद मुख्य शाखा एवं अयोध्या मुख्य शाखा शामिल हैं। दोनों शाखाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को अधिक सुगम, तेज एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं मिल सकें। बैंक के चेयरमैन एस ठाकुर के अनुसार, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख बैंक है, जिसका कुल व्यवसाय लगभग 2.30 लाख करोड़ रुपये का है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी 4330 शाखाएं संचालित हैं, जो इसे राज्य के अन्य बैंकों की तुलना में शाखाओं की संख्या के मामले में अग्रणी बनाती हैं। इस अवसर पर एलडीएम गणेश शंकर यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पालोड, नवागत क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार जैन, शाखा प्रबंधक अनुज तिवारी, एके.श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## आग से जली चार घरों का सामान व चार बीघा गेहूं की फसल जली

**पूराबाजार, अयोध्या।** पूराबाजार स्थित मयाभीखी गांव के सीवान में शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग से चार बीघे गेहूं की फसल, पराली व चार वनराजा परिवारों की गृहस्थी का सामान जल गया। शारदा सहायक नहर के बगल लाला के पुरवा से लगी आग लगभग एक किमी. दूर परसपुर गांव तक पहुंच गई। जहां ओम प्रकाश का तीन बीघा व मुस्ताक का एक बीघा गेहूं तथा लगभग पांच सौ बीघे की पराली जलकर राख हो गई। वहीं परसपुर वनराजा बस्ती में विमला पत्नी राजाराम, पिंका पत्नी रविशंकर की गृहस्थी का सामना जल गया। लक्ष्मी पत्नी अर्जुन व सुमित्रा पत्नी छटंकी का छप्पर आग की भेंट चढ़ गया। सूचना के काफी देर बाद जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक सब कुछ राख हो चुका था। हल्का लेखपाल अमन वर्मा ने पहुंचकर क्षति का आंकलन किया। प्रधान प्रतिनिधि करुणेश प्रताप सिंह ने खाद्यान्न व आवश्यक चीजें उपलब्ध कराते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## आग लगने से 10 बीघा गेहूं की फसल राख

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव के मजरे लोधे उपाध्याय पूरवा से होकर गई हाई टेंशन की तार के शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। प्रधान नदीम मलिक ने बताया कि आग की चपेट में आकर महेश पांडेय, सुरेश, बीरेंद्र, गोरखनाथ, जोखन लाल की करीब 10 बीघा फसल जल गई। हल्का लेखपाल विश्वनाथ प्रताप ने बताया रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

# बिगड़ी कंबाइन मशीन में लगी आग, 50 बीघा गेहूं जला

**सोहावल, अयोध्या**

**अमृत विचार।** तहसील सोहावल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर धौराहरा में शनिवार को गेहूं कटाई के लिए आई कंबाइन मशीन को मैकेनिक द्वारा ठीक करते समय अचानक मशीन में आग लग गई। आग की चपेट में आने से करीब 50 बीघा गेहूं की फसल जल गई। साथ ही आग की चपेट में आकर दो बाइक व एक ट्रैक्टर भी जल गया। घटना शनिवार दोपहर लगभग दो बजे की है।

सत्येंद्र सिंह का 15 बीघा, नरेन्द्र सिंह का 15 बीघा, अखिलेश सिंह का 10 बीघा, शिव शंकर सिंह का 5 बीघा और राम कृपाल सिंह का 5 बीघा गेहूं की फसल जलने का अनुमान है। सूचना पर एसडीएम सविता राजपूत, सीओ सदर अरविंद सोनकर, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज, चौकी इंचार्ज सत्ती चौरा सत्यम अग्रवाल मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंचे दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया। एसडीएम ने बताया कि राजस्व टीम द्वारा किसानों के फसल की हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है।


रामनगर धौरहरा में कंबाइन मशीन में आग लगने से जली फसल।


हैदरगंज के बैंतीकला गांव में आग से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

## आग से गेहूं की फसल राख

**हैदरगंज, अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के गांव बैंतीकला में शनिवार दोपहर गांव के बाहर पूरब दिशा में अचानक गेहूं के खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने लगभग 60 बीघा गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया। प्रधान अनिल सिंह की सूचना पर पहुंची हैदरगंज की पुलिस, दमकल कर्मियों की टीम तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक पूरी फसल और मड़ाई के बाद बनने वाला भूसा जलकर राख हो गया। आगजनी घटना में लक्ष्मी दुबे, सुनील सिंह, भोला दुबे आदि किसानों का काफी नुकसान हुआ है। बीकापुर नायब तहसीलदार रामखेलावन ने बताया कि मौके पर राजस्व कर्मियों की टीम को भेजा गया है। नुकसान का आंकलन कर नियमानुसार अहेतुक सहायता दी जाएगी।

## एलीट स्टार व स्पोर्टन क्लब अंतिम चार में

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** अनित सिंह मेमोरियल रुल आउट (सीबीपीएल) प्रीमियर लीग टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को एलीट स्टार व स्पोर्टन क्लब ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर अंतिम चार में स्थान बना लिया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज कन्नौजिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन किया।

रिकाबगंज स्थित स्काई स्टेडियम में चल रही नाइट सीबीपीएल प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल एलीट स्टार व फ्रीडम फाइटर टीमों के बीच खेला गया। एलीट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर हुहगौतम के 30 रनों की मदद से 58 रन बनाये। फ्रीडम के आसिफ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिये। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए फ्रीडम टीम 48 रनों पर सिमट गई और एलीट स्टार ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में कब जायंट टीम ने पहले खेलते हुए मनोज के 14 रनों की बदौलत 53 रन बनाये। जवाब में जीत के लिए 54 रनों का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी स्पार्टन टीम ने पांच विकेट शेष रहते मैच जीत कर अंतिम चार में प्रवेश कर लिया। इस मौके पर निदेशक सैय्यद सुबहानी, डॉ. रजनीश, आयोजन अध्यक्ष दीपेंद्र श्रीवास्तव, शुभ, आयत, मजीद, प्रिंस सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज कन्नौजिया।

- अनित सिंह मेमोरियल रुल आउट (सीबीपीएल) प्रीमियर लीग टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता

# गैरहाजिर पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

- सीसीटीवी की निगरानी में होंगे जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें तय किया गया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अब सीसीटीवी की निगरानी में होंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में गैर हाजिर रहे अधिशासी अधिकारी भदरसा, माँ कामाख्या एवं सुचित्तागंज सहित अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी सीडी-4 एवं अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अब शिशु अमृत, शिशु आहार, बाल पुष्टिकर, सम्पूर्ण मातृ आहार, आरोग्य पोषण, बाल संजीवनी तथा सक्षम पोषण ब्राण्ड नाम ये रेसेपी बेस्ड पोषाहार की आपूर्ति आंगनबाड़ी केन्द्रों पर की जायेगी। यह आपूर्ति नेफेड द्वारा सीधे कार्यक्रम आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके मोबाइल पर संदेश देकर और ओटीपी सत्यापन के बाद कराई जायेगी। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों से खाद्यान्न उठान कराते हुए आंगनबाडी केन्द्रों पर प्राप्त कराने की मौजूदा व्यवस्था शासन के निर्देशानुसार समाप्त हो चुकी है। प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र को सर्वे के साथ मैप करने और जहाँ विभागीय भवन उपलब्ध नहीं है उन गांवों में विभागीय भवन के निर्माण में प्राथमिकता दिये जाने सम्बन्धी निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। कहा कि पूरी कार्यवाही 15 दिनों में पूरी की जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों के ऐसे बच्चे जो जुलाई, 2026 में छह वर्ष के हो जायेंगे, उन्हें निकटतम प्राथमिक विद्यालय में दाखिला कराने के निर्देश दिये।

## एसडीएम व सीओ से की कार्रवाई की मांग

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र के अमानीगंज में पत्रकार गिरजा प्रसाद शुक्ला पर 9 अप्रैल को हुए हमले में अब तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज पत्रकारों ने शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंगठन के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय स्थित मीडिया सेंटर पर बैठक की। घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। बैठक के बाद पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी सुधीर कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर मिल्कीपुर पीयूष से मिला। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जाए। सीओ और एसडीएम ने पत्रकारों को आश्वासन दिया है। तहसील अध्यक्ष वेद प्रकाश, प्रदेश सचिव नरसिंह, सत्य नरायन, विजय आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय कार्यशाला में दिए टिप्स

**अयोध्या।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षण गुणवत्ता सुदृढ़ करने के लिए दो दिवसीय एसआरजी और एआरपी कार्यशाला का आयोजन नगर के एक होटल में किया गया। इसमें संबंधित प्रमुख विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। बीएसए लाल चन्द्र ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकालय से संबंधित विभिन्न संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

**(नोटिस)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शुभांशी सिंह (SUBHANSHI SINGH) पुत्री मनोज सिंह (MANOJ SINGH), निवासी K-416, गणेशपुर रहमानपुर, चिनहट, लखनऊ (उ.प्र.) ने अपने नाम एवं पिता के नाम में अभिलेखीय त्रुटि के कारण संशोधन कराया है। पूर्व में मेरे शैक्षिक अभिलेख (इंटरमीडिएट मार्कशीट रोल नंबर- 23720162, CBSE बोर्ड 2024-25, सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल, लखनऊ) में मेरा नाम SUBHHANSHI तथा पिता का नाम MANOJ KR SINGH अंकित था, जो कि त्रुटिपूर्ण है। अतः अब से मेरा सही एवं वैध नाम शुभांशी सिंह (SUBHANSHI SINGH) तथा मेरे पिता का सही नाम मनोज सिंह (MANOJ SINGH) माना जाए। भविष्य में मैं इन्हीं नामों से जानी जाऊंगी। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को इस नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो, तो वे निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करें, अन्यथा इसे वैध एवं अंतिम माना जाएगा।

**दिनांक:** 18/04/2026 **स्थान: लखनऊ,**
**शपथकर्ता (शुभांशी सिंह)**



पीवीएस इंटर कॉलेज में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## शत-प्रतिशत उपस्थित व मेधावी बच्चे हुए पुरस्कृत

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में अंक पत्र वितरण के साथ शत प्रतिशत उपस्थित और सर्वाधिक अंक पाने वाले मेधावी 155 छात्र-छात्राओं पुरस्कृत व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामेंद्र नाथ तिवारी व स्कूल के बच्चों द्वारा स्वास्तिवाचन व स्वागत गीत से हुआ। विद्यालय के प्रबंधक एवं वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के मन में और अच्छा करने की ललक बनी रहती है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा नौ की छात्रा अंशिका एवं कक्षा सात की आराध्या ने किया। अध्यक्षता वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ मिल्कीपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं एसएस इंटर कॉलेज टकसरा के प्रबंधक श्रीचंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश चौबे, अधिवक्ता बालक राम यादव, अधिवक्ता प्रेमनाथ, भोलानाथ वर्मा, प्रेम प्रकाश पांडे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## साजिद अली चालक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में चालक संघ चुनाव संपन्न**

**कुमारगंज अयोध्या।**

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय चालक संघ का का वार्षिक सम्मेलन और सांगठनिक चुनाव शनिवार को हुआ। इसमें प्रसार निदेशालय के चालक साजिद अली को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी, सेवानिवृत्त चालक और वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में निर्विरोध सम्पन्न हुई। इसमें दीनानाथ-मंत्री, जय प्रकाश यादव-उपाध्यक्ष, सुमित पाठक-उप मंत्री, योगेंद्र सिंह-संयुक्त मंत्री, विक्रम सिंह यादव-प्रचार मंत्री, बृजेश सिंह-संगठन मंत्री व सलूक अहमद-कोषाध्यक्ष चुने गये। ऑडिटर पद पर विरेंद्र कुमार यादव और कार्यालय सचिव पद पर राम मूर्ति मौर्य को निर्विरोध चुना गया। चयनित कार्यकारिणी ने विजय कुमार उपाध्याय को संघ का संरक्षक चुना।

इससे पूर्व संघ का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नीरज कुमार, विशिष्ट अतिथि निदेशक प्रसार डॉ. राम बटुक सिंह, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रभारी अधिकारी वाहन डॉ. राज बहादुर व पूर्व प्रमुख कमलेश यादव उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय मुख्यालय समेत अन्य जनपदों में स्थित विश्वविद्यालय के केंद्रों पर कार्यरत चालक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


कृषि विवि में कार्यकारिणी के साथ चालक संघ के सदस्य। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत हड़िया विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांकरू मेमो/निविदा दिनांक17/04/2026

**अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत हड़िया विकास खण्ड छपिया गोण्डा में वित्तीय वर्ष 2026/27 में केन्द्रीय वित्त, 15वा,16 वा वित्त, राज्य वित्त, चतुर्थ वित्त, पंचम, 6वा वित्त, वी बी जी राम जी योजना, अंतर्गत निम्न कार्य
1.पक्की सड़क से वेद प्रकाश पाण्डेय के घर तक मिट्टी खड़ंजा कार्य 2.ग्राम पंचायत के इंटरलाकिंग से उमेश पाण्डेय के चक तक मिट्टी खड़ंजा कार्य 3.प्राथमिक विद्यालय हड़िया मे बाउंड्रीवाल पर चित्र लेखन कार्य 4. सूरज सिंह के चक से रिंकू सिंह के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य 5.इंडिया मार्का दो नल रिबोर और नल मरम्मत कार्य 6.ग्राम पंचायत मे विभिन्न स्थानों पर चबूतरा निर्माण ।7.ग्राम पंचायत मे विभिन्न स्थानों पर हुयूमपाइम नाली निर्माण,मृत्यु पशुओं का शव निस्तारण कार्य ।8.मानिक राम के चक से चिन्ता राम के चक तक खड़ंजा मरम्मत कार्य। ।
उपरोक्त कार्य हेतु सभी रजिस्टर्ड फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन के 3 दिन के अन्दर कुटेशन आमंत्रित की जाती है निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित हैं ।

ग्राम प्रधान सचिव



मॉक ऑफ अवध में कर्मियों को पंफलेट वितरित करते फायर कर्मी। अमृत विचार

## मॉल ऑफ अवध में आग से बचाव के गुर सिखाए

**अयोध्या, अमृत विचार।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को मॉल ऑफ अवध अंगूरीबाग अयोध्या में लोगों को आग से बचाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी फायर स्टेशन प्रदीप कुमार पांडेय व उनकी टीम ने उपस्थित स्टाफ व अन्य को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों व फायर सिस्टम के संचालन के तरीकों को बताया। मौके पर उनसे डेमो भी कराया गया। साथ ही जागरूकता संबंधित पंपलेटस वितरित किए गए। इस मौके पर मॉल ऑफ अवध के मालिक अतुल कुमार सिंह के साथ बब्बू सिंह प्रधान, आलोक पांडेय, पंकज पांडेय व दमकलकर्मी अतुल कुमार वर्मा, अवधेश कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार, आलोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**एनटीपीसी NTPC सूचना**

एनटीपीसी टांडा द्वितीय चरण विस्तारीकरण परियोजना से संबंधित ऐसे समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिन्होंने अभी तक अपना मुआवजा प्राप्त नहीं किया है, वे अपना भुगतान आबादी भूमि से संबंधित तहसील कार्यालय, टांडा तथा निजी भूमि से संबंधित एस.एल.ए.ओ. (SLAO) कार्यालय, अयोध्या से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सूचित करना है कि उनके सिंगल विंडो समाधान के लिए तहसील सभागार, टांडा, जनपद अंबेडकर नगर में दिनांक 24 से 25 अप्रैल 2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक एक कैंप का आयोजन भी किया जाएगा।

सभी पात्र भूस्वामी/मकान स्वामी अपने आवश्यक अभिलेखों (जैसे भूमि/भवन से संबंधित कागजात, पहचान पत्र, बैंक पासबुक आदि) के साथ संबंधित कार्यालयों में संपर्क कर अपना मुआवजा यथाशीघ्र प्राप्त करें।

एनटीपीसी-टांडा

**कार्यालय नगर पंचायत लम्भुआ, सुलतानपुर**

पत्रांक: 39 / न0पं0लम्भुआ0/नि0का0/2026-27 दिनांक: 18/04/26

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना/ नगरीय झील तालाब पोखर सरक्षण योजना राज्य वित्त आयोग/आकांक्षी नगर योजना से नीचे उल्लिखित विभिन्न निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव महोदय के पत्र संख्या 3890/नौ-5-19-14 (सं0)/2019-20 दिनांक 20 सितम्बर 2019 के कम में सिविल ठेकेदारों से दिनांक 21.04.2026 से दिनांक को समय 11. 05.2026 अपराहन 12: 30 तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12.05.2026 को अपराहन 12.00 बजे नगर पचायत लम्भुआ सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। 10 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, व आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी। निविदा शुल्क की धनराशि नगर पंचायत लम्भुआ के भारतीय स्टेट बैंक शाखा लम्भुआ वो खाता सं0-45100181012 IFSC Code: SBIN0011331 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत लम्भुआ, सुलतानपुर में रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 11.05.2026 को समय अपराह्न 03.00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

| ई-निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर | | |
|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई-निविदा की तिथि/समय | 21.04.2026 02:00 बजे |
| 02. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 21.04.2026 02: 30 AM |
| 03. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11.05.2026 12: 30 PM |
| 04. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | 12.05.2026 12: 00 PM |
| 05. | ई-निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि/समय | परीक्षाणोपरान्त |
| 06. | कार्य के निविदा स्कैन आर्नस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 11.05.2026 03:00 PM |

निविदा की नियम व शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

**(अमित कुमार सिंह)** अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत लम्भुआ, सुलतानपुर
**(अवनीश कुमार)** अध्यक्ष, नगर पंचायत लम्भुआ, सुलतानपुर

# छोटे-छोटे प्रयास से समाज में बड़ा बदलाव संभव : कुलपति

## कृषि विवि में एक्सट्रूईट एवं बेकरी खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कौशल ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। ये बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहीं। वह सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में "एक्सट्रूईट एवं बेकरी खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन" विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने विशिष्ट अतिथि उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक, अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह व अन्य ने जलभरो व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह साथ में उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, कुलपति डॉ. पीएस प्रमाणिक, कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह व अन्य।

कुलपति ने कहा कि विवि केवल क्लास तक ही नहीं बल्कि गांवों एवं समुदायों तक जाकर ज्ञान का प्रसार फैला रहा है। विशिष्ट अतिथि उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि श्रीअन्न का प्रयोग कर उत्पादों का मूल्यवर्धन करें और स्टार्टप तैयार करें। सरकार लघु उद्योग के लिए आर्थिक सहायता दे रही है जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। प्रशिक्षण का उद्देश्य ज्ञानवर्धन है, इसका प्रयोग महिलाओं को घर में करना चाहिए।

अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अनीशा वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। संचालन डॉ. श्वेता सचान ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जलवायु परिवर्तन के अनुकूल प्रजातियों को करना होगा विकसित : डॉ. संजय

उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने विश्वविद्यालय के अंदर चल रहीं विभिन्न परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। कहा की जलवायु परिवर्तन के अनुकूल प्रजातियों को विकसित करने के लिए कार्य करना होगा। इससे किसानों की पैदावार को कम नुकसान पहुंचेगा और स्थिरता के साथ-साथ लागत भी घटेगी। इस दौरान उन्होंने परियोजना के सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कहा कि उपकार की परियोजनाओं एवं ट्रेनिंग के माध्यम से किसान सशक्त बने हैं।

# माइनस मार्किंग मुद्दा गरमाया कॉलेजों ने भी जताई आपत्ति

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में माइनस मार्किंग के मुद्दे पर विवाद गहराता जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम तथा स्नातकोत्तर एमए, एमएससी आदि के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर की परीक्षाओं में पहली बार 1/3 अंक की नेगेटिव मार्किंग लागू करने का फैसला लिया था। इस कदम का सम्बद्ध महाविद्यालयों ने भी तीखा विरोध जताया है।

छात्रों और शिक्षकों का कहना है कि अचानक नेगेटिव मार्किंग लागू करने से परीक्षार्थियों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा। कई सम्बद्ध कॉलेजों ने लिखित आपत्ति दर्ज कराई है और इसे छात्रहित के विरुद्ध बताया है। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भी माइनस मार्किंग पर पुनर्विचार की मांग की है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने मामले पर विचार के लिए परीक्षा समिति की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, यदि सप्ताह भर के अंदर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आगामी सेमेस्टर परीक्षाएं प्रभावित हो सकती हैं। वहीं छात्र संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि माइनस मार्किंग पर अड़े रहे तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।



कार्यशाला में शामिल आईएमए अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव व अन्य चिकित्सक।

### चिकित्सकों ने ह्रदय सर्जरी की बारीकियों पर किया मंथन

**अयोध्या, अमृत विचार।** आईएमए द्वारा सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में सर्जरी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ के एक हॉस्पिटल में कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. विजयंत देवेनराज ने ह्रदय सर्जरी की बारीकियों को विस्तार से बताया। चिकित्सकों के प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अयोध्या के अध्यक्ष डॉ.आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यशाला के बाद नौ नये सदस्य नामित किए गये। जिसमें डॉ. धीरेन्द्र सचान, डॉ. रुचिका सचान, डॉ. राजकपूर मौर्या, डॉ. मानवी राज सिंह, डॉ. स्वपनिल, डॉ. आयुष, डॉ. अभय प्रताप सिंह व डॉ. पूजा सिंह शामिल है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यशाला के आयोजन से प्रसिद्ध चिकित्सक अपने अनुभव व जानकारी एक-दूसरे से साझा करते हैं।इससे नई जानकारियां भी निकल कर सामने आती है। मौके पर डॉ. सईदा रिजवी, डॉ. एफबी सिंह, डॉ. नानकसरन, डॉ. रजनीश वर्मा, डॉ.सुमिता वर्मा, डॉ. सीबी तिवारी, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. चितरंजन वर्मा, डॉ. वीरेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन ने हटवाया तालाब की जमीन से कब्जा, क्षतिपूर्ति वसूली का आदेश

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के ग्राम दौलताबाद में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाने के साथ ही कब्जा धारक से क्षतिपूर्ति वसूली का आदेश जारी किया है। बता दें कि दौलता बाद गांव निवासी प्रेमचन्द पुत्र जगरूप ने गांव स्थित तालाब के आंशिक भाग पर पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। इस संबंध में लेखपाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसकी पुष्टि राजस्व निरीक्षक द्वारा भी की गई। मामले में नियमानुसार नोटिस जारी किया गया, जिस पर प्रतिवादी द्वारा आपत्ति भी दाखिल की गई थी। हालांकि बाद की सुनवाई में बार-बार बुलाने के बावजूद प्रतिवादी या उसके अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए, जिसके चलते एकपक्षीय कार्यवाही की गई। अभिलेखों के अवलोकन के बाद सक्षम अधिकारी ने पाया कि संबंधित भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है और इस पर किसी प्रकार का निजी कब्जा अवैध है। आदेश में कहा गया है कि तालाब जैसी सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। आदेश के तहत प्रेमचन्द को 2375 रुपए क्षतिपूर्ति और 10 रुपए निष्पादन व्यय जमा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अवैध कब्जा हटाकर भूमि को ग्राम सभा के कब्जे में लेने के लिए राजस्व निरीक्षक को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की मदद का लिया संकल्प

**अयोध्या, अमृत विचार:** नाका बाईपास पर एक गेस्ट हाउस में भक्त प्रहलाद सेवा समिति व यूथ विंग की बैठक हुई। इसमें पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाज में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य व कन्याओं के विवाह में मदद करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर व विंग के अध्यक्ष विक्रम आहूजा ने की।



प्रभु झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते समिति के लोग। अमृत विचार

पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में समिति 45 महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देकर सहयोग करती है। समिति व विंग मई-जून माह में समर कैंप के माध्यम से सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला व सिंधी तीज त्योहार और खान पान को बढाने के लिए कार्यक्रमों को आयोजित करेगी। इससे पूर्व प्रभु झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और जय झूलेलाल का उदघोष लगाकर बैठक का शुभारंभ हुआ। समिति ने युवा व्यापारी राजीव मदान को शॉल ओढाकर समिति का सदस्य बनाया। बैठक में राकेश तलरेजा, राजकुमार मोटवानी, सुरेश पंजवानी, टीकम दास,राकेश वाधवानी, जयराम दास,सुरेश तलरेजा,कपिल हासानी,हरीश सावलानी,महेश आहूजा समेत सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### विश्व धरोहर संरक्षित रखना सबकी जिम्मेदारी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. आरएन राय ने कहा कि विश्व धरोहर हमारी पहचान और इतिहास का अमूल्य हिस्सा है। इसको संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अयोध्या की धरोहर स्थलों के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्रों से कहा कि यह आपकी जिम्मेदारी है कि धरोहर स्थलों को संरक्षित करने का प्रयास सभी करें। यदि ये स्थल ही संरक्षित नहीं रहेंगे तो पर्यटक क्या देखने आएंगे और आपकी विरासत भी संरक्षित नहीं रह पाएगी। भारत में पर्यटन के लिए अनेकों विकल्प उपस्थित हैं। विशिष्ट वक्ता प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने धरोहरों के आर्थिक और पर्यटन महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि इनके संरक्षण से स्थानीय विकास और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग हमें केवल रोजगार ही नहीं देता बल्कि देश को विकासशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का संदेश देता है। संयोजक डॉ. महेन्द्र पाल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. राणा रोहित सिंह, डॉ. आशुतोष पांडेय, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# मंसूरपुर पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा, दो लागों की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।




**अमृत विचार :** मालीपुर थाना क्षेत्र के मालीपुर-सुरहुरपुर रोड स्थित मंसूरपुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक का इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मालीपुर थाना क्षेत्र के करमिसिरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र बाबूलाल और दिलीप पुत्र हौसला एक बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक, जिसे उसरहा थाना जलालपुर निवासी सचिन पुत्र रामदुलार चला रहा था, से उनकी जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची मालीपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निजी साधन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र और सचिन को मृत घोषित कर दिया, जबकि दिलीप का उपचार जारी है। इस दर्दनाक हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि हादसे में दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# लोक अदालत में अधिक वादों का हो निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार आगामी 09 मई शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इसी क्रम में शनिवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय में अपर जिला जज त्वरित द्वितीय नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिखा यादव की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न बैंकों एवं बीएसएनएल के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों के प्री-लिटिगेशन ऋष्ठा वादों तथा बीएसएनएल से संबंधित मामलों को अधिकाधिक संख्या में सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर समय से नोटिस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि वादकारियों को समय पर सूचना दी जा सके और उनकी अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। सचिव शिखा यादव ने प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए कहा कि प्रचार वाहन एवं अन्य माध्यमों से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता व साथ में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिखा यादव।

### ऑडिट मामलों के निस्तारण को लेकर सख्ती

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उपनिदेशक पंचायत अरविंद जायसवाल एवं उपनिदेशक ऑडिट अयोध्या मंडल गणेश प्रखर दीप की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभाकक्ष में वर्ष 2010-11 से 2023-24 तक के ऑडिट प्रस्तुतियों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, समस्त लेखा परीक्षक, सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा संबंधित ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वर्ष 2010-11 से 2017-18 तक के ऑडिट प्रस्तुतियों की समीक्षा की गई। संतोषजनक मामलों को छोडक़र अन्य ग्राम पंचायतों की लंबित धनराशि की वसूली के लिए आरसी व वसूली आदेश जारी करने के निर्देश दिए। वहीं वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के सभी ऑडिट प्रस्तुतियों की अनुपालन आख्या 30 अप्रैल तक हर हाल में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई, जिस पर सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने सहमति जताई। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि निर्धारित तिथि तक अनुपालन आख्या प्रस्तुत न करने वाली ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

### पीसीएस परीक्षा में सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर



वीरेंद्र कुमार तिवारी को बधाई देते लोग।

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** विकासखंड महाराजगंज के सैदपुर निवासी वीरेंद्र कुमार तिवारी (पुत्र चंद्रभान तिवारी) ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा उत्तीर्ण कर समीक्षा अधिकारी (सचिवालय) पद प्राप्त किया है। उन्होंने 315वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों का उनके घर तांता लगा हुआ है। वीरेंद्र कुमार तिवारी का जीवन संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। वर्ष 2006 में अमृतसर की एक फैक्ट्री में काम करते समय एक दुर्घटना में उनका बायां हाथ कंधे से कट गया था। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और निरंतर प्रयास करते रहे। उन्होंने वर्ष 1996 में हाईस्कूल और 1998 में इंटरमीडिएट तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण किया। इसके बाद 1998 से 2014 तक ट्रैक्टर चलाने और कोलकाता में मजदूरी का कार्य किया। वर्ष 2014 में रेलवे में चतुर्थ श्रेणी में नौकरी मिली। वर्ष 2017 में स्नातक करने के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। वर्ष 2017-18 में प्रारंभिक परीक्षा तथा 2019 से 2022 तक मुख्य परीक्षा में असफल रहने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। अंततः 2023 में दी गई परीक्षा का परिणाम मार्च 2026 में आया, जिसमें उन्हें सफलता मिली। वीरेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों, नियमित अध्ययन और अनुशासन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। बधाई देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शीला यादव, ग्राम प्रधान आनंद तिवारी, रामजतन यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र कनौजिया, रणविजय यादव, रामफेर यादव, सौरभ यादव, सबलाल विश्वकर्मा, चुन्नू यादव, सुनील यादव, राजेश तिवारी, खरभान साहनी सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने उनकी सफलता को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मीना मंच कार्यक्रम में छात्रों के साथ मौजूद प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा।

### मीना मंच कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में मीना मंच का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं सामाजिक मूल्यों के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कॉमिक बुक खजाने का नक्शा का पाठ वाचन कराया गया, जिससे बच्चों को कहानी के माध्यम से सीखने का अवसर मिला। साथ ही प्रगति के पंख स्कूल हर दिन आएं सत्र के अंतर्गत डाज बॉल गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अरमान मॉड्यूल सत्र-2 ऐसा हो परिवार हमारा के चार दृश्यों के माध्यम से बच्चों ने रोल प्ले प्रस्तुत कर पारिवारिक मूल्यों और आपसी सहयोग का संदेश दिया। इसके अलावा मेरा भारत महान विषय पर कॉमिक आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान दीदी ऐप के वीरांगना पोर्टल से संबंधित प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई गई, जिससे बच्चों को साहस, सुरक्षा और जागरूकता के महत्वपूर्ण संदेश मिले। अंत में बच्चों ने बंदर की चालाकी कॉमिक का निर्माण प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में नकदी समेत लाखों का सामान जला

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के जीवत खुर्रम अली गांव में शुक्रवार देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिसमें एक मकान जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से हजारों रुपए की नकदी सहित लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। बता दें कि गांव निवासी रैम्पो देवी के घर में शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करते हुए करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा लगभग 25 हजार रुपए नकद, बिस्तर, कपड़े, खाद्यान्न सहित अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। बताया जा रहा है कि यह नकदी आगामी 10 मई को बेटी की बरिक्षा शादी से पूर्व की रस्म के लिए रखी गई थी, जो आग में जलकर खाक हो गई। घटना के संबंध में उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में है और लेखपाल को मौके पर भेजकर क्षति का आकलन कराने के निर्देश दिए गए हैं।




डीएवी एकेडमी टांडा में मेधावियों के साथ मौजूद प्रबंधक आनंद कुमार आर्य, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल व अन्य शिक्षक।

### डीएवी एकेडमी में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** डीएवी एकेडमी टांडा में कक्षा 10 के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक, शिक्षक, प्रबंधक आनंद कुमार आर्य, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल तथा प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य भूपेंद्र महरोत्रा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय का इस वर्ष परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विद्यार्थियों में श्रेया वर्मा ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्रेया जायसवाल ने 97 प्रतिशत और शुभ खन्ना ने 95 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा मिठाइयां वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह का वातावरण हर्ष, उत्साह और गर्व से परिपूर्ण रहा, जो सभी के लिए यादगार बन गया।

### आरआरसी सेंटर से हजारों का सामान चोरी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र स्थित सम्मनपुर गांव में आरआरसी रिसोर्स रिकवरी सेंटर कूड़ा घर को चोरों ने निशाना बनाया है। बीती रात हुई इस घटना में हजारों रुपए का सामान चोरों ने पार कर दिया है। ग्राम प्रधान रेशमा ने बताया कि चोर आरआरसी सेंटर में रखे लोहा, पेपर, गत्ता और प्लास्टिक सहित अन्य उपयोगी सामग्री चुरा ले गए। चोरों ने सेंटर के दरवाजे और ढांचे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई जब कूड़ा वाहन चालक रामसूरत और सफाई कर्मी सरोज देवी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सेंटर को अस्त-व्यस्त पाया और देखा कि काफी मात्रा में सामान गायब है। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान रेशमा मौके पर पहुंचीं और निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों तथा पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### यात्रियों को मिलेगी मुफ्त वाई-फाई सुविधा

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को जल्द ही मुफ्त वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। यह सेवा जून तक शुरू होने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों को हाई-टेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वाई-फाई की रेंज 100 मीटर तक होगी। इसका मुख्य पैनल स्टेशन के पैनल रूम में स्थापित किया जाएगा। दूरसंचार विभाग द्वारा स्टेशन पर यह सुविधा लगाई जाएगी। स्टेशन परिसर में वाई-फाई न होने से यात्रियों को पहले ट्रेनों की जानकारी प्राप्त करने और नेटवर्क संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों की इस समस्या को देखते हुए, स्टेशन अधीक्षक ने पिछले महीने वाई-फाई लगवाने का प्रस्ताव भेजा था। रेलवे बोर्ड लखनऊ के उच्चाधिकारियों ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

समाधान दिवस

## तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवसों में उमड़ी फरियादियों की भीड़

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 363 शिकायतें, 32 का निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार जनपद की सभी तहसीलों में उच्चाधिकारियों की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को कुल 363 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर सिर्फ 32 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष बचीं हुई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस में अकबरपुर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के समक्ष कुल 115 शिकायतें आईं, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। भीटी भीटी में उपजिलाधिकारी और सीओ के समक्ष कुल 47 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर सिर्फ 6 शिकायतों का ही निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। टांडा तहसील में उपजिलाधिकारी के समक्ष कुल 30 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर सिर्फ दो मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची हुई शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है। वहीं आलापुर तहसील में 66 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर सिर्फ 8 शिकायत का ही निस्तारण किया जा सका, वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जलालपुर तहसील में उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता के समक्ष कुल 105 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर सिर्फ 6 शिकायतों का ही तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं शेष बचीं हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।



अकबरपुर तहसील में लोगों की शिकायतें सुनतें मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला।

### दो किशोरी लापता, पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

**मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो किशोरियों के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों घटनाओं में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उनकी लगभग 16 वर्षीय पुत्री बीते 13 अप्रैल को दिन में घर से बाजार जाने के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पिता का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर उनकी पुत्री को कहीं ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी 15 अप्रैल की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

## गांव-गांव पहुंचेगी बस सेवा, नए रूट से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों को अब रोडवेज बस सेवा से सीधे जिला मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। परिवहन विभाग ने बसों का पंजीयन और रूट चार्ट जारी कर दिया है। जारी रूट के अनुसार लंभुआ तहसील क्षेत्र में तातो मुरैनी, सूर्यभानपट्टी और बांगरमऊ से सुलतानपुर तक बसें चलेंगी। कादीपुर में इब्राहिमपुर, गोदराघाट, कुंभीडांडिया, अखंडनगर और दोस्तपुर से सुलतानपुर को जोड़ा गया है। वहीं जयसिंहपुर क्षेत्र में दोस्तपुर से बेलवारे होते हुए मोतिगरपुर के रास्ते सुलतानपुर तक बस सेवा संचालित होगी। बल्दीराय तहसील के रामनगर, राजापुर, मुरवा तारापुर के साथ-साथ बल्दीराय, हलियापुर और हैदरगंज से भी बसें जिला मुख्यालय तक चलेंगी।

# बारिश से पहले नाला सफाई अभियान शुरू

## चेयरमैन ने हरी झंडी दिखाकर शुरू कराया अभियान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पालिका परिषद सुलतानपुर ने शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक नाला सफाई अभियान की शुरुआत कर दी है। शनिवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने करौंदिया नाले की सफाई कार्य



को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत नगर क्षेत्र के सभी बड़े और मझोले करीब 30 नालों के साथ-साथ वार्डों की नालियों की तल्लीझार सफाई कराई जाएगी। इसके अलावा सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पालिका कार्यालय परिसर में सभी वार्डों के सफाई नायकों को 4-4 नई हत्थू ठेला गाड़ियां भी वितरित की गईं, जिससे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सकरी गलियों से कूड़ा उठान में सुविधा मिलेगी।

## किसानों के लिए जरूरी है फार्मर रजिस्ट्री

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा गांव-गांव कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।इसी क्रम में उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने कील्हापुर, महमूदपुर सेमरी सहित कई गांवों में चल रहे कैंपों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि संबंधित सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा फायदा भी उन्हें मिल सकेगा।

## सेवा कार्यों को गति देने का संकल्प



बैठक को संबोधित करते डा. सुनील त्रिपाठी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सेवा भारती एवं सेवा कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों की बैठक राम लखन पैराडाइज होटल में संपन्न हुई। अध्यक्षता सह जिला संघचालक अजय गुप्ता (एडवोकेट) ने की, जबकि मुख्य अतिथि क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश युध्वीर जी व विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. भारत भूषण मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने सेवा कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बताया और सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में पुष्पा जी को विभाग सह महिला प्रमुख व रश्मि जी को विभाग सह किशोरी विकास प्रमुख का दायित्व दिया गया। डॉ. भारत भूषण ने चिकित्सा सहयोग का भरोसा जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील त्रिपाठी ने किया।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2026 session in the following disciplines**

- Faculty of Medical Sciences (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences (All Specialities)
- Faculty of Management

**Application Fee**

- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**भदैंया, सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में शनिवार सुबह गया प्रसाद (40) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने पर परिजनों ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। परिजनों का आरोप है कि ईंट से हमला कर उनकी हत्या की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## पति ने पत्नी पर किया ब्लेड से हमला

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिरवारा गांव निवासी अंजली ने मोतिगरपुर पुलिस को तहरीर दी कि उसके पति मिथुन, ससुर छोटई, सास सावित्री और ननद जानकी लंबे समय से उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। 16 अप्रैल की शाम आरोपी पति शराब के नशे में मायके पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए अंजली पर ब्लेड से हमला कर दिया। मोतिगरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मजदूर मुद्दे पर माकपा का प्रदर्शन, भेजा ज्ञापन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते माकपा पदाधिकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने नोएडा में मजदूर आंदोलन को कुचलने के प्रयासों के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में नोएडा प्रकरण की न्यायिक जांच कराने, मजदूरों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग की गई। साथ ही ओवरटाइम को स्वैच्छिक बनाकर दोगुना भुगतान सुनिश्चित करने और ठेका व आउटसोर्सिंग व्यवस्था पर रोक लगाने की बात कही गई।

## सनबीम स्कूल में एंटी बुलिंग सत्र का आयोजन



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सनबीम स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एंटी बुलिंग सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अरुण कुमार यादव व अधिवक्ता हेमंत ने किया। उन्होंने बताया कि बुलिंग के कई रूप होते हैं और इससे बचने के लिए छात्रों को तुरंत शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. शरणजीत कौर ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित कराने की बात कही।

# परशुराम जयंती पर 101 प्रतिभाएं सम्मानित



**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** भगवान परशुराम जयंती पर शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कटका बाजार में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति और कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मनीष चंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। आयोजन का कुशल संचालन ओज कवि अभिमन्यु शुक्ला तरंग ने किया। कवि पवन मिश्र, रजनीश मिश्र और अनूप मिश्र सहित अन्य रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ से जमकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 101 विशिष्ट व्यक्तियों को "प्रतिभा शिखर सम्मान 2026" से सम्मानित किया जाना रहा।

## कविवर पं. राम नरेश त्रिपाठी संगीत कला महोत्सव का शुभारंभ

**चांदा, सुलतानपुर।** दो दिवसीय कविवर पंडित राम नरेश त्रिपाठी संगीत कला महोत्सव का शुभारंभ कोइरीपुर स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित राम आसरे मिश्र शिक्षण संस्थान एवं पारंपरिक लोक नाट्य कला केंद्र कोइरीपुर द्वारा किया गया। महोत्सव के प्रथम दिवस का उद्घाटन सेवार्थम फाउंडेशन के प्रमुख डॉ. आशीष तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

## भगवान परशुराम आक्रांताओं के विरोधी थे, समाज के नहीं: अनिल

**सुलतानपुर।** जागृति ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में लाल डिग्गी स्थित द डिवाइन होटल में भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व न्यायाधीश अनिल चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान परशुराम किसी धर्म या समाज के विरोधी नहीं, बल्कि आक्रांताओं के खिलाफ संघर्ष करने वाले थे। कार्यक्रम में भगवान परशुराम का पूजन व माल्यार्पण किया गया तथा शहर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय संयोजक पं. रुपेश शुक्ला ने समाज में एकता पर बल दिया। इस दौरान पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, विनोद मिश्रा, राधिका प्रसाद पांडे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया सशक्तिकरण का संदेश

**सुलतानपुर।** संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकियां में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के तहत छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी व गोष्ठी में हेल्पलाइन नंबरों और अधिनियम की जानकारी दी गई। प्रबंधक योगेश प्रताप सिंह ने छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया।

## प्रधान के अधिकार सीज

**सुलतानपुर।** करौंदीकला विकासखंड की ग्राम पंचायत कम्मरपुर में शासकीय धन के कथित दुरुपयोग के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर हुई प्रारंभिक जांच में ग्राम प्रधान मनोज तिवारी को प्रथम दृष्टया अनियमित भुगतान का दोषी पाया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर डीपीआरओ ने प्रधान के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का इलाज



**सुलतानपुर।** केएनआईएमटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा रामरती इंटर कॉलेज, कटका में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रो. डॉ. महेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में छात्र-छात्राओं ने मरीजों की बीपी, शुगर, आंख व दमा की जांच की और चिकित्सकों ने परामर्श के साथ निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. रामजीत गौतम, ग्राम प्रधान सुभाष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संस्थान के प्रबंधक विनोद सिंह ने आयोजन की सराहना की।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं JITENDRA KALIKA SINGH पुत्र KALIKA MATAPRASAD SINGH निवासी ग्राम–नरायनपुर, पो0 व थाना–तरबगंज, गोण्डा, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर JITENDRA SINGH रख लिया है, अतः आज से मुझे JITENDRA SINGH के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
सेंट एलोशियस स्कूल बांगरमऊ के कक्षा 10 में मेरे बेटे का नाम त्रुटिवश अंश यादव पुत्र राधेश्याम दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा सही नाम श्याम बाबू दर्ज है। मुझे मेरे सही नाम श्याम बाबू पुत्र केशन लाल के रूप में जाना व पहचाना जाए। **श्याम बाबू पुत्र केशन लाल निवासी ग्राम– केशवा पुर, मजरा– हीरापुर, परगना व तहसील– बांगरमऊ, जिला– उन्नाव**

**सूचना**
मेरे पुत्र चरनदीप का चाल चलन खराब हो गया है। उसका अराजक तत्वों से मेल जोल है। वह घर वालों से अभद्रता व आए दिन क्लेश करता है। इस कारण से परिवार के लोगों ने उससे सारे रिश्ते खत्म कर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। यदि वह किसी से किसी प्रकार का लेनदेन या अन्य कृत्य करता है तो वह स्वंय उसका जिम्मेदार होगा। परिवार को उससे कोई लेनादेना नही होगा। **रानी देवी पत्नी शीतल प्रसाद निवासी निवाडी कलां थाना बकेवर जिला इटावा।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम NASRUL NISA से बदल कर NASRUL NISHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: MOHAMMAD MUSLIM R/O: BARAVAN GARH MAHAUNA PASCHIM AMETHI UTTAR PRADESH - 226021

**सूचना (खोया–पाया)**
यह सूचित किया जाता है कि मेरी महत्वपूर्ण शैक्षिक मार्कशीट (हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट) हज़रतगंज चौराहे के आस–पास 30 जनवरी को खो गई है। विवरण इस प्रकार है। शकीना खान इंटरमीडिएट अनुक्रमांक: 743977 हाई स्कूल अनुक्रमांक: 1759779 यदि किसी सज्जन को उपरोक्त मार्कशीट प्राप्त हो, तो कृपया नीचे दिए गए संपर्क सूत्र पर सूचित करने का कष्ट करें। उचित इनाम दिया जाएगा। **संपर्क करें: मोबाइल नंबर: 9519549569 दिनांक: 30/01/2026 स्थान: लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि,मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र अनुक्रमांक 2881849, वर्ष 2009,यूपी बोर्ड एवं इंटरमीडिएट का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र,अनुक्रमांक 1841159, वर्ष2011,यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रार्थिनी साधना वर्मा पुत्री राम सूरत वर्मा ग्राम–मिसिरपुर जलालपुर,पोस्ट – पौधनरामपुर, थाना– अखण्डनगर, सुल्तानपुर।**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट नंबर P4805024 में मेरे पिता का नाम AKEEL AHMAD दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड नंबर 4676 9711 8635 में पिता का नाम AKEEL AHMAD ANSARI दर्ज है। पासपोर्ट में भी पिता का नाम AKEEL AHMAD ANSARI दर्ज किया जाए। **शकील अहमद अंसारी पुत्र अकील अहमद अंसारी ग्राम व पोस्ट लौकहवा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
मैं ये घोषणा करता हूं कि मैं **मनीष अग्रवाल निवासी रूपईडीहा जिला बहराइच उत्तर प्रदेश** पुत्र जनार्दन प्रसाद अग्रवाल अपना नाम पासपोर्ट के अनुसार मनीष कुमार अग्रवाल से बदल कर मनीष अग्रवाल रख रहा हूं। भविष्य में मुझे केवल मनीष अग्रवाल के नाम से ही जाना जाय।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

University Grants Commission of India · Medical Council of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is rural well being there is University Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27**
**CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted**

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

**FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

**FACULTY OF FINE ARTS**

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# पारा 42 पार, भीषण गर्मी में स्कूलों से लौटते समय झुलस रहे नौनिहाल

गर्मी की मार

- अस्पतालों में बढ़े डायरिया के मरीज रुलाने लगी बिजली कटौती

संवाददाता गोंडा


बीएसए अमित सिंह को ज्ञापन देते शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** अप्रैल के पहले सप्ताह में मौसम के उतार-चढ़ाव के बाद अब गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। सूर्यदेव के तल्ख तेवरों ने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। शनिवार को दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। दिनभर तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे।

सबसे अधिक परेशानी दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच देखने को मिली, जब गर्म हवाओं ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। इस भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे भी झुलसते नजर आए। छुट्टी के समय छोटे-छोटे बच्चों को तपती धूप में घर लौटते देख अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि दोपहर की गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदलकर 12 बजे तक किया जाना चाहिए ताकि बच्चों को अधिक परेशानी न उठानी पड़े। विशेषज्ञों का भी मानना है कि तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते आने वाले दिनों में गर्मी और तीव्र हो सकती है। ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

**जिला अस्पताल की ओपीडी में रही मरीजों की भीड़ :** तापमान बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। बड़ी संख्या में उल्टी दस्त के मरीज उपचार कराने के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ रही। इलाज कराने आए मरीजों व तीमारदारों को डॉक्टर के चैंबर से लेकर दवा काउंटर तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मरीजों की बढ़ती संख्या से अस्पताल के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं। हालांकि जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि मरीजों को बेहतर उपचार मिले इसके लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। अस्पताल में बेड व दवाओं की कोई कमी नहीं है।

### शिक्षक संगठनों ने उठाई विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग, बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** स्थिति को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान समय में बच्चों के स्वास्थ्य पर गर्मी का सीधा असर पड़ रहा है, ऐसे में सुबह के समय स्कूल संचालित किए जाने चाहिए। शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह से मिलकर उन्हे ज्ञापन सौंपा और स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से 12 बजे तक किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में शरद सिंह, सतीश पांडेय, गौरव पांडेय, मुशीर सिद्दीकी, शिव कुमार, बलजीत वर्मा, रत्नेश द्विवेदी, संजीव, ललित, राम विलास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पेड़ के बाद घर की दीवार से टकराई बेकाबू बाइक, दो युवकों की मौत

## सड़क किनारे थ्रेशर की धूल और जीरो विजिबिलिटी बनी दुर्घटना की वजह

हादसा

- तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे दोनों युवक

संवाददाता, गोंडा



नीरज शुक्ल, प्रमोद तिवारी (फाइल फोटो)

### एक झटके में बुझ गए दो घरों के चिराग

**गोंडा, अमृत विचार :** इस सड़क हादसे ने एक साथ दो घरों को चिराग बुझा दिए। हादसे के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रमोद तिवारी चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी शादी हो चुकी थी। परिवार में पत्नी सीमा के अलावा दो बेटे देवांश (12) व अभिनय (10) हैं। हादसे की सूचना पर सभी बेहाल है। पिता रामरूप तिवारी बेटे की मौत से अवाक हैं। पत्नी सीमा बेसुध हैं तो दोनो बेटों का रो-रोकर हाल बेहाल है। वहीं नीरज शुक्ल भी तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। परिवार में पत्नी रश्मि के इलावा एक बेटा श्लोक (7) है। पिता पैरालाइज्ड होकर बिस्तर पर पड़े हैं। हादसे की खबर से सभी बेसुध हैं। परिवार व गांव के लोग पत्नी व बच्चों को ढाढ़स बंधाने में जुटे हैं।

**अमृत विचार :** मोतीगंज थाना क्षेत्र के राजापुर परसौरा गांव के पास शुक्रवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि राजापुर परसौरा गांव के पास चल रहे थ्रेशर की धूल और जीरो विजिबिलिटी के चलते युवकों की बाइक अनियंत्रित हो गयी और वह सड़क किनारे लगे एक पेड़ और फिर एक मकान की दीवार से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है और दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।

मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दिनारा के मजरा बनकटा के रहने वाले बब्लू श्रीवास्तव के बेटे के तिलक समारोह का आयोजन राजगढ़ स्थित एक मैरिज लॉन में किया गया था। गांव के निवासी नीरज शुक्ल (30) और प्रमोद तिवारी उर्फ पप्पू (32) इसी तिलक समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से राजगढ़ बाजार जा रहे थे। रास्ते में राजापुर परसौरा गांव के समीप सड़क किनारे दो थ्रेशर से गेहूं की मड़ाई का काम चल रहा था। थ्रेशर का मुंह सड़क की ओर होने के कारण भूसा और धूल का गुबार सड़क पर फैल गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब बाइक सवार युवक वहां पहुंचे तो तेज धूल के कारण उन्हें सामने कुछ भी दिखाई नहीं दिया। अचानक 'जीरो विजिबिलिटी' होने से बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक मकान की दीवार व पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गयी है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मोतीगंज थाने के सहायक पुलिस अधिकारी आईपीएस प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद सड़क किनारे थ्रेशर संचालन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि थ्रेशर का मुंह सड़क की ओर रखने से उड़ने वाली धूल राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

# इंजेक्शन लगाते ही युवक की हालत बिगड़ी, मौत

मनकापुर, गोंडा

- बुखार की दवा लेने गया था एक मेडिकल स्टोर

**अमृत विचार :** बुखार से पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने के मामले में परिजनों ने स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराकर मौत के सही कारणों की जांच कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मछली गांव पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम चौबेपुर निवासी 22 वर्षीय मनीष कुमार पुत्र राजाराम शुक्रवार शाम तेज बुखार आने पर वह मछली गांव बाजार स्थित एक मेडिकल स्टोर से दवा लेने गया। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल स्टोर में मौजूद डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन भी लगाया था। इंजेक्शन लगने के बाद युवक की हालत और बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उपचार के लिए उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिवार वालों में कोहराम मच गया।

इसके बाद परिजन शव को घर ले आए और मेडिकल स्टोर पर मौजूद डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर चिकित्सकों के पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया।

पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों ने शव को गांव लाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार हो चुका है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विपणन अधिकारी के तबादले को लेकर विधायक ने उठाई आवाज

- भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी अधिकारी पर हाल ही में दर्ज हुई है एफआईआर

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खाद्य विपणन अधिकारी प्रीति पाण्डेय के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

पहले से ही धान खरीद में अनियमितताओं के आरोपों का सामना कर रहीं अधिकारी अब राजनीतिक घेराबंदी में भी आ गई हैं। क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह ने इस प्रकरण को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल स्थानांतरण की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी को संभागीय खाद्य नियंत्रक समेत जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है। विधायक ने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार के आरोप और मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अधिकारी को पद पर बनाए रखना किसानों के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसान उनकी कार्यशैली से पहले ही परेशान हैं और धान खरीद के दौरान भी बिचौलियों के माध्यम से खरीद कराए जाने के आरोप लगे थे।

क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थानांतरण नहीं किया गया तो वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे मामले की शिकायत करेंगे, जिसमें संबंधित अधिकारी के साथ अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी उजागर की जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्च माह में भी किसानों के अनुरोध पर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया था।

# सड़क किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के दुर्गागंज माझा इलाके में शनिवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब लोगों ने सरयू घाट चौकी अंतर्गत पुराने सरयू पुल से पहले सड़क किनारे करीब 40 फीट गहरे गड्ढे में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देखा। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष अभय सिंह के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव करीब 5 से 6 दिन पुराना होने के कारण सड़ चुका है, जिससे चेहरा विकृत हो गया है और पहचान मुश्किल है। घटना की सूचना पर फील्ड यूनिट टीम भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की पहचान कराने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिले युवक की मौत

गोंडा, कार्यालय

गुत्थी उलझी

- पुलिस बता रही हादसा, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप


सरजू प्रसाद (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** मोतीगंज थाना क्षेत्र के विरतिहा गांव में 19 वर्षीय सरजू प्रसाद सोनकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों के अनुसार बीती 11 अप्रैल की रात सरजू को उसके दो दोस्त दवा लेने के बहाने घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। इसके कुछ समय बाद वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना को लेकर पुलिस और परिजनों के दावों में विरोधाभास सामने आ रहा है। पुलिस इसे सांड़ से टकराकर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना मान रही है। वहीं, मृतक के परिजनों ने दोस्तों पर मारपीट कर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरजू के शरीर और गुप्तांगों पर चोट के ऐसे निशान मिले हैं, जो सामान्य सड़क हादसे में संभव नहीं हैं। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल मोतीगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# डबल बैनामा कर ठगी का आरोप

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पहले से बिक चुकी जमीन दिखाकर लाखों रुपये लेकर दोबारा बैनामा कर दिया गया, जिसके चलते खरीदार को कब्जा नहीं मिल पा रहा है। गाड़ी बाजार निवासी मोहित कांदू ने शनिवार को एसपी से शिकायत करते हुए बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व ग्राम निंदुरा निवासी आदिल बहार खां ने सस्ते प्लॉट का झांसा देकर सकरौरा ग्रामीण क्षेत्र में 800 वर्ग फीट जमीन का बैनामा कराया था। आरोप है कि जो जमीन दिखाई गई थी, वह पहले ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम बैनामा की जा चुकी थी। पीड़ित के अनुसार, इसी गाटा संख्या में उसके रिश्तेदार संजय कुमार ने भी जमीन खरीदी थी। भुगतान के बाद दोनों ने जमीन अपने नाम दर्ज करा ली, लेकिन जब मोहित निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे तो एक व्यक्ति ने जमीन पर अपना दावा ठोंक दिया और काम रुकवा दिया। एसपी ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

कार्यक्रम

नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 का किया समर्थन

# छात्राओं ने निकाली स्कूटी जागरूकता रैली

गोंडा, कार्यालय



नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में स्कूटी रैली निकालतीं छात्राएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से छात्राओं की ओर से स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली का संचालन प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह के अगुवाई तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. रेखा शर्मा एवं डॉ. परवेज आलम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

रैली में छात्राओं ने भाग लेते हुए नारी शक्ति, सशक्त देश एवं भारत के विकास में सुनिश्चित हो नारी की भागीदारी जैसे नारे लगाए। साथ ही छात्राओं ने अपने मोबाइल फोन से मिस्ड कॉल कर महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। छात्राओं ने का कहना था कि आज भी समाज में महिलाओं के प्रति सोच में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के समग्र विकास के लिए महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में पर्याप्त स्थान मिलना आवश्यक है तथा सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर एकजुट होकर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। कार्यक्रम में कुल 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इनमें लक्ष्मी साहू, वर्षा जायसवाल, शालिनी तिवारी, मानसी मिश्रा, शालिनी पांडेय, आंशिक तिवारी, वर्षा पांडेय, खुशी बानो एवं फलक खान सहित अन्य छात्राओं की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही।

रैली के सफल आयोजन में प्रो. अरविंद कुमार शर्मा, विजय सिंह, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, आनंद चतुर्वेदी, डॉ. रिंकुल यादव, अमित द्विवेदी एवं मानसी पांडेय का विशेष सहयोग रहा।

# किसान हत्याकांड में तीनों आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार :** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के बमडेरा डीहा गांव में किसान अन्नू चौबे की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने राम सिंगार शुक्ल, राज कुमार शुक्ल और मुंशी लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि शुक्रवार को खेत पर गेहूं काटने जा रहे अन्नू चौबे का गांव के ही राम सिंगार शुक्ल से रास्ते के विवाद को लेकर झगड़ा हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि राम सिंगार ने हंसिया से हमला कर दिया, जिससे अन्नू चौबे की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी शिव कुमारी की तहरीर पर तीनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटनास्थल से करीब 20 मीटर दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज इस मामले में अहम कड़ी साबित हुई। फुटेज में आरोपियों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से दिखाई देने के बाद पुलिस ने उनकी पहचान पुख्ता कर ली और दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात है। अधिकारियों का कहना है कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और किसी भी प्रकार की अशांति नहीं होने दी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। मामले की विवेचना जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## 76 शिकायतों में से 15 का मौके पर ही निस्तारण


तहसील दिवस में राशन कार्ड का वितरण करतीं डीएम व एसडीएम।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तहसील करनैलगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना। मौके पर 76 शिकायतें आईं जिसमें 15 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित किया जाय तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही राशन कार्ड बनवा कर लाभार्थियों को वितरण किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतलाल, उपजिलाधिकारी कर्नलगंज नेहा मिश्रा सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान कनकधारा महायज्ञ 19 मई से


सोनवार धाम स्थित बालाजी मंदिर में बैठक करते समिति के पदाधिकारी।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के सोनवार धाम में 25 वां श्री हनुमान कनकधारा महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन 19 मई से 29 मई तक किया जाएगा। आयोजन जय श्री बालाजी सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में होगा जिसमें 30 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 19 मई को सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगी। 20 मई को मंडप प्रवेश एवं पंचांग पूजन के बाद रात्रि 8 बजे से साध्वी देवी मीरा शास्त्री द्वारा श्री राम कथा का शुभारंभ होगा। 23 मई को अग्नि देव प्राकट्य एवं हवन प्रारंभ किया जाएगा, जबकि 25 मई से आचार्य रोहित शास्त्री के श्रीमुख से हनुमंत कथा का आयोजन होगा। 29 मई को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ ब्राह्मण व कन्या भोज संपन्न होगा। 30 मई को मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के यज्ञाचार्य पं. केदार नाथ मिश्र (अयोध्या) होंगे। कार्यक्रम के आयोजक महंत ब्रजमोहन पाण्डेय, अध्यक्ष शुभम पाण्डेय एवं प्रबंधक श्री मणि चन्द्र बाबा ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की कार्यकारिणी गठित

**गोंडा, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बीना गुप्ता की मौजूदगी में नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। मुन्नी सिंह को जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं नीलम, नीरजा शुक्ला एवं राम देवी पाल को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। गिरिजावती मौर्य को जिला सचिव, ममता सैनी को सचिव तथा मीनाक्षी खरे को कोषाध्यक्ष बनाया गया। गीता सिंह, किरन तिवारी, अजय खरे, नीलम श्रीवास्तव, मीरा, मीरा जायसवाल और सीमा भारती को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला, सत्य नारायण तिवारी, प्रदीप तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कार्यशाला आयोजित

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर में स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन कार्यशाला समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्काउट-गाइड शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय रहे। लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय ने कहा कि स्काउट और गाइड जीवन निर्माण की पाठशाला है। ब्लॉक स्काउट मास्टर पुष्कर तिवारी एवं ब्लॉक गाइड कैप्टन ममता कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को स्काउटिंग की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया। ब्लॉक गाइड कैप्टन ममता कुमारी ने कहा कि गाइड शिक्षा बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। कार्यक्रम में रामेश्वरम् शुक्ल, अनिल कुमार मिश्र दुर्गेश मिश्र, गजेंद्र सिंह सीमा सिंह विभा सिंह उषा सिंह अमित कुमार पांडेय आदि थे।

## शतरंज प्रतियोगिता : पहले दिन रोमांचक हुए मुकाबले


शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित चतुर्थ विश्वजीत ओपन जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को हुआ। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा संघ के पूर्व मंडलीय महामंत्री डॉ. संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि शतरंज का खेल मस्तिष्क को मजबूत बनाने के साथ ही निर्णय क्षमता और एकाग्रता को विकसित करता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और जीवन में रणनीतिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अध्यक्षता शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. वियोगी पंकज ने की, जबकि संचालन महासचिव आशुतोष द्विवेदी ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन तीन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिसमें मारूफ अहमद सिद्दीकी, अंबे कुमार, अमरीश साहू, मयंक अग्रवाल, अहद मुनीर, शौर्यवर्धन और पूरन तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में अंडर-18 वर्ग में 46 और सीनियर वर्ग में 19 प्रतिभागियों सहित कुल 65 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव मुनीर अहमद, के.के. मिश्रा, विशाल अग्रवाल, सर्वजीत मिश्रा, विश्वजीत मिश्रा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता सहित अनेक शतरंज प्रेमी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था शाखा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पेंशनर कक्ष में हुआ। अध्यक्षता मुख्य कोषाधिकारी श्याम लाल जायसवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. शेर बहादुर सिंह (पूर्व सदस्य, उच्चतर शिक्षा आयोग, उत्तर प्रदेश) और गुलाब चंद्र तिवारी (प्रदेश महामंत्री, प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश) मौजूद रहे। मुख्य कोषाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अध्यक्ष के.बी. सिंह, उपाध्यक्ष एन.बी. सिंह, पी.पी. द्विवेदी व उत्तम प्रसाद शुक्ला, महामंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार सिंह व इंद्र बहादुर, संगठन मंत्री परम दत्त व चंद्र मोहन मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव, ऑडिटर वी.पी. सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य एस.पी. सिंह, कैलाश नाथ सिंह व एम.के. त्रिपाठी शामिल रहे। शपथ ग्रहण के बाद कार्यकारिणी की पहली बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि संस्था की नियमित बैठक हर माह की 6 तारीख को पेंशनर्स कक्ष में आयोजित होगी। समारोह में मुख्य कोषाधिकारी व दोनों मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष व महामंत्री ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव ने किया, जबकि अंत में अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह के समापन की घोषणा की।

# महिला आरक्षण बिल पास न होने पर विपक्ष के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन

## विपक्षी दलों का पुतला फूंककर जताया आक्रोश, विरोध में की जमकर नारेबाजी

**फूटा गुस्सा**

संवाददाता, बलरामपुर



महिला आरक्षण बिल पास न होने के विरोध में विपक्ष का पुतला फूंकती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्षी दलों के रुख के विरोध में शनिवार को जनपद मुख्यालय पर महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान "महिलाओं का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान" जैसे नारों से माहौल गूंज उठा।

प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, सपा सहित इंडी गठबंधन के घटक दलों ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विरोध कर नारीशक्ति के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया है। महिलाओं ने कहा कि देश की नारीशक्ति अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने की कोशिशों को कभी नहीं भूलेगी और लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।

महिलाओं ने एकजुट होकर कहा कि महिला सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग भी उठाई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा, ललिता तिवारी, साधना पांडे, झूमा सिंह, वंदना पासवान, सविता सिंह, मंजू तिवारी, प्रभा शुक्ला, सुधा त्रिपाठी, डाली गुप्ता, निधि सिंह, मीनाक्षी अग्रवाल, रेखा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# क्लीनिक सील, संचालक पर मुकदमे की तैयारी



अवैध क्लीनिक को सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की लगातार छापेमारी से बिना पंजीकरण संचालित क्लीनिकों में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय टीम की गाड़ी देखते ही कई अवैध क्लीनिकों के संचालक शटर गिराकर मौके से गायब हो जा रहे हैं।

शनिवार को सीएमओ मुकेश रस्तोगी के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सीएचसी पचपेड़वा के प्रभारी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल तथा वरिष्ठ लिपिक राजेश सिंह की टीम गनेशपुर बाजार पहुंची। यहां बिना रजिस्ट्रेशन संचालित श्री राम जानकी चिकित्सालय की जांच की गई। जांच में पाया गया कि संचालक क्रांति कुमार त्रिपाठी आयुर्वेदिक अनुमति के विपरीत एलोपैथिक दवाओं का प्रयोग कर मरीजों का उपचार कर रहे थे। अनियमितताएं मिलने पर टीम ने क्लीनिक में ताला लगाकर उसे सील कर दिया। साथ ही संचालक को नोटिस भी जारी किया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सील किए गए क्लीनिक के संचालक के खिलाफ पचपेड़वा थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों में खलबली मची हुई है।

# युवक की मौत मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार Follow UP**

**बलरामपुर अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के पाठकपुरवा सेमरहना गांव में युवक की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा के बीच पुलिस की इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल को पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। मारपीट में गांव निवासी मालिकराम निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया था।

घायल मालिकराम निषाद का उपचार चल रहा था, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ा दी।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने शनिवार को वांछित आरोपी जुगनू उर्फ सलीम पुत्र इसराइल, निवासी जबदही, थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अमित चौहान, हेड कांस्टेबल संजय राय और हेड कांस्टेबल नीरज गिरी शामिल रहे।

# दुकान पर बसूले से हमला, युवक गंभीर

**पचपेड़वा, बलरामपुर अमृत विचार :** जुड़ीकुइया चौराहे के पास स्थित एक फर्नीचर दुकान पर काम में देरी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कारीगर ने अपने बेटे के साथ मिलकर दुकान मालिक पर बसूले से हमला कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जोगनिया पोखरभिटवा निवासी अम्बर लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह भांजे विजय कुमार उर्फ बबलू की बुद्धा फर्नीचर दुकान की देखरेख करते हैं। विजय ने दो बेड तैयार करने का ऑर्डर लिया था, जिसे दुकान पर काम कर रहे पुल्लू मिस्त्री को दिया था। समय पर काम पूरा न होने पर विजय ने उसे डांट दिया। इससे नाराज पुल्लू ने अपने बेटे सद्दाम को बुला लिया। सद्दाम ने जातिसूचक शब्द कहे और विजय को पकड़ लिया। इसी दौरान पुल्लू ने बसूले से गर्दन पर वार कर दिया।

# लोगों के लिए मुसीबत बना डायवर्जन



बलरामपुर बस अड्डे पर लखनऊ जाने के लिए परेशान यात्री। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** सरयू नदी पर बने संजय सेतु की मरम्मत के चलते भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित होने से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अब लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। अयोध्या और बहराइच से चहलारी घाट होकर किए गए डायवर्जन ने सफर को न केवल लंबा बना दिया है बल्कि महंगा और समयसाध्य भी कर दिया है।

यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन निगम ने त्वरित कदम उठाते हुए लखनऊ रूट पर बसों की संख्या में ढाई गुना से अधिक वृद्धि की है। पहले जहां इस मार्ग पर करीब 20 बसें संचालित होती थीं वहीं अब दूसरे ही दिन संख्या बढ़ाकर 37 कर दी गई। इसके अलावा घाघरा घाट तक के लिए दो अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद यात्रियों की भीड़ के सामने यह व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। डायवर्जन के कारण बसों का रूट बदलने से दूरी में करीब 50 से 70 किमी तक की बढ़ोतरी हुई है। इसका सीधा असर किराये पर पड़ा है। पहले लखनऊ तक का सफर 231 से 272 रुपये में पूरा हो जाता था लेकिन अब यात्रियों को 100 से 200 रुपये तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है। कई मामलों में किराया बढ़कर 370 रुपये तक पहुंच गया है। रूट लंबा होने से बसों के संचालन समय पर भी असर पड़ा है। जहां पहले यह सफर तय समय में पूरा हो जाता था वहीं अब अयोध्या होकर आने-जाने में ढाई से तीन घंटे तक की देरी हो रही है। इससे यात्रियों को बस अड्डों पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यात्रियों ने बताया कि बसों के लेट होने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लखनऊ जाने वाले यात्रियों ने बताया कि अब यात्रा में पहले की तुलना में तीन घंटे अधिक लग रहे हैं। परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित के अनुसार यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लगातार बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जरूरत के अनुसार आगे भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

# शादी से पहले दहेज की मांग पड़ी भारी

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** एक गांव की लड़की ने शादी से पहले दहेज की मांग को लेकर दूल्हे के खिलाफ छेड़खानी व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। लड़की ने बताया कि 2025 में उसकी शादी नवाबगंज के सुभागपुर निवासी अभिषेक से तय हुई थी। एक होटल में सगाई की रस्म की गई थी जिसमें लगभग 500,000 लाख खर्च हुआ था। आरोप है कि 30 जुलाई को जब नन्दनी नगर महाविद्यालय में एडमिशन कराने गई तो अभिषेक ने फोन करके अयोध्या के एक रेस्टोरेंट में बुलाया जहां छेड़छाड़ की। ऐसा करने से रोका और कहा कि पहले शादी हो जाने दीजिए। इस पर अभिषेक नाराज हो गया और शादी के10 दिन पहले से चार पहिया गाड़ी व सोने की चेन मांगने लगा। न देने पर शादी तोड़ने की धमकी दे रहा है।



निर्विरोध निर्वाचित किए गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## कुलदीप अध्यक्ष, आशुतोष दुबे महामंत्री निर्वाचित

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देशन में शनिवार को विकासखंड परसपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय दर्जिन पुरवा के प्रांगण में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों की सहभागिता रही। संगोष्ठी के दौरान संगठन के नए पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार एवं अध्यक्ष इटियाथोक अमित कुमार की देखरेख में कुलदीप सिंह को अध्यक्ष, आशुतोष दुबे को महामंत्री तथा हरि शंकर तिवारी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कमला पति त्रिपाठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविन्द मिश्रा को संगठन मंत्री, हरेंद्र चतुर्वेदी एवं मुनीजर कनौजिया को उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र को मीडिया प्रभारी, विवेक सिंह को प्रचार मंत्री तथा सोमेश सिंह को ऑडिटर घोषित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, जनपदीय कोषाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री आशीष द्विवेदी, अध्यक्ष बेलसर पुष्कर तिवारी, संयोजक रूपईडीह मोहित द्विवेदी, अध्यक्ष मनकापुर जितेंद्र कुमार वर्मा, इटियाथोक से कमल किशोर नरवरिया एवं मंत्री स्वामीनाथ उपाध्याय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षक एकजुटता और संगठन की मजबूती पर बल दिया।

# रंजिश में लाठी डंडों से पिटाई

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमसड़ा पूरे विछईपुरवा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई।

पीड़ित राजेश ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया है कि शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे गांव के ही मनीष और औतार ने उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंची उसकी पत्नी नीतू और भाभी विमला को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।





संगोष्ठी में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## अंबेडकर सम्मान अभियान में गूंजे समरसता के संदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला स्थित शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इमिलिया बनघुसरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र और विधायक राम प्रताप वर्मा ने दीप जलाकर किया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा कि बाबा साहब ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सशक्त और समृद्ध भारत का सपना देखा था, जिसे केंद्र और प्रदेश सरकार आगे बढ़ा रही है। विधायक राम प्रताप वर्मा ने भी बाबा साहब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवानंद गुप्त, जिला महामंत्री महेंद्र पांडेय, सियाराम सरोज, तोताराम वर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, फणीन्द्र गुप्ता, संदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उतरौला नगर में जाम से जनजीवन बेहाल

**उतरौला, बलरामपुर अमृत विचार :** वर्षों से जाम की समस्या से जूझ रहे उतरौला नगरवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब तक इस गंभीर समस्या का कोई समाधान नहीं निकल सका है।

नगर पालिका द्वारा पूर्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया। अभियान के दौरान व्यापारियों और आम लोगों को असुविधा हुई, लेकिन आज भी अतिक्रमण जस का तस बना हुआ है। नगर में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से लोग सड़क किनारे और जहां-तहां वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी और अव्यवस्थित संचालन भी समस्या को बढ़ा रहा है। स्थानीय निवासी मंजूर कुरैशी, नौशाद,



भारी वाहनों के कारण लगा जाम।

अजय और एजाज मालिक ने बताया कि कस्बे के अंदर कई विद्यालय हैं, जहां आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को रोजाना जाम से जूझना पड़ता है।

उतरौला मुख्य चौराहे से हाटन रोड तिराहे तक भारी वाहनों की आवाजाही से अक्सर लंबा जाम लग जाता है। जबकि इन वाहनों के लिए बाईपास मार्ग निर्धारित है, फिर भी वे कस्बे के भीतर से गुजरते हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

**समाधान दिवस** | तुलसीपुर तहसील में डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिया निर्देश

# शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

तुलसीपुर, बलरामपुर



समाधान दिवस के दौरान लोगों की शिकायत सुनते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील तुलसीपुर में शनिवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई की गई। डीएम ने अधिकारियों को दो टूक कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल कागजी निस्तारण नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप प्रभावी समाधान होना चाहिए। भूमि विवाद और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर विवाद निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे गांवों को चिन्हित करने को कहा, जहां भूमि विवाद अधिक हैं। इन संवेदनशील ग्रामों में विशेष चौपाल लगाकर राजस्व और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए स्वयं स्थल निरीक्षण कर तय समय सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, एसडीएम तुलसीपुर, सीओ तुलसीपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर एमएलके पीजी कॉलेज में प्रतियोगिताओं की धूम, महक अव्वल



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ शिक्षक।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय से संबद्ध महारानी लाल कुमारी पीजी ग्रेजुएट कॉलेज में शुक्रवार को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडे के निर्देशन तथा सांस्कृतिक निदेशक प्रो. रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिव पुराण आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन शीर्षक, रंग संयोजन एवं स्वच्छता के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. बी.एल. गुप्ता, डॉ. अनुज सिंह एवं श्री सिद्धार्थ मोहन्ता शामिल रहे। प्रतियोगिता में महक तिवारी (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से सुरेंद्र यादव (बीए तृतीय वर्ष) एवं वंदना पांडे (बीएड) को मिला। वहीं तृतीय स्थान तृप्ति पाठक (बीए तृतीय वर्ष) और शगुन पाठक (बीएड) ने संयुक्त रूप से हासिल किया।

## सोमनाथ दर्शन को रवाना हुए 10 तीर्थयात्री

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला प्रशासन की पहल पर सोमनाथ मंदिर दर्शन के लिए चयनित 10 तीर्थयात्रियों का दल शनिवार को रवाना किया गया। इन यात्रियों के चयन की जिम्मेदारी दीनदयाल शोध संस्थान को सौंपी गई थी, जिसके तहत कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव पहुंचकर पात्र श्रद्धालुओं का चयन किया। पचपेड़वा क्षेत्र के महाराणा प्रताप प्रमोदय इंटर कॉलेज इमलिया कोडर परिसर से श्रद्धालुओं को रोली-चंदन लगाकर विदाई दी गई। चयनित यात्रियों में राम सुंदर, राम उजागर, चंद्रभान, तुलसीराम, राम खोलई और शिवपूजन समेत अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष ने बताया कि पचपेड़वा के जनजातीय क्षेत्र से पांच तथा जिले के अन्य क्षेत्रों से पांच श्रद्धालुओं को इस यात्रा के लिए चुना गया है। सभी तीर्थयात्री शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार से औपचारिक रूप से सोमनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि यात्रियों के आने-जाने, भोजन, आवास तथा यात्रा के दौरान अन्य सभी खर्चों की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

## पायनियर पब्लिक स्कूल में कला प्रतियोगिता आयोजित



कला प्रतियोगिता में अपनी रचना दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, कालीथान बलरामपुर में शनिवार को कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए भव्य कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी तथा उप प्रधानाचार्य शिखा पांडेय व राघवेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता की थीम 'मदर डे' रही, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और भावनाओं को रंग-बिरंगे चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने मां के त्याग, स्नेह और महत्व को आकर्षक ढंग से उकेरकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 1 में आराध्या, कक्षा 2 में श्रद्धा, कक्षा 3 में हलाता, कक्षा 4 में साक्षी, कक्षा 5 में एसके सौर्य, कक्षा 6 ए में मेधावी, कक्षा 6 बी में दक्षेस, कक्षा 7 में आलिया तथा कक्षा 8 में रिद्धी प्रथम स्थान पर रहीं।

प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मक क्षमता विकसित होती है और उन्हें अपनी भावनाएं व्यक्त करने का अवसर मिलता है।

## स्कूलों में लगाए जा रहे आधार कैंप



आधार अपडेट जागरूकता में शामिल बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा राज्य सरकार के सहयोग से स्कूलों में आधार कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल में आधार कैंप के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता कराकर बच्चों को आधार अपडेट के महत्व से अवगत कराया गया। जिन बच्चों ने बायोमेट्रिक अपडेट कराया उन्हें उपनिदेशक आदित्य प्रकाश वाजपेई और स्कूल प्राचार्य मुहम्मद असिम रूमी द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी करने पर बच्चों के आधार में बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो) कराना अनिवार्य है। यह अपडेट न होने पर स्कूल प्रवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन, छात्रवृत्ति और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) जैसी सुविधाओं का लाभ लेने में दिक्कत आ सकती है। उपनिदेशक ने जानकारी दी कि जल्द ही जिला अस्पताल के पास ऋषिता दरबार बिल्डिंग में चार किटों वाला नया आधार सेवा केंद्र शुरू किया जाएगा जिससे लोगों को आधार सेवाएं और आसानी से मिल सकेंगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने स्कूलों में बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट जल्द से जल्द सुनिश्चित कराएं।

## कल से स्कूलों में लगेगा डिप्थीरिया का टीका

**बलरामपुर अमृत विचार :** जनपद के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को डिप्थीरिया से बचाने के लिए 20 अप्रैल से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की टीमें विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को डिप्थीरिया का टीका लगाएंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने कहा कि डिप्थीरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है, जिससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है। इसलिए अभिभावक निर्धारित तिथि पर अपने बच्चों को टीका अवश्य लगवाएं। जिला स्वास्थ्य समिति ने विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें, ताकि जनपद के बच्चों को इस खतरनाक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

## शाखा प्रबंधक को गोली मारने की धमकी

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर बाजार में खुली एलएनटी फाइनेंस बैंक के शाखा प्रबंधक को दबंगों द्वारा गोली मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। कुशीनगर जिले के रहसू जनोवी पट्टी निवासी शाखा प्रबंधक राणा कुमार राव ने बताया की करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अभिजीत सिंह अपने 6-7 साथियों के साथ असलहा लेकर गुरुवार देर रात 8 .35 पर आये और बिना किसी खता के गाली-गलौज करते हुए कहा कि उनका रिनिवल लेटर 48 घंटे में दे दें नहीं तो तुमको गोली मार देंगे जिससे पूरा स्टाप डरा हुआ है और लड़के नौकरी छोड़ रहे हैं। जिसकी शिकायत थाने पर की है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शाखा प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

# समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करें अधिकारी

## महसी तहसील में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की अर्जी

संवाददाता महसी, बहराइच



फरियादियों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी प्रकाष सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, सीओ पवन कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान मोहन लाल पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि उसने कभी केसीसी नहीं करवाया है लेकिन उसके गाटा संख्या 281 मौजा दहाव की खतौनी में किसी अन्य व्यक्ति कल्लू पुत्र राम सनेही के नाम से बंधक हो गयी है। जबकि कल्लू इस गाटा संख्या के खातेदार भी नहीं है। मोहन लाल द्वारा खतौनी को बंधक मुक्त कराये जाने फरियाद की। जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल मोहन लाल की खतौनी पर बंधक मुक्त आदेश दर्ज कराकर खतौनी का दुरुस्त कर दिया गया। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाये कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले जरूरतमंद तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 27 में 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 22 में 02, कैसरगंज में 36 में 05, पयागपुर में 22 में 05, नानपारा में 32 में 06 तथा तहसील सदर में प्राप्त 15 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

### नानपारा में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**नानपारा, बहराइच :** उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में तहसील नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में विधुत, भूमि विवाद अवैध कब्जा राशन कार्ड, चकबंदी, पुलिस, विकास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अधिकारीगण द्वारा जनता की जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण को मौके पर जाकर शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं सभी शिकायतों की मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा महिला अपराध सम्बन्धी शिकायतों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जाए।

### न्यूज ब्रीफ

#### फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**सिरसिया, श्रावस्ती:** चार दिन से लापता एक व्यक्ति का शव जंगल में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के ऊधपुरवा निवासी बलीराम (45) पुत्र राम सुमिरन 14 अप्रैल को खेत में गेहूं की मढ़ाई करा रहा था। इस दौरान गेहूं घर ले जाने के लिए बोरा लेने खेत से घर के लिए रवाना हुआ। लेकिन घर नहीं पहुंचा और लापता हो गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को बलीराम का शव सोहेलवा जंगल में पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटका पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

#### सर्पदंश से महिला की हालत गंभीर

**जमुनहा, श्रावस्ती:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ककरदरी निवासी प्रभादेवी (60) पत्नी रामविलास वर्मा शनिवार को घर पर रखे गेहूं रख रही थी। इसी दौरान उसकी उंगली में किसी विषैले सर्प ने काट लिया। इससे महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सीएचसी लाए जहां उसका इलाज चल रहा है।

#### मांगों को लेकर 21 को धरना देंगे पेंशनर्स

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो. उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 21 अप्रैल को श्रावस्ती के पेंशनर्स धरना प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गुरु नारायण पाठक ने बताया है कि भिनगा में धरना स्थल पर तीन बजे धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

## अलग-अलग मामलों में तीन दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** सिरसिया थाना क्षेत्र से चाकू व तमंचा बरामदगी के दो मामलों सहित मारपीट के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने सभी दोषियों को अर्थदंड से दंडित किया। सिरसिया पुलिस ने वर्ष 2008 में साहियापुर निवासी रामनरेश वर्मा पुत्र खुनखुन वर्मा को 312 बोर देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं 2015 में पुलिस ने सेमरा गब्बापुर निवासी कर्ताराम पुत्र शोभाराम को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेएम ने दोनों दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व प्रत्येक को 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं सिरसिया पुलिस ने भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आमवा के मजरा दतनगर निवासी शिवराज पुत्र बब्लूलाल को 2017 में मारपीट के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## फॉर्मर रजिस्ट्री की धीमी गति पर एसडीएम खफा

संवाददाता पयागपुर, बहराइच


जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ बैठक करते एसडीएम अश्वनी पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में आयोजित जनसेवा केंद्र संचालकों की बैठक में एसडीएम अश्वनी पांडेय ने फॉर्मर रजिस्ट्री की कछुआ चाल पर नाराजगी जताई। बैठक की शुरुआत में जब फॉर्मर रजिस्ट्री के आंकड़ों की समीक्षा की गई तो प्रगति काफी धीमी पाई गई। इस पर उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी जनसेवा केंद्र संचालक किसी भी किसान को फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए मना नहीं करेगा। बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य जनसेवा केंद्रों की अनिवार्य जिम्मेदारी है। यदि किसी भी केंद्र से किसान को वापस लौटाने की शिकायत मिली, तो बिना किसी नोटिस के उसकी आईडी ब्लॉक कर दी जाएगी बैठक में उपस्थित सीएससी जिला प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने भी संचालकों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक या अन्य किसी बहाने से काम रोकने वाले केंद्रों को चिह्नित किया जा रहा है। सभी संचालक अपनी कार्यक्षमता बढ़ाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें प्रशासन का मुख्य जोर इस बात पर है कि किसानों को अपने पंजीकरण के लिए भटकना न पड़े। एसडीएम ने कहा कि सभी संचालक अपने केंद्रों पर मुस्तैद रहें और शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस दौरान तहसील क्षेत्र के शुभम तिवारी, प्रियांशु तिवारी, अनुपम मिश्र, गौतम, अमन तिवारी सहित दर्जनों जनसेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

## नगर पंचायत के तीन मनोनीत सभासदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**पयागपुर, बहराइच:** तहसील सभागार में शनिवार को नगर पंचायत के मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विधायक सुभाष त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति में उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने नवनियुक्त सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान समर्थकों ने फूल-मालाओं से मनोनीत सदस्यों का भव्य स्वागत किया शासन द्वारा मनोनीत किए गए सभासद अजीत शुक्ल, कमलेश सिंह और संतोष गुप्ता ने पद की शपथ ली सभासदों ने शपथ लेने के उपरांत अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि वे नगर की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। शपथ ग्रहण के बाद विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि मनोनीत सदस्यों के आने से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और जनहित की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा समारोह का संचालन प्रशासनिक प्रोटोकॉल के तहत किया गया। अम्बिका चौधरी और अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह मौजूद रहीं जिनकी देखरेख में शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण हुई। कार्यक्रम में निशंक त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, सभासद बजरंग बहादुर शर्मा, मुकेश शर्मा ज्योति सरोज, सभासद प्रतिनिधि पिंटू सिंह समेत भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## छात्रों को मिली अग्नि सुरक्षा की जानकारी


छात्रों को आग से बचाव की जानकारी देते अग्निशमन कर्मी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** अग्निशमन विभाग 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इसी के क्रम में शनिवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में केन्द्रीय विद्यालय भिनगा में व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी ने फायरमैन मनीष कुमार व सौरभ मौर्य के साथ विद्यालय परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों सहित विद्यालय स्टाफ को आपात स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने की व्यवहारिक जानकारी प्रदान दी। इस दौरान सभी को आग के विभिन्न प्रकार, उनके कारणों तथा उनसे बचाव एवं नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। अग्निशमन टीम ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें, तत्काल सुरक्षित स्थान की ओर जाएं और उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करें। साथ ही, प्राथमिक स्तर पर आग पर नियंत्रण पाने के उपायों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. आरके श्रीवास्तव, शिक्षक एसपी मिश्रा, श्याम लाल, राम बिहारी मिश्रा, महेन्द्र नाथ, अम्बिका प्रसाद व अभिनव चतुर्वेदी सहित अन्य स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# डीएम ने घाघरा घाट पीपा पुल का किया निरीक्षण

जरवल रोड, बहराइच


पीपा पुल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर घाघरा घाट स्थित संजय सेतु के बगल बनाए गए अस्थायी पीपा पुल का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पुल की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्थाओं और यातायात संचालन का जायजा लिया। ड्यूटी पर कार्य सभी कर्मचारी अपने-अपने स्थान पर मौजूद मिले निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी आयुष विक्रम सिंह, सीओ डीके श्रीवास्तव, एसडीएम अखिलेश सिंह सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अवर अभियंता अनंत मौर्य से पीपा पुल के निर्माण और संजय सेतु के मरम्मत कार्य से जुड़ी विस्तृत जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने पीपा पुल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि रात के समय आवागमन सुरक्षित और सुगम बना रहे। साथ ही, पुल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा घाघरा घाट चौकी प्रभारी दिनेश कुशवाहा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद डाक बंगले में स्थित समन्वय बैठक भी की है जहां पर उड़ रही धूल पर पानी के छिड़काव तथा पीपा पुल पर रात के समय लाइट की व्यवस्था करने की बात कही।

## मां के साथ जा रहे बालक पर कुत्ते ने किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले के रिसिया इलाके में मां के साथ खेत जा रहे एक दस साल के मासूम पर अचानक कुत्ते ने हमला कर दिया , चीख सुनकर आस पास मौजूद ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद जानवर उसे छोड़ कर भाग गया। घायल मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिसिया थाना क्षेत्र में स्थित राजेंद्र नगर के रहने वाले अकरम अली का दस साल का बेटा शबान शनिवार को अपनी मां के साथ कुछ दूर पर स्थित खेत जा रहा था । तभी रास्ते में एक कुत्ते ने अचानक मासूम पर हमला कर दिया । मां के शोर मचाने पर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर दौड़े जिसके बाद उसकी जान बच सकी , हमले में उसके चेहरे पर घाव हो गया। परिवार के लोगों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है । जहां पर चिकित्सकों की ओर से उसका उपचार किया जा रहा है । ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन ने इलाके में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

## बहराइच के ऐतिहासिक स्थलों पर एलबम जारी


एलबम का अनावरण करते सेंटर प्रभारी सत्य भूषण सिंह। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय धरोहर दिवस के अवसर पर किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था के सेंटर फ़ार हिस्टारिकल स्टडीज़ द्वारा ज़िले की धरोहरों पर एक फोटो अलबम जारी किया गया। 'बहराइच की धरोहर' नाम से जारी इस अलबम में बहराइच के ऐतिहासिक स्थलों का संकलन किया गया है। सेंटर के प्रभारी डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि इतिहास की दृष्टि से महत्वपूर्ण संस्कृति, स्थल, सरोवर, क़िले और प्राचीन अवशेषों के इतिहास का संकलन किया जाएगा। उन्हें चिन्हित करते हुए इनमें से सौ महत्वपूर्ण स्थानों पर एक पुस्तक भी प्रकाशित की जाएगी जिससे उनके बारे में लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सतीश सिंह, प्राचीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, राजनीति शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर अनूप कुमार शुक्ल व अदिति जायसवाल, रसायन शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर आकांक्षा रस्तोगी, अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रीता सिंह, मध्यकालीन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

## पयागपुर में आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**बहराइच, पयागपुर:** ब्लॉक परिसर में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं की भीड़ ने महिला सशक्तिकरण का शंखनाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यक्रम में यूपीएस भूपगंज की छात्राओं ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित एकांकी नाटक प्रस्तुत कर वीरांगना के शौर्य को जीवंत कर दिया। स्वागत गीत और देशभक्ति गीतों पर शानदार डांस प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ब्लॉक परिसर में स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए, जहां महिलाओं को उज्ज्वला योजना, स्वयं सहायता समूह और कन्या सुमंगला जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया विधायक ने स्टालों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## समस्या हो तो हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत करें काल

**सिरसिया, श्रावस्ती:** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत शक्ति मोबाइल टीम की ओर से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को सिरसिया बाजार में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम की महिला आरक्षी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस टीम हमेशा तत्पर रहती है। महिलाओं को यदि किसी प्रकार की समस्या है तो वह हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 सहित अन्य नंबरों पर संपर्क करके मदद ले सकती हैं। वहीं, महिलाओं को साइबर ठगों से सतर्क रहने की अधिक आवश्कता होती है। साइबर ठग अक्सर ईनाम जीतने व लकी ड्रा के नाम पर ओटीपी, आधार नंबर, एटीएम पिन व अन्य निजी जानकारियों को मांगते हैं, लेकिन अनजान लोगों को कभी भी अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। निजी जानकारी उपलब्ध कराने पर आपके साथ धोखा हो सकता है। यदि साइबर ठगी का शिकार होती हैं तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देकर शिकायत दर्ज कराएं।

## संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला शव

**बदला चौराहा, श्रावस्ती :** पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने फांसी लगा ली। इससे महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलसीपुर के मजरा अड़राई गांव निवासी हाशिम ने अपनी पुत्री नसीबुल (25) की शादी तीन वर्ष पहले हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के सलारू गांव निवासी मकसूद पुत्र साकी अली के साथ की थी। परिवारिक विवाद के चलते नसीबुल ने शुक्रवार देर रात घर के खपरैल में बड़ेर में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। इससे उसकी मौत हो गई। लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर हरदत्त नगर गिरंट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतरवाकर कब्जे में ले लिया। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


भिनगा तहसील में फरियाद सुनते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## तहसील समाधान दिवस में निपटे पांच मामले

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिले की तहसीलों में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल 37 मामले आए, जिनमें से पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हो सका। तहसील भिनगा में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय की अध्यक्षता के आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर ही तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस जमुनहा में 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर एक ही शिकायत का निस्तारण किया गया। वहीं इकौना में कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से एक का निस्तारण किया गया। इस दौरान एएसपी मुकेश चंद उत्तम, एसडीएम आशीष भारद्वाज, सीवीओ डा. सुनील कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग केपी मिश्र, ईओ डॉ. अनीता शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

## एआरटीओ ने किया वर्कशॉप का निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** परिवहन विभाग की ओर से शनिवार को वाहन एजेंसियों व वर्कशॉप का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एआरटीओ ने आवश्यक निर्देश डीएम इस दौरान एआरटीओ विनीत कुमार मिश्रा ने संबंधित एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न व हूटर आदि को लगाकर वाहनों की विक्री न करें। ऐसा करने पर उन्हें एक लाख रुपये तक का जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। वाहनों में अनियमित तरीके से किए गए परिवर्तन से लोगों के स्वास्थ्य पर तो दुष्प्रभाव पड़ता ही है, ध्वनि प्रदूषण से लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मानक के विपरीत वाहनों में परिर्तन कराने पर वाहन स्वामी को भी प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच-पांच हजार का जुर्माना व छह माह के कारावास की सजा हो सकती है। इस मौके पर यातायात प्रभारी मोहम्मद शमीम सहित अन्य मौजूद रहे।

## भुसैले में आग से महिला झुलसी, बछिया की मौत

**इकौना, श्रावस्ती :** गोसाई पुरवा में एक भुसैले में आग लग गई। मवेशियों को बचाने गई महिला झुलस गई। जबकि एक बछिया की झुलसकर मौत हो गई। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। इकौना थाना क्षेत्र अकबरपुर ग्राम पंचायत के मजरा गोसाई पुरवा में गांव निवासी राम भवन गोस्वामी पुत्र हरिप्रसाद के बुसौला में शनिवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। भुसैले में अगल में ही एक दर्जन मवेशी बंधे हुए थे। राम भवन की पत्नी मीना देवी ने साहस दिखाते हुए रस्सी काटकर सभी मवेशियों को बाहर भगा दिया। लेकिन इस दौरान अंदर खड़ी बाइक की टंकी आग से फट गई और आग ने बिकराल रूप ले लिया। जिसमें मीना देवी झुलस गई और अंदर बंधी एक बछिया को बाहर नहीं निकाल पाई। इससे बछिया की झुलसकर मौत हो गई। साथ ही अंदर की गेहूं रखा हुआ था वह भी जलकर राख हो गया। हवा के कारण आग तेजी से अन्य घरों की ओर से बढ़ने लगी। लोगों की ओर सक फायर विभाग को सूचना दी गई। मौके पर इकौना थाना प्रभारी परमानंद तिवारी दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस व दमकल टीम ने लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। मीना देवी ने बताया कि गेहूं, बाइक व मवेशियों के लिए रखा भूसा राख हो गया। कानूनगो संतोष तिवारी व लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर क्षति आंकलन किया।

## युवक ने किशोरी पर चाकू से किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर के बरामदे में लेटी 12 साल की किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। मटेरा स्थित किशनपुर मीठा ग्राम में रहने वाली रजिया उम्र 12 वर्ष घर के बरामदे में सो रही थी। तभी इलाके का रहने वाले युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल किशोरी ने परिजनों से बताया कि युवक ने उससे पहले पानी मांगा जब उसने मना किया तो पेट पर चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी मटेरा थाने पर देते हुए किशोरी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी मटेरा हरिकेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर सोनू नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है।

**आयोजन** — पंडित राधेश्याम पांडेय सरस्वती इंटर कॉलेज जमोगा चरदा में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक समारोह

# छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोह लिया मन

संवाददाता बाबागंज, बहराइच


मेजर एसपी सिंह का स्वागत करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीमावर्ती विकास खण्ड नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत पंडित राधेश्याम पांडेय सरस्वती इंटर कॉलेज जमोगा चरदा में शनिवार को वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुए इस समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन (लैंप लाइट) के साथ हुआ, जिसके बाद "देवा श्री गणेशा" गीत पर प्रिया भार्गव, रुक्मिणी सिंह और रितेश शर्मा ने आकर्षक प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सोशल मीडिया पर आधारित समूह गीत में छात्र कर्तव्य, उमंग, विशाल मौर्य, दिव्यांश पांडेय, देववीर सिंह, आदर्श पटेल सहित अन्य छात्रों ने आधुनिक जीवन की झलक प्रस्तुत की। "दिल है छोटा सा" और "चार युग थीम सॉन्ग" जैसे समूह नृत्यों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं शिक्षा का महत्व नाटक के माध्यम से छात्रों ने शिक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। "मोबाइल बुरी बला है" नाट्य-गीत ने वर्तमान समाज की गंभीर समस्या को उजागर कर सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। "स्कूल चले हम" और "हम इंडिया वाले" जैसे देशभक्ति गीतों एवं समूह नृत्यों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। "मोहे मोर बनैहो", "आयो रे शुभ दिन आयो", "कजरारे" जैसे रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह में रंग भर दिए। विशेष आकर्षण के रूप में वेनिस का व्यापारी नाटक ने अंग्रेजी साहित्य की झलक प्रस्तुत की, जबकि मादक पदार्थों की लत और ऑपरेशन सिंदूर जैसे नाटकों ने सामाजिक बुराइयों पर तीखा प्रहार किया। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत "आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे" गीत ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा "रंगीलो मारो ढोलना", "कॉलेज की लड़कियां", "हर दिन ऐसे जियो", "नेपाली सॉन्ग", "मशअप सॉन्ग", "नारी शक्ति", "मुकाबला", "बोलो तारा रा", "राधा", "गुर्जर का खर्चा" और हरियाणवी गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान पी.जी. कॉलेज बहराइच के सचिव डॉ. एसपी सिंह मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधक कौशलेन्द्र पांडेय एवं प्राचार्य बीएस मिश्रा ने आभार जताया।

## बुद्धेश्वर नाथ के पास मिला अज्ञात शव

**खैरीघाट, बहराइच:** थाना खैरीघाट अंतर्गत एक अज्ञात शव पड़ा मिला । ग्राम दुदधाधारी वैवाही चौकी के निकट सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों द्वारा एक शव देखा गया जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया गया है तथा उसकी पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया ग्रामीणों ने सुबह शव को बुद्धेश्वर नाथ मंदिर के पास पड़ा हुआ देखा जिसकी सूचना हमलोगों को दी गई ग्रामीणों द्वारा यह जानकारी मिली है कि कई बार इनको मंदिर के आस पास देखा गया है।



पिया बाज प्याला पिया जाए ना
पिया बाज यक तिल जिया जाए ना

कुली कुतुब शाह कहते हैं, ईश्वर के बिना जीवन का आनंद नहीं लिया जा सकता। इसी तरह प्रियतम के बिना भी एक पल भी जीना मुश्किल है।

# जीवन की सांध्य बेला में निराश हैं वृद्ध माता-पिता

> मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरद: शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है।

अमेरिका की समाज व्यवस्था व्यक्तिवादी है। संयुक्त परिवार व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में रहने वाले तमाम भारतवासी हमारे परिचित हैं। वे अपने पुत्रों के किस्से सुनाते हुए भावुक हो जाते हैं। आंखें छलछला जाती हैं। ताजी घटना ने मुझे मर्माहत किया है। मेरे एक मित्र के दोनों पुत्र परिवार सहित अमेरिका में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम दिनों में पत्नी के साथ अकेले रह गए।

बीमारी के समय न तो संतानें साथ थीं और न ही उचित देखभाल का सहारा मिला। निधन के उपरांत एक पुत्र और दूसरे की पत्नी औपचारिक रूप से आए, किंतु अंतिम संस्कार तक में वह श्रद्धा परंपरा का भाव नहीं। अस्पताल से सीधे श्मशान ले जाकर बिना विधि-विधान के अंत्येष्टि कर दी गई। घर तक लाना भी आवश्यक नहीं समझा गया। घटना बदलते पारिवारिक मूल्यों और वृद्ध की उपेक्षा का मार्मिक उदाहरण है।

मृत्यु जीवन का अंत है। वृद्धावस्था जीवन ऊर्जा का अवसान है। क्या मृत्यु दुख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है, लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद जीवन की स्तुति है। इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है। वृद्धावस्था में दृष्टि सहित अधिकांश इन्द्रियां काम नहीं करतीं। बुढ़ापे के कष्टों की ओर वैदिक समाज का ध्यान गहरा है। जीवन अमूल्य है। वृद्ध हमारे समाज का अनुभव समृद्ध भाग हैं। उनके जीवन को कष्टरहित बनाना समाज का कर्तव्य है।

वृद्धों की सेवा उनके पुत्रों-पौत्रों का प्रथम वरीयता वाला दायित्व है। यह राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य सतर्क है। इस पर कानून भी है, लेकिन समाज इस महत्वपूर्ण समस्या पर सजग व सतर्क नहीं है। भारतीय समाज जीवन संयुक्त परिवारों में विकसित हुआ है। ऐसे परिवारों के सुख-दुःख साझे रहे हैं। वृद्ध अपने बड़े परिवारों में आनंदित रहते हैं, लेकिन अब संयुक्त परिवारों की परंपरा टूट गई है। सब एकाकी रहना चाहते हैं। वृद्ध अकेले हो रहे हैं। वे उपयोगी नहीं माने जाते। वे अशक्त है। आधुनिक उपयोगितावाद के कारण वृद्धावस्था के शारीरिक कष्टों में अब मानसिक संताप भी जुड़ गए हैं। ज्यादातर वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाए कुचालक हो रही हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

सभी प्राणी काल के भीतर हैं। मनुष्य भी। जन्म और शैशव ऊषाकाल है। बचपन संभावनाओं का बीज है। संभावना का बीज फूटता है। जीवन ऊर्जा से भरीपूरी तरुणाई आती है। तरुणाई भी स्थिर नहीं है। 40-50 शरद पूर्णिमा आई, गई। जीवन का संध्या काल आया। ऊर्जा घटी, शरीर टूटा। प्राचीन कवि बता गए हैं-शीर्यते इति शरीरं। जो शीर्ण होता रहता है, वह शरीर है। शरीर सतत् क्षरणशील है। 60 वर्ष के आसपास आ जाती है वृद्धावस्था। आयुर्वेद के ग्रंथ शारंगधर संहिता में मनुष्य शरीर के क्षरण का सुंदर उल्लेख है।

लिखा है कि प्रत्येक 10 वर्ष बाद भाव ह्रास के लाक्षणिक परिवर्तन आते हैं। जीवन के पहले 10 वर्ष में मनमौजी बाल्यावस्था का ह्रास होता है। फिर अगले 10 वर्ष में वृद्धि का ह्रास होता है। वृद्धि रुक जाती है। फिर अगले 10 वर्ष में कांति चेहरे की दीप्ति का ह्रास, फिर आगे के 10 वर्ष में धारणा का ह्रास होता है। 5वें दशक में सौंदर्य का ह्रास और छठे में दृष्टि का ह्रास बताया गया है। 7वें दशक में ऊर्जाबल का ह्रास, फिर पराक्रम और बुद्धि का ह्रास होता है।'

आधुनिक विज्ञान ने इस ह्रास को घटाया है, लेकिन प्रकृति के नियम अपना काम करते ही हैं। वृद्ध होना सबकी नियति है। बुढ़ापा अभिशाप नहीं है। वृद्धों के पास संसार के जीवंत अनुभवों का कोष होता है। अनुभव का कोष महत्वपूर्ण है। वृद्ध के पास दिशा होती है, युवक के पास गति और ऊर्जा। वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी है।

माता-पिता भी मार्गदर्शक संरक्षक होते हैं। वे न होते तो हम न होते। ऋग्वेद में पृथ्वी माता है, आकाश पिता है। इस उदाहरण में विराट पृथ्वी और अनंत आकाश की तुलना माता-पिता से की गई है। माता-पिता से हमारे अंतर्संबंध एकात्म हैं। वे जनक है। वे हमारा भविष्य संवारने में जुटे दो देव हैं। वे प्रतिपल प्यार और शुभांशंसा उंडेलने वाले शक्ति केंद्र हैं। उनका आदर और सम्मान हमारा कर्तव्य है। माता-पिता के प्रति हमारा सम्मान अतर्क्य है। ऋषि की इच्छा है कि हम पृथ्वी को मां जैसी और आकाश को पिता जैसी प्रतिष्ठा दें।

ऋग्वेद (10.22.3) में इंद्र से कहते हैं 'जैसे पिता अपने पुत्र को संरक्षण देता है, आप हमें वैसे ही संरक्षण दें- पिता पुत्रमिव प्रियम्।' यहां पिता का संरक्षण सबसे बड़ा है। ऋषि की कामना है कि इंद्र भी उसे पिता जैसा संरक्षण दें। हाथ पकड़े रहें, हम गिरें तो वे तत्काल उठा लें। एक अन्य मंत्र में इंद्र से प्रार्थना है कि आप हमें पिता की तरह बुद्धि दें- प्रमतिपितेव। इंद्र ज्ञानी हैं। यह समाज की मान्यता है, लेकिन पिता द्वारा दी गई बुद्धि की बात ही दूसरी है। ऋषि पिता की बुद्धि को श्रेय जानता है। देव सामाजिक मान्यता हैं। पिता यथार्थ हैं। प्रत्यक्ष संरक्षक व सुखदाता है। सोम से स्तुति है, 'हमें वैसे ही सुखी रखो, जैसे पिता पुत्र को सुखी रखता है।' सुख कई तरह का होता है। प्रिय का मिलन सुख है। प्रकृति की अनुकूलता सुख है। इच्छा का पूरा होना भी सुख है, लेकिन ऋषि पिता द्वारा दिए गए सुख से सराबोर है।

माता-पिता बचपन में पोषण देते हैं, पढ़ाते हैं सिखाते हैं। वे स्वयं की चिंता नहीं करते, अपना भविष्य नहीं देखते। हम सबके सुखद भविष्य का तानाबाना बुनते हैं। हम तरुण होते हैं, पिता वृद्ध होते हैं। हम तरुणाई से और परिपक्व होते हैं, पिता और वृद्ध होते हैं। जब हम तेज रफ्तार जीवन की गतिशीलता में होते हैं, तब माता-पिता उठते ही गिर पड़ते हैं। वे बचपन में हमको गिरने से बचाते थे। ऋषि को स्मृति में ऐसे तमाम प्रसंग हैं। एक ऋषि अग्नि से स्तुति करते हैं, 'हमें वैसे ही उछालो जैसे हमारे पिता हमको उछालते थे'। बचपन में माता-पिता हमको उछालते थे। हम उनकी गोद में गिरते थे। खिलखिलाते हंसते थे। क्या उन्हें हम उनकी वृद्धावस्था में अपनी गोद में बैठा सकते हैं?

अधिकांश वृद्ध माता-पिता जीवन की सांझ में निराश हैं। पुत्र अपने काम में व्यस्त हैं। माता-पिता अकेले हैं। कुछेक को दवा भोजन मिलता है, लेकिन प्रेम नहीं। उन्हें वृद्धावस्था में संरक्षण की जरूरत है, लेकिन कमाऊ पुत्र डांट रहे हैं, वृद्ध व्यथित हैं। सरकारें वृद्धाश्रम बना रही हैं। यह राष्ट्रव्यापी समस्या है। इसका उपचार प्राचीन संस्कृति और वैदिक सभ्यता है। भारत के अपने इतिहास में माता-पिता के आदर व श्रद्धा वाला संस्कारी समाज था। वैसा ही संस्कारी समाज बनाने के लिए माता-पिता का संरक्षण पाना और वृद्धावस्था में उन्हें संरक्षण देना कोई बड़ा काम नहीं है। यह सांस्कृतिक प्रश्न है। सामाजिक प्रश्न है और पारिवारिक आनंद की प्राप्ति का मार्ग भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समाज के कटघरे में खड़ी आजाद स्त्री

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाज़ा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है, लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है। भारत में आज लाखों महिलाएं अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।



कृति जैन
लेखिका

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र व आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है व स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

> अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं।

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहां अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

अकेली महिलाओं की कठिनाइयां केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढांचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएं और अनेक सरकारी सुविधाएं आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# अनंत समृद्धि का दिन है अक्षय तृतीया

अक्षय तृतीया हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्योहार हर वर्ष बैसाख माह में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं, क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं।

अक्षय तृतीया का पर्व बसंत व ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है, जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है, क्योंकि सतयुग की समाप्ती पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था, इसीलिए इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है, इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है, कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है, जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में बैसाख के बसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं, जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला, इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

जैन धर्म में भी अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# रैंकिंग में भारत के फिसलने के मायने

> भारत का छठे स्थान पर जाना एक झटका जरूर है, लेकिन इसे संकट के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। यह एक चेतावनी भी है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में केवल तेजी से बढ़ना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मुद्रा स्थिरता और सटीक आंकड़ों की भी उतनी ही अहम भूमिका है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हाल में आई एक खबर ने बहस छेड़ दी है-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रैंकिंग में भारत छठे स्थान पर खिसक गया है। यह वही भारत है, जिसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या सच में भारत कमजोर हो रहा है या यह केवल आंकड़ों का खेल है?

आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, 2025-26 के अनुमानों में भारत की जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने की संभावना है, जबकि ब्रिटेन 4.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ एक पायदान ऊपर पहुंच गया है। इससे भारत छठे स्थान पर चला गया। अमेरिका और चीन पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं, जबकि जर्मनी, जापान और ब्रिटेन भारत से आगे हैं। पहली नजर में यह गिरावट चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर तस्वीर कुछ अलग नजर आती है। यह बदलाव विकास दर में गिरावट के कारण नहीं, बल्कि गणना के तरीके और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से जुड़ा है।



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

जीडीपी की वैश्विक तुलना अमेरिकी डॉलर में होती है। यही वह बिंदु है, जहां भारत को झटका लगा। पिछले एक साल में भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है- 93 के पार पहुंचना इसका संकेत है।

इसे सरल भाषा में समझें। मान लीजिए भारत में उत्पादन और आय बढ़ रही है, लेकिन रुपया कमजोर हो रहा है। ऐसे में जब उसी उत्पादन को डॉलर में बदला जाएगा, तो उसकी वैल्यू कम दिखाई देगी। यानी असल में अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय तुलना में वह छोटी दिखने लगती है। यही कारण है कि भारत की जीडीपी डॉलर में कम आंकी गई और रैंकिंग नीचे खिसक गई।

भारत सरकार ने हाल ही में जीडीपी मापने के लिए बेस ईयर को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है। यह एक तकनीकी, लेकिन बेहद अहम बदलाव है। बेस ईयर बदलने का मतलब है कि अब अर्थव्यवस्था को नए डेटा और नए मानकों के आधार पर मापा जा रहा है। इससे आंकड़े ज्यादा सटीक होते हैं, लेकिन जब पुराने वर्षों की जीडीपी को नए तरीके से दोबारा कैलकुलेट किया गया, तो कुछ सेक्टरों में अनुमान कम हो गए। इस बदलाव से नॉमिनल जीडीपी में करीब दो से चार प्रतिशत तक की कमी दिखी।

यहां सबसे दिलचस्प पहलू सामने आता है। एक तरफ भारत 6.5% की दर से बढ़ रहा है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है। दूसरी तरफ उसकी रैंकिंग गिर रही है। विकास दर और कुल जीडीपी का आकार दो अलग चीजें हैं। विकास दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है, जबकि जीडीपी का आकार दर्शाता है कि कुल अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। भारत तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी अमेरिका, चीन, जर्मनी जैसे देशों की तुलना में उसका कुल आकार छोटा है। ऐसे में यदि मुद्रा कमजोर हो जाए या आंकड़ों में बदलाव हो जाए, तो रैंकिंग प्रभावित होना स्वाभाविक है।

ब्रिटेन ने इस बार भारत को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हैं-पहला, ब्रिटेन की मुद्रा अपेक्षाकृत स्थिर रही; दूसरा, वहां के आर्थिक आंकड़ों में ऐसा कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ जैसा भारत में हुआ। यानी जहां भारत को रुपये की कमजोरी और बेस ईयर बदलाव का दोहरा झटका लगा, वहीं ब्रिटेन अपेक्षाकृत स्थिर बना रहा।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट स्थायी नहीं है। इसके पीछे कोई बुनियादी आर्थिक कमजोरी नहीं है। भारत की खपत, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मजबूत स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग है। इसके अलावा सरकार का इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार बनी रही, तो भारत 2027-28 तक फिर से चौथे स्थान पर पहुंच सकता है।

भारत के सामने अब दो बड़ी चुनौतियां हैं- मुद्रा को स्थिर रखना और आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखना। रुपये की स्थिरता के लिए मजबूत निर्यात, विदेशी निवेश और वित्तीय अनुशासन जरूरी होगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# शारीरिक और मानसिक आघात पहुंचाने वाली बातों को भूलना श्रेयस्कर

कभी-कभी जीवन में ऐसी घटना हो जाती है कि उससे इंसान स्थायी रूप से क्रोधी हो जाता है। जब कभी उस घटना की याद आती है, तो क्रोध का पारा सातवें आसमान पर चढ़ जाता है। ऐसी ही घटना भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के साथ हो गया था। थे तो वे ऋषि, जिसका काम ज्ञान देना था, लेकिन परशुराम के साथ राजा सहस्रार्जुन से युद्ध की कथा भी महाभारत ग्रंथ में उल्लिखित है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सहस्रार्जुन राजा होकर अपने दायित्व से च्युत हो जाता है। ज्ञान के भंडार परशुराम के पिता जमदग्नि की हत्या तथा उनके आश्रम के पेड़ पर्यावरण संरक्षण पद्धति को नष्ट करता है। पेड़-पौधों को उजाड़ देने पर परशुराम ने बदला लिया, जो स्वाभाविक है। सनातन संस्कृति में वृक्षों को भगवान का दर्जा दिया गया है। धार्मिक कार्यों में संकल्प के दौरान 'वनस्पतयः शांतिः' का उल्लेख किया गया है। यानी वनस्पतियों की रक्षा करनी चाहिए। सहस्त्रार्जुन राजा होकर हिंसा पर उतारू हो गया, जबकि महाभारत के शांति पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर से कहा भी है कि लोकहित में ऋषि अपने ज्ञान एवं तपोबल तथा राजा अपने बाहुबल से प्रजा को सुख, शांति तथा उल्लास प्रदान करे।

चाणक्य भी इसी तरह की व्यवस्था के हिमायती थे। इसमें जो भी अपने दायित्व से विचलित होता है, वह दंड का भागीदार होता है। इन्हीं कारणों से परशुराम क्रोधी स्वभाव के हो गए। जब सीता स्वयंवर में शिव का धनुष टूटने पर परशुराम ने क्रोध किया, तो लक्ष्मणजी ने 'लखन कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल, जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिस्व प्रतिकूल' रामचरितमानस के दोहे में गोस्वामी तुलसीदास ने क्रोध को अनुचित बताया है।

यह क्रोध करने वाले के तन-मन पर बुरा प्रभाव डालता है। यदि जीवन में किसी ने कुछ अहित कर दिया, तो उसको भुलाने की सलाह दी जाती है। अंततः परशुराम जी का जब सामना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ, तो परशुरामजी ने अपना क्रोध त्याग दिया। जिन कारणों से शारीरिक एवं मानसिक आघात पहुंचे, उधर ध्यान ही नहीं देना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मर्द जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है!

मर्द रोता नहीं और जब रोता है, तब अक्सर बहुत देर हो चुकी होती है। यह वाक्य केवल एक संवाद नहीं है; यह एक सामाजिक प्रशिक्षण का सार है। लड़कों को बचपन से जिस ढंग से गढ़ा जाता है, वही आगे चलकर उनकी भावनात्मक दुनिया, व्यवहार और उनके आत्मबोध को आकार देता है।



घर में जब छोटा लड़का गिरकर रोता है तो अक्सर उसे कहा जाता है 'चुप हो जाओ, लड़के रोते नहीं।' स्कूल में उसे सिखाया जाता है कि वह मजबूत बने, प्रतियोगिता जीते, हार को छिपाए। खेल के मैदान में उसे दर्द सहने की आदत डालने को कहा जाता है। किशोरावस्था में उसे यह संकेत मिलता है कि संवेदनशीलता आकर्षक नहीं, सफलता और नियंत्रण ही सम्मान दिलाते हैं। यह सब मिलकर एक भावनात्मक अनुशासन बनाता है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति की पहचान का हिस्सा बन जाता है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि प्रारंभिक समाजीकरण व्यक्ति की भावनात्मक शब्दावली को प्रभावित करता है। यदि बचपन में भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति सीमित हो, तो वयस्क होने पर व्यक्ति उन्हें पहचानने और साझा करने में कठिनाई महसूस करता है। यही कारण है कि अनेक पुरुष अपनी बेचैनी, तनाव या अवसाद को स्पष्ट रूप से पहचान नहीं पाते।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े बताते हैं कि वयस्क आबादी में अवसाद और चिंता विकार व्यापक हैं। पुरुषों में पदार्थ-निर्भरता और शराब उपयोग विकार की दर महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है, जबकि उपचार तक पहुंचने वाले पुरुषों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है। यह अंतर केवल चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता का नहीं, बल्कि सामाजिक धारणाओं का भी परिणाम है, जहां सहायता मांगना अक्सर कमजोरी माना जाता है।

वैश्विक स्तर पर भी यही पैटर्न दिखाई देता है। अनेक देशों में पुरुष मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग कम करते हैं, जबकि जोखिमपूर्ण व्यवहार अधिक देखा जाता है।

समाज पुरुष से यह अपेक्षा करता है कि वह आत्मनिर्भर, स्थिर और भावनात्मक रूप से अडिग रहे। इसी अपेक्षा के कारण सहायता मांगना कई बार उसके आत्मसम्मान के विरुद्ध प्रतीत होता है।

भारतीय संदर्भ में यह अपेक्षा और जटिल हो जाती है। परिवार संरचना में पुरुष को अक्सर आर्थिक स्तंभ के रूप में देखा जाता है। कमाई, स्थिरता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसकी पहचान का हिस्सा बन जाती है। यदि रोजगार अस्थिर हो, आय घटे या आर्थिक दबाव बढ़े, तो संकट केवल आर्थिक नहीं रहता, वह आत्मबोध का संकट बन जाता है।

ग्रामीण भारत में यह दबाव कृषि अस्थिरता, ऋण और बाज़ार जोखिम से जुड़ता है, जबकि शहरी संदर्भ में प्रतिस्पर्धात्मक कार्यसंस्कृति, अस्थायी रोजगार और लगातार तुलना इसे और तीव्र बना देती है। दोनों ही स्थितियों में पुरुष का आत्ममूल्य उपलब्धियों से बंध जाता है, और भावनात्मक जीवन पीछे छूट जाता है, लेकिन यह केवल अर्थव्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह उस सांस्कृतिक मस्कुलैरिटी का प्रश्न है, जिसे समाज पीढ़ियों से निर्मित करता आया है। अकादमिक रूप से इसे 'हेजेमोनिक मस्कुलिनिटी' कहा जाता है, जिसमें शक्ति, नियंत्रण और भावनात्मक कठोरता को आदर्श पुरुषत्व माना जाता है।

समाज एक आदर्श पुरुष छवि निर्मित करता है। मजबूत शरीर, नियंत्रित भावनाएं और कमज़ोरी का अभाव। फिल्मों, खेल, विज्ञापनों और अब डिजिटल मीडिया में यह छवि लगातार दोहराई जाती है। धीरे-धीरे यह छवि केवल आदर्श नहीं रहती, बल्कि सामाजिक मानक बन जाती है। यहीं से मर्दानगी का निर्माण शुरू होता है। घर की भाषा से, जहां आंसू को शर्म से जोड़ा जाता है; स्कूल की संस्कृति से, जहां लड़कों को कठोरता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और साथियों के व्यवहार से, जहां संवेदनशीलता को उपहास का विषय बनाया जा सकता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# बैशाख में ही हो रही जेठ के महीने जैसी तपिश, 42 पर पहुंचा पारा

## झुलसा देने वाली धूप के कारण दोपहर के समय कम हुई सड़कों पर आवाजाही

**गर्मी के तेवर तल्ख**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हिंदी कैलेंडर के बैशाख माह में जेठ के महीने जैसी तपिश से हो रही है। झुलसा देने वाली धूप से लोग परेशान रहे। तापमान भी 42 डिग्री पहुंच गया। उस पर गर्म हवाओं ने आमजन के होश उड़ा कर रख दिए हैं। सुबह करीब 10 बजे से ही गर्म हवा चलने लगी थी। इसके कारण दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। जो देर शाम सूरज के अस्त होने के बाद ही टूटा।

भीषण गर्मी का प्रकोप इस कदर है कि इंसान क्या पशु-पक्षी भी बेहाल हो चले हैं। जो लोग आवश्यक कार्यवश अपने घरों से बाहर निकले तो वह चिलचिलाती धूप से बचने के लिए अपना सिर व चेहरा ढककर ही निकले।


धूप से बचने को सिर ढककर जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

हालिया दिनों में गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है और हालात दिन-ब-दिन गंभीर होते जा रहे। यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले दिनों में जनजीवन और अधिक प्रभावित होने की आशंका है। पिछले एक सप्ताह से लगातार पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। शनिवार को तेज धूप व गर्म हवा ने प्रचंड तेवर दिखाए।

शहर व ग्रामीण इलाकों का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। लू के तीखे थपेड़ों ने लोगों की दिनचर्या को अस्त-व्यस्त कर दिया है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। उधर स्कूल से लौटते समय बच्चे भी बेहाल दशा में दिखे। घरों में कूलर पंखों का प्रयोग चरम पर है पर राहत नहीं मिल रही।

गर्मी के असर से बाजार भी अछूता नहीं है। सुबह के समय बाजार में चहल-पहल दिन चढ़ते ही गायब हो जा रही, वहीं सड़कों पर भी दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम हो जा रही है। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे हैं और ग्राहक गर्मी से बचते फिर रहे हैं। लोग शाम ढलने के बाद ही घरों से बाहर निकलने की हिम्मत जुटा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक सप्ताह तक राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

# 10 केस बेअसर, एक झगड़े में जेल गया बाबा पठान

● बाराबंकी आकर खूब पनपा अबू बकर, बनाई अकूत संपत्ति

**बाराबंकी: अमृत विचार :** आजमगढ़ के मूल निवासी अबू बकर उर्फ बाबा पठान पर सफेदपोशों व अफसरशाही का इस कदर हाथ रहा कि 10 गंभीर प्रवृत्ति के दर्ज मुकदमों के होते हुए तो वह पकड़ा नहीं गया लेकिन महज वाद विवाद व अभद्रता का मामला न सिर्फ रातोंरात दर्ज हुआ बल्कि चंद घंटों में पुलिस ने उसे ढूंढ निकाला और जेल भी भेज दिया।


बाबा पठान।

आजमगढ़ के कौड़िया फूलपुर के रहने वाले बाबा पठान का नाम जमीन पर अवैध कब्जों से चर्चा में आया। वर्ष 2015 में इसी के जिले में पहला मुकदमा लिखा गया। इसके बाद बाबा पठान आजमगढ़ से बाराबंकी आकर रहने लगा। यहां पर साठगांठ, मिलीभगत और जुगाड़ का ऐसा माहौल मिला कि उसने पलट कर नहीं देखा। हैरत की बात यह कि उसके खिलाफ शहर कोतवाली में दर्ज सभी 10 मुकदमे जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतों के ही हैं। सफेदाबाद खासकर भुहेरा को उसने कर्मस्थली बना ली और जमीनों में हेरा फेरी, भू स्वामियों को डराने धमकाने और धोखाधड़ी के काम शुरू कर दिये। कब्जाई जमीनों पर एचएम ग्रीन सिटी के नाम से कारोबार भी शुय कर दिया और अकूत संपत्ति अर्जित की। लोगों ने पुलिस तक शिकायतें पहुंचाईं। बाबा पठान के खिलाफ एक ही कोतवाली में 10 मामले दर्ज हो गए लेकिन उसकी गर्दन तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे। हैरत तो तब हुई जब सफेदाबाद स्थित मन्नत अपार्टमेंट में निकुंज मोदी के परिवार से बर्थ डे पार्टी के दौरान वाद विवाद, अभद्रता, धमकाने के मामले में पुलिस ने रातोंरात मुकदमा दर्ज कर बाबा पठान को उठा भी लिया।

एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि एक दिन पूर्व दर्ज मामले में बाबा पठान को जेल भेजा गया है। अन्य मामलों में राजस्व विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। उसी आधार पर पुलिस भी कार्रवाई करेगी।

### विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान एवं गर्मी को देखते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर विद्यालयों का समय प्रात: 7:30 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित किए जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश बच्चे दूर-दराज क्षेत्रों से विद्यालय आते हैं, जिससे उन्हें तेज धूप का सामना करना पड़ता है। संघ ने यह भी उल्लेख किया कि इस स्थिति से शिक्षकगण भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का समय परिवर्तित किया जाना आवश्यक है।

### बालिकाओं को बांटी गई सुकन्या समृद्धि पासबुक


कार्यक्रम में पासबुक वितरित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के नानमऊ गांव में भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक डाक सेवाएं जितेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ उत्तर प्रदेश परिमंडल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल प्रणव कुमार और पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक जितेंद्र गुप्ता ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देते हुए नन्हीं बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसए) की पासबुक वितरित कीं। उन्होंने अभिभावकों को बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बचत के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बचत खाते (पीओएसबी), सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफ और पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस जैसी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। महानिदेशक ने डाक सेवाओं की बुकिंग और डिलीवरी प्रक्रिया को और अधिक तेज और सरल बनाने पर जोर दिया, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिंग और डाक सेवाओं के एकीकरण की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में बाराबंकी मंडल की अधीक्षक डाकघर किरण सिंह सहित उप-मंडलीय प्रमुख, विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डाक विभाग केवल पत्र पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते एडीएम। ● अमृत विचार

### देश के विकास की दिशा तय करेगी जनगणना : एडीएम

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी जनगणना को लेकर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को एडीएम निरंकार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साईं पीजी कॉलेज स्थित प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रगणकों व सुपरवाइजरों से संवाद किया। एडीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण आधार है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन करती है, इसलिए प्रत्येक प्रगणक की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना स्मार्ट जनगणना के रूप में होगी, जिसमें डिजिटल माध्यम और टैबलेट के जरिए डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और अधिक सटीक बनेगी। एडीएम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मियों को मनोयोग से प्रशिक्षण लेने और तकनीकी पहलुओं को अच्छी तरह समझने के निर्देश दिए, ताकि फील्ड में किसी प्रकार की समस्या न आए। इस अवसर पर अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने भी जनगणना से जुड़ी जानकारियां साझा कीं।

## जिला अस्पताल में सक्रिय टप्पेबाज गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पिछले चार महीनों से हो रही टप्पेबाजी के मामलों का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाकर इलाज या अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने उन्हें बहला-फुसलाता था और उनके सोने-चांदी के आभूषण उतरवाकर फरार हो जाता था। इस तरह की आधा दर्जन से अधिक घटनाओं ने पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी थी। एसपी के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार सिंह, अस्पताल चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला और संजय यादव की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए टप्पेबाज की पहचान मोहम्मद असलम, निवासी दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच के रूप में हुई है।

# प्राथमिकता से निस्तारित करें शिकायतें

**समाधान दिवस**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील नवाबगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से चकमार्ग एवं सरकारी रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लेने और लापरवाही पर जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। समाधान दिवस के दौरान मुख्तार अली पुत्र महमूद, ग्राम नसीरपुर का खतौनी में नाम संशोधन का प्रकरण भी मौके पर निस्तारित किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर कम्प्यूटरीकृत खतौनी में सुधार कर आवेदक को उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को भूमि विवाद, सरकारी रास्ते, राशन कार्ड, पेंशन और आवास से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 351 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 56 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमें नवाबगंज में 110 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 25 का निस्तारण हुआ। रामसनेहीघाट में 55 में से 5, सिरौलीगौसपुर में 13 में से 4, रामनगर में 64 में से 8, फतेहपुर में 45 में से 8 तथा हैदरगढ़ में 64 में से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।



फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### पुस्तक मेले में मिलीं सस्ती दर पर किताबें


मेले में पुस्तकें लेते अभिभावक। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद से जुड़े स्कूलों में पठन-पाठन के लिये अधिकृत पाठ्य पुस्तकों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय जनपद स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। पुस्तक मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार और सस्ती दर पर पुस्तकों की उपलब्धता की सूचना से छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। एक दिवसीय आयोजन होने के कारण जनपद भर से सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक मेले में पहुंचे। मेले में पाठ्य पुस्तकों का विक्रय मेसर्स सिंघल एजेंसीज, पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, बी.एन. वर्मा रोड, लखनऊ द्वारा किया गया। आयोजन को लेकर पूरे दिन परिसर में रौनक बनी रही और विद्यार्थियों ने आवश्यक किताबों की खरीदारी की।

### एसपी जीआरपी का निरीक्षण, जांच में मिलीं कमियां

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजकीय रेलवे पुलिस लखनऊ ने शनिवार को बाराबंकी जीआरपी थाने का रूटीन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हे अभिलेखों में कमियां मिलीं। वहीं एसपी ने प्लेटफार्म की नियमित सघन जांच के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एसपी रेलवे लखनऊ रोहित मिश्र सड़क मार्ग से जीआरपी बाराबंकी स्टेशन पहुंचे। यहां पर सलामी के बाद उन्होने थाने का रूटीन निरीक्षण शुरु किया और कार्यालय से लेकर बैरक, शस्त्रागार व अभिलेखों की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान ही उन्होने जीआरपी व आरपीएफ स्टाफ के साथ विचार विमर्श किया। थाना प्रभारियों को रेलयात्रियों की सुरक्षा, गश्त व चेकिंग अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद एसपी ने बताया कि अभिलेखों के निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां मिलीं हैं, जिनको लेकर निर्देश दिए गए हैं। जीआरपी व आरपीएफ संयुक्त रूप से रेलयात्रियों की सुरक्षा में तत्पर हैं। इस क्रम में स्टेशन के प्लेटफार्मों के नियमित निरीक्षण के लिए कहा गया है।

## तस्कर को चार साल का कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने मादक पदार्थ तस्करी की घटना में एक अभियुक्त को 4 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है।

थाना बड्डूपुर पर मादक पदार्थ तस्करी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त ननकू लोनिया को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-2 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 4 वर्ष का कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 14 जुलाई 2014 को वादी थानाध्यक्ष रिजवान अहमद ने अभियुक्त के विरुद्ध 260 ग्राम मार्फीन बरामद होने के आधार पर थाना बड्डूपुर में मुकदमा पंजीकृत कराया था। तत्कालीन विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।


ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता ● अमृत विचार

### चयन वेतनमान में देरी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न शिक्षक संगठनों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह तथा उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार को बीएसए कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। शिक्षक संगठनों ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 या 12:30 बजे तक निर्धारित करने की मांग की। साथ ही चयन वेतनमान निर्धारण प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की। ज्ञापन में कहा गया कि सभी आवश्यक पत्रावलियां उपलब्ध होने के बावजूद अनावश्यक आपत्तियां लगाकर मामलों को लंबित किया जा रहा है। साथ ही ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद सर्विस बुक की प्रिंट कॉपी ऑफलाइन मांगे जाने से शिक्षकों को परेशानी हो रही है। संगठनों ने जीपीएफ खाते की लेखा पर्ची उपलब्ध कराने और मानक से अधिक अग्रिम आयकर कटौती पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 6 मई को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## विरोध का खामियाजा भुगतेंगे विपक्षी दल

**नारी शक्ति सम्मेलन**

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विधानसभा दरियाबाद अंतर्गत ब्लॉक दरियाबाद परिसर में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में महिलाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत उपस्थित रहीं। राज्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस ने संसद में महिला आरक्षण के विरोध में मतदान कर मातृशक्ति के अधिकारों की अनदेखी की। उन्होंने कहा कि इन दलों को महिलाओं के विरोध का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

कार्यक्रम में चेयरमैन जगदीश गुप्ता, संदीप त्रिपाठी, पवन वर्मा, पूर्व प्रमुख देवानंद पांडेय, वंदना दास, अनीता वर्मा, मालती देवी सहित हजारों महिलाएं मौजूद रहीं।


शिलान्यास करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

### सनातन संस्कृति के विकास को सरकार प्रतिबद्ध:शर्मा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोटवाधाम में शनिवार को भेलसर-फतेहपुर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने एमएलसी अंगद कुमार सिंह के साथ किया। इस परियोजना पर कुल 9186.76 लाख रुपये की लागत आएगी। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार सनातन संस्कृति के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि कोटवाधाम के विकास के लिए सरकार द्वारा तीन करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि 27 किलोमीटर लंबा यह सड़क मार्ग भेलसर, टिकैतनगर, रामनगर और फतेहपुर क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करेगा। यह सड़क बाराबंकी के विकास की रीढ़ साबित होगी। कार्यक्रम में टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, महंत निलेन्द्र बक्स दास (नीरज भैया), पूर्व ब्लाक प्रमुख देवानंद पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी सम्मानित



सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार :** सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए सेंट जेवियर स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एससी-एसटी आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपस्थित रहे। साथ ही चेयरमैन आलोक तिवारी, भाजपा नेता वेद प्रकाश बाजपेई, विद्यालय के प्रबंधक पंकज सिंह और प्रधानाचार्य एंड्रयू रमेश सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### 104 मरीजों को मिला परामर्श और दवाएं

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** डिवाइन धनवन्तरी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, प्यारेपुर सरैया के तत्वाधान में शनिवार को पंचायत भवन बड़ागांव स्थित सीएसी सभागार में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सरोज कुशवाहा एवं डॉ. बृजेन्द्र तिवारी द्वारा 104 मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श दिया गया और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान नूरफातिमा ने स्वयं जांच कराकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीणों को घर के पास ही नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे समय पर इलाज संभव हो पाता है। इस दौरान स्टाफ नर्स बीना वर्मा, अनीता वर्मा, फार्मेसिस्ट श्वेत श्रीवास्तव, लैब तकनीशियन पंकज सिंह, पीआरओ राजकुमार वर्मा, रिसेप्शनिस्ट ऋषभ कुमार वर्मा, वार्ड बॉय महेंद्र और ड्राइवर विश्वनाथ मौर्य सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा और सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, पंचायत सचिव जैसराम, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, कृष्ण कुमार गुप्ता, कल्लू यादव, फुरकान खान, मतीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** | आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सदर विधानसभा की संगोष्ठी आयोजित

# अप्रतिम राष्ट्र निर्माता थे डॉ. आंबेडकर : अवनीश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर भारत के अप्रतिम राष्ट्र निर्माता थे। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब बचपन से ही जाति प्रथा के मुखर विरोधी रहे। उनका मानना था कि समतामूलक समाज के बलबूते देश की विकास गति तीव्र होगी।

जिला प्रभारी शनिवार को कोऑपरेटिव सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने में जुटी है।



कार्यक्रम में मौजूद अवनीश सिंह पटेल व अन्य भाजपा नेता ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि एससी-एसटी समुदाय में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, वेंचर कैपिटल फण्ड, छात्रवृत्ति योजना का विस्तार, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, श्रम कानूनों का सरलीकरण, एससी एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अभ्युदय कोचिंग की शुरुआत उन तमाम उपायों में से हैं जो बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंच-तीर्थ के भव्य निर्माण को बड़ी उपलब्धि बताया।

उन्होंने संविधान के शिल्पकार बाबा साहब के जीवन को असंख्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने डॉ आंबेडकर के कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने डॉ आंबेडकर को दलितों, गरीबों, वंचितों व शोषित समाज का मसीहा बताया। जिला अध्यक्ष रामसिंह वर्मा ने सभी का स्वागत एवं डॉ. राम कुमारी मौर्य ने सभी का आभार ज्ञापित किया। प्रसिद्ध गायक जमुना प्रसाद ने मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों पर अपनी काव्य रचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर अजीत प्रताप सिंह, अरविंद मौर्य, गुरुशरण लोधी, डॉ. विवेक वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, नवीन सिंह राठौर, मनीष परिहार, सूरज सिंह, अरविंद वर्मा, श्रीकांत मिश्रा, सचिन रावत, सरिता सिंह, कात्यायनी पाण्डेय, गुलजार बानो, ऊषा शर्मा, राकेश पटेल, सर्वेश अवस्थी, शिवकुमार यादव, बब्लू वर्मा, राजेंद्र जायसवाल मौजूद रहे।

## चोरी के दो मामलों में दर्ज हुई रिपोर्ट

**बाराबंकी: अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। दोनों घटनाओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पहली घटना थाना जैदपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर की है। यहां के निवासी दिनेश कुमार ने आरोप लगाया कि 6 अप्रैल की रात उनके घर की छत के रास्ते घुसकर आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। तहरीर के अनुसार, परिवार के ही लवकुश और गांव के मदन ने घर से एक बैग चोरी कर लिया, जिसमें आभूषण और अन्य कीमती सामान रखा था। पीड़ित का कहना है कि शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार मिले। बाद में आरोपियों ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। दूसरी घटना थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर की है। गनेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि 10 फरवरी को उनकी गैरमौजूदगी में गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर से गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया।



**आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9% बढ़ा**

**मुंबई।** मार्च 2026 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ 9 .28 प्रतिशत बढ़कर 14,755 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में उसने 13,502 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 19 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### अक्षय तृतीया पर ओला इलेक्ट्रिक ने की 50,000 तक के लाभ की पेशकश

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने शनिवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर 'ओला सोना वीकेंड' पेशकश की घोषणा की है, जिसके तहत कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को 50,000 रुपये तक के लाभ दे रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत के सबसे शुभ त्योहारों में से एक के उपलक्ष्य में ग्राहकों के पास ''ओला सोना'' जीतने का अवसर भी होगा। यह एक सीमित संस्करण वाला स्कूटर है जिसमें असली 24 कैरेट सोने की परत वाले तत्व लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने बताया कि वह अपने जेन 3 एस1 एक्स (2 किलोवाट-घंटा) और रोडस्टर एक्स (2.5 किलोवाट-घंटा) को मात्र 49,999 रुपये में उपलब्ध करा रही है। साथ ही, पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो पर ग्राहकों को अधिकतम 50,000 रुपये तक के लाभ भी दिए जा रहे हैं। ये ऑफर केवल 18 और 19 अप्रैल को ही मान्य हैं।

### एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 8% बढ़कर 20,351 करोड़ पर

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 8 .04 प्रतिशत बढ़कर 20,350 .76 करोड़ रुपये रहा। मुंबई मुख्यालय वाले इस बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 18,834 .88 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था। देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता का चौथी तिमाही का एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 9 .11 प्रतिशत बढ़कर 19,221.05 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछली दिसंबर 2025 तिमाही में बैंक ने 18,653 .75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एसुस के ड्रॉप जोन नेटवर्क में अब 22 और स्टोर शामिल

**मुंबई।** एसुस इंडिया ने उसकी ड्रॉप जोन पहल को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के मद्देनजर इस कार्यक्रम का विस्तार 22 अतिरिक्त स्टोर्स तक कर दिया है। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए शुरू की गयी ड्रॉप जोन पहल के तहत ग्राहक अब सर्विस के लिए अपने लैपटॉप सीधे एसुस एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर जमा कर सकते हैं। ताइवानी कंपनी एसुस की भारतीय इकाई की शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विस्तार खास तौर पर ग्राहकों की पहुंच, सर्विसिंग में लगने वाले समय और ट्रैकिंग से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से उभरते शहरों में। दूसरे चरण के तहत ड्रॉप जोन नेटवर्क का विस्तार दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया गया है।

# 12,980 करोड़ की सॉवरेन गारंटी समुद्री जोखिमों से कवर रहेंगे जहाज

## केंद्र सरकार ने भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को लगातार समुद्री बीमा कवरेज की सुविधा के लिए 12,980 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी के साथ एक घरेलू बीमा योजना 'भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस कोष' (बीएमआई कोष) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

यह कोष सुनिश्चित करता है कि भारतीय व्यापार को किसी भी अंतरराष्ट्रीय मूल से भारतीय बंदरगाहों तक और इसके विपरीत माल ले जाने वाले जहाजों के लिए सस्ती बीमा सुविधा मिलती रहे, भले ही वे अस्थिर समुद्री गलियारों से गुजर रहे हों।



● भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा : अश्विनी वैष्णव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सरकार ने भारतीय ध्वज वाले या भारतीय नियंत्रण वाले जहाजों, अथवा भारत आने वाले या भारत से जाने वाले जहाजों के लिए सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित भारत समुद्री बीमा कोष के गठन को मंजूरी दी है।

वैष्णव ने कहा कि भारत समुद्री बीमा कोष भारतीय ध्वज वाले जहाजों और भारत के नियंत्रण वाले जहाजों के लिए होगा... यह 10 साल के लिए होगा। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी बीमा कंपनियों पर हमारी निर्भरता कम होगी और हम विदेशी मुद्रा को बाहर जाने से भी रोक सकेंगे। यह कोष सभी तरह के समुद्री जोखिमों को कवर करेगा।

बीमा पॉलिसियां उन बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की जाएंगी, जो इस कोष की सदस्य होंगी। इसके लिए कोष की संयुक्त अंडरराइटिंग क्षमता का उपयोग किया जाएगा, जो लगभग 950 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया कि यह घरेलू बीमा कोष वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक अस्थिरता की चुनौतियों से निपटेगा और भारतीय जहाजों की बाहरी बीमा निर्भरता को कम करेगा। वैश्विक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण समुद्री व्यापार प्रभावित हुआ है, जिससे माल और जहाजों के नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

इसके चलते बीमा लागत बढ़ी है और बीमा की हर वक्त उपलब्धता को लेकर भी अनिश्चितता पैदा हुई है। बयान में कहा गया कि ऐसे हालात में प्रतिबंधों या भू-राजनीतिक तनाव के कारण व्यापार की निरंतरता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए समुद्री जोखिम से संबंधित एक घरेलू कोष की आवश्यकता थी।

## उत्तर प्रदेश में 6,500 रुपये प्रति टन पर आलू खरीद को मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में 6,500.90 रुपये प्रति टन के बाजार हस्तक्षेप मूल्य पर 20 लाख टन आलू की खरीद को मंजूरी दी है। इस पर सरकारी खजाने से 203.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह कदम विभिन्न राज्यों में किसानों को मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से बचाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। एक अलग निर्णय में, केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में चना खरीद की सीमा 94,500 टन से बढ़ाकर 1.13 लाख टन कर दी है। कर्नाटक में मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अरहर की खरीद की अवधि 15 मई तक बढ़ा दी गई है।

## टेमी टी की 'फर्स्ट फ्लश' चाय ने 27,000 रुपये प्रति किलो की कीमत हासिल कर बनाया रिकॉर्ड

**गंगटोक।** सिक्किम के सरकारी स्वामित्व वाले टेमी टी एस्टेट की 'फर्स्ट फ्लश' ऑर्गेनिक चाय ने चालू सत्र में 27,000 रुपये प्रति किलोग्राम की रिकॉर्ड कीमत हासिल की है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार अपनी कोमल सुगंध और उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध फर्स्ट फ्लश चाय की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग की उम्मीद है। प्रारंभिक खेपों की खुली बोली में खरीददारों से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जबकि बाद की खेपों में भी अच्छा उत्साह देखा जा रहा है। इस समय बगान में ताजी पत्तियों की तुड़ाई और प्रीमियम किस्मों जैसे ऑर्थोडॉक्स ब्लैक टी और ऊलॉन्ग टी का उत्पादन जारी है। इस कीमत का श्रेय सावधानीपूर्वक की जाने वाली तुड़ाई प्रक्रिया को दिया गया है।

## वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार को सहारा, सेंसेक्स-निफ्टी में बढ़त

**कारोबार डेस्क**

अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति वार्ता की उम्मीदों, मजबूत होते रुपये और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार को सहारा दिया। इन सकारात्मक वैश्विक संकेतों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और बाजार में खरीदारी का माहौल बना। सप्ताह के अंत तक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों में करीब 0 .65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### सकारात्मक रहा रुख

पूरे सप्ताह बाजार का रुख सकारात्मक रहा। एफएमसीजी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक से तीन प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा। व्यापक स्तर पर खरीदारी के चलते विभिन्न सेक्टर्स में मजबूती देखने को मिली।

बड़े सूचकांकों की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में करीब 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स में लगभग 1.48 प्रतिशत की तेजी आई। यह बाजार में बढ़ती भागीदारी और निवेशकों के जोखिम लेने के रुझान को दर्शाता है।

### निवेशकों का बदलता रुख

निवेश प्रवाह की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) ने लगातार बिकवाली के बाद सप्ताह के अंतिम तीन सत्रों में खरीदारी की, हालांकि कुल मिलाकर करीब 250 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी रही। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली करते नजर आए और लगभग 6,300 करोड़ रुपये निकाले।

### सतर्क आशावाद

कुल मिलाकर, बेहतर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की नरम कीमतें और संतुलित निवेश प्रवाह ने बाजार में सतर्क आशावाद का माहौल बनाया है। फिलहाल गिरावट का जोखिम सीमित नजर आ रहा है, जबकि धीरे-धीरे तेजी की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं।

### विशेषज्ञों की राय

विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह बाजार में धीरे-धीरे लेकिन स्थिर रिकवरी देखने को मिली। वैश्विक माहौल में सुधार और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों के सेंटिमेंट को मजबूती दी। हालांकि सतर्कता बनी हुई है, लेकिन गिरावट पर खरीदारी बाजार को सहारा दे रही है।

## तेल और गैस की खोज को डेटा आधारित करने की दिशा में बढ़ा भारत: पुरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की ओर से खनिज तेल और गैस के क्षेत्र में डेटा (सूचना) और उसमें भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने के कदमों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत अंधेरे में हाथ मारने की जगह, सूचना आधारित खोज के लिए तैयार है।

उन्होंने समुद्र मंथन - राष्ट्रीय अपतटीय मिशन के तहत विस्तारित उत्खनन एजेंडा के संदर्भ में हाइड्रोकार्बन (खनिज तेल-गैस) महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा आयोजित डेटा संचालित उत्खनन पर एक सम्मेलन को लेकर सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अब उत्खनन के क्षेत्र में अंधेरे में खोज करने के दौर से आगे बढ़ रहा है और डेटा के आदान प्रदान के एक साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल को अपना रहा है जिसमें अधिकाधिक लोगों को सूचनाओं की व्याख्या करने, नवाचार करने और खोज करने का अवसर मिलता है।



● डेटा के आदान-प्रदान के लिए अपनाया जा रहा साहसिक बहु-ग्राहक मॉडल

उन्होंने कहा कि इससे उत्खनन एवं उत्पादन को अनिश्चितता के क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले दृष्टिकोण में निर्णायक रूप से बदलाव आ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि समुद्र मंथन के साथ, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी खोज को पूरा करने के लिए खुलेपन, सहयोग और अत्याधुनिक विज्ञान के माध्यम से भारत की विशाल अपतटीय क्षमता को सामने लाया जा रहा है।

## अक्षय तृतीया पर बढ़ेगी भौतिक और डिजिटल सोने की मांग: विश्लेषक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्लेषकों का कहना है कि रविवार को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया के अवसर पर भौतिक सोने की खरीद के साथ-साथ लचीले और पारदर्शी सोने में निवेश के विकल्प भी लोकप्रिय बने रह सकते हैं, क्योंकि निवेशकों का रुझान अब सोने के आधुनिक विकल्पों की ओर स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

अक्षय तृतीया को पारंपरिक रूप से सोना खरीदने का शुभ अवसर माना जाता है, लेकिन विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की भागीदारी धीरे-धीरे बदल रही है और वे पारंपरिक भौतिक खरीद के साथ-साथ वित्तीय निवेश विकल्पों में भी बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के कमोडिटी विश्लेषक मानव मोदी ने कहा कि हम सोने में निवेश करने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव देख रहे हैं। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर भौतिक खरीद अभी भी महत्वपूर्ण है, लेकिन लचीले और पारदर्शी निवेश विकल्पों में रुचि लगातार बढ़ रही है।

## गोल्ड लोन लेने से पहले जान लें जरूरी बातें





**कारोबार डेस्क**

गोल्ड लोन इन दिनों जरूरत पर पैसे जुटाने का एक आसान विकल्प बन गया है। अचानक पैसों की जरूरत पर लोग अपने सोने के गहने बैंक या फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखकर तुरंत लोन ले लेते हैं। इसकी विशेषता यह है कि आपको पैसे भी मिल जाते हैं और जमा किये गये सोने का स्वामित्व भी आपके पास ही रहता है। फिर भी गोल्ड लोन लेने से पहले कुछ जरूरी बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए-



### रिस्क भी समझें

- अगर समय पर नहीं चुकाया तो बैंक सोने को नीलाम कर सकता है।
- मार्केट में सोने की कीमत गिरती है तो बैंक एक्स्ट्रा पैसा जमा करने को कह सकता है।
- अधिकतर बैंक 18-24 कैरेट के गहने या प्रमाणित सिक्के ही लेते हैं।
- 3 साल के लिए मिलता है ये लोन।

### कैसे मिलता है गोल्ड लोन

- गोल्ड लोन असल में एक सिक्योर्ड लोन होता है, यानी इसमें आपको अपने सोने को गिरवी रखना पड़ता है।
- इसलिए बैंक या लोन देने वाली कंपनी पहले सोने की शुद्धता, वजन और बाजार में उसकी मौजूदा कीमत को चेक करता है।
- ऐसे में गोल्ड लोन लेने से पहले सोने के मौजूदा दाम के बारे में जानकारी फायदेमंद रहती है। हां कागज के रूप में पते का सबूत काफी होता है।

**आसानी से समझें**

### लोन लेने से पहले चेक करें-

- लोन लेने से पहले बैंक से लोने की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्ज के बारे में भी अच्छे से समझ लेना जरूरी होता है।
- लोन लेने से यह भी तय करना जरूरी है कि आप लोन कैसे चुकाएंगे।
- कुछ लोग हर महीने EMI के रूप में किस्त देना पसंद करते हैं। जबकि, कुछ लोग पूरे समय केवल ब्याज भरते हैं और आखिर में मूल रकम चुका देते हैं। अपनी आय और खर्च के हिसाब से सही ऑप्शन चुनना जरूरी होता है, ताकि समय पर लोन चुकाया जा सके।
- **गोल्ड लोन की सबसे जरूरी बात, यानी गिरवी रखे गये सोने की सुरक्षा**
  -गिरवी रखे गए सोने को भरोसेमंद बैंक या फाइनेंस कंपनी सुरक्षित वॉल्ट में रखती है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होती है। इसलिए हमेशा ऐसी संस्था से ही लोन लेना चाहिए जिसका रिकॉर्ड अच्छा हो।

### समय पर चुकाएं किस्त

- सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लिए गये लोन की किस्त समय पर चुकाई जानी चाहिए। ऐसा करने से अतिरिक्त ब्याज या पेनल्टी से बचा जा सकता है। साथ ही आपकी क्रेडिट हिस्ट्री भी अच्छी बनी रहती है और क्रेडिट स्कोर बढ़ता रहता है। सही जानकारी और समझ के साथ लिया गया गोल्ड लोन मुश्किल समय में आपका सच्चा साथी हो सकता है और आपका सोना भी सुरक्षित रहता है।

### ब्याज दरें

- प्रत्येक बैंक या फाइनेंस कंपनी की अपनी ब्याज दरें होती हैं। ये 8 .75% से 11% या उससे अधिक भी तक हो सकती हैं। ऐसे में पहले ही ब्याज और अन्य छिपे हुए चार्जेज की जानकारी कर लें।
- खास बात ये कि लोन आपके सोने के मूल्य का 75% तक ही मिलता है।

### काम की बात

- बार-बार लोन के लिए इंक्वायरी न करें। वरना आपका सिबिल स्कोर गिर जाएगा और आपको अधिक ब्याज पर लोन मिलेगा। बार-बार इंक्वायरी पर सिस्टम को लगता है कि आप केवल कर्ज पर ही निर्भर हैं। ऐसे में समस्या हो सकती है। समझदारी से काम लेंगे तो आपका सोना आपका सच्चा दोस्त बन जाएगा।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## ममता को सत्ता से हटाएं वरना हमसे बंगाल छीन लेंगे बांग्लादेशी मुसलमान : हिमंत

**कोलकाता, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार पर राज्य के संसाधनों को बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के हवाले करने का आरोप लगाया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ममता को सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल को गंवा देंगे।

श्रीशर्मा ने कालिम्पोंग में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि असम और त्रिपुरा की भाजपा सरकारों ने बांग्लादेशी मुसलमानों को भारत में घुसने से रोका है, जबकि बंगाल में अवैध घुसपैठ जारी है। उन्होंने कहा- ममता बनर्जी ने बंगाल का पूरा खजाना बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के लिए आरक्षित कर दिया है। उन्होंने वोट के लिए इस भूमि को बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दिया। आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से बनर्जी ने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।



● असम के मुख्यमंत्री ने कालिम्पोंग में जनसभा में लोगों की अपील

हमें ममता बनर्जी को बंगाल के मुख्यमंत्री पद से हटाना होगा, अन्यथा एक दिन बांग्लादेशी मुसलमान हमसे यह राज्य छीन लेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे ही बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, हम इस क्षेत्र से सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर कर देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आने पर गोरखालैंड मुद्दे का संवैधानिक समाधान तलाशेगी और गोरखाओं के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी।

शर्मा ने कूचबिहार के दिनहाटा में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए इस बात का जिक्र किया कि तृणमूल कांग्रेस ने उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने उन पर बनर्जी के खिलाफ सांप्रदायिक रंग वाली, भड़काऊ और विभाजनकारी टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है।

## सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है बंगाल में बोले योगी आदित्यनाथ

**कूच बिहार/जलपाईगुड़ी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लेकर कड़ा प्रहार किया और राज्य की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए कहा कि "सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को पास नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि यह देश की आधी आबादी का अपमान है और इसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी। योगी ने टीएमसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करती है और अन्य वर्गों की अनदेखी करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था कमजोर है, उद्योग बंद हो रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच रहा और टीएमसी के गुंडे संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## कोलकाता में हथियार बरामद, एक हिरासत में

**कोलकाता, एजेंसी।** विधानसभा के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शहर में हथियार और गोली-बारूद का जखीरा बरामद कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ के कर्मियों ने संदेह के आधार पर राजा बाजार साइंस कॉलेज के पास एक बस स्टैंड के निकट बैग लेकर जा रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी के दौरान उसके पास से 'सिंगल-शॉट' वाले छह आग्नेयास्त्र और 14 कारतूस बरामद किए गए।

## भाजपा का पतन शुरू हो गया : ममता

● महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक पारित नहीं होने पर चुनावी रैली में बोलीं मुख्यमंत्री

**हावड़ा, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को संसद के निचले सदन में पारित करने में विफल रहने के बाद भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हावड़ा के उलुबेरिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा पराजित हो चुकी है और केवल अपने सहयोगियों के समर्थन से ही सत्ता में बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है। हमने भाजपा को हरा दिया है। उनके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। वे दूसरों के समर्थन से सत्ता में बने हुए हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया था। परिसीमन के लिए भाजपा के दबाव बनाने को लेकर, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि वह (भाजपा) देश को बांटना चाहती है। अपनी पार्टी द्वारा महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल की लोकसभा में 36 प्रतिशत और राज्यसभा में 46 प्रतिशत सदस्य महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। भाजपा को हमसे सीखना चाहिए। मैं 1998 से महिला आरक्षण के लिए संघर्ष कर रही हूं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## बंगाल में पत्रकारों को 5,000 रुपये मासिक भत्ता देंगे: भाजपा

**कोलकाता, एजेंसी।** भाजपा ने शनिवार को घोषणा की कि पार्टी अगर पश्चिम बंगाल में सत्ता में आयी तो वह राज्य में पत्रकारों के लिए 5,000 रुपये का मासिक भत्ता शुरू करेगी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस योजना का लाभ सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलेगा। भट्टाचार्य ने कहा- पत्रकारों में भेदभाव नहीं होगा, यह योजना पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी लोगों पर लागू होगी।

## उदयनिधि ने केंद्र पर लगाया तमिलनाडु को अनुदान नहीं देने का आरोप

**गोबिचेट्टीपलायम, एजेंसी।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राज्य के लिए अनुदान जारी नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि उसने तमिलनाडु के अधिकारों को छीन लिया है। पश्चिमी इरोड जिले के गोबिचेट्टीपलायम में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की युवा शाखा के प्रमुख स्टालिन ने दावा किया कि केंद्र ने शिक्षा के लिए लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राशि जारी नहीं की है। स्टालिन कहा कि उन्होंने (केंद्र सरकार ने) हमारे सभी अधिकार छीन लिए हैं।

केंद्र के परिसीमन प्रस्ताव के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन देश में इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने यह दावा भी किया कि लोकसभा में विपक्ष के विरोध के कारण बहुमत न मिलने से विधेयक खारिज हो गया, जो ''इंडिया'' गठबंधन के लिए बड़ी जीत है।

## तृणमूल के अलावा किसी भी अन्य पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर : अभिषेक बनर्जी

**मुर्शिदाबाद, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल के अलावा किसी भी पार्टी को वोट देना भाजपा को वोट देने के बराबर है। मुर्शिदाबाद, ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। उन्होंने फरक्का में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि जहां भाजपा कांग्रेस को तोड़ रही है, वहीं तृणमूल जमीनी स्तर पर भाजपा के प्रभाव को कम कर रही है। बनर्जी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। दावा किया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का कोई भी सांसद या प्रतिनिधि जनता की मांगों को पूरा करने के लिए उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस, आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर और केंद्रीय एजेंसियां, भाजपा की तीन एजेंसियां हैं, जो इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि जहां गरीब और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं विपक्षी दल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं।



## वर्ल्ड ब्रीफ

### भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था सऊदी अरब पहुंचा

**जेद्दा।** सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि वार्षिक हज यात्रा के तहत भारतीय हज यात्रियों का पहला जत्था शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गया। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारतीय हज यात्रियों के पहले जत्थे का मदीना हवाई अड्डे पर भारतीय राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और महावाणिज्यदूत फहद सूरी तथा हज मंत्रालय के उप मंत्रियों प्रोफेसर अब्दुलअजीज ए. वज्जान और इंजीनियर अयाद अब्दुल रहमान रहबिनी और अन्य वरिष्ठ सऊदी अधिकारियों ने स्वागत किया। दूतावास ने बताया कि खान ने मदीना हवाई अड्डे पर सुविधाओं का निरीक्षण किया और हज यात्रियों की सहायता कर रहे भारतीय समुदाय के स्वयंसेवकों से मुलाकात की।

### आईआईटी खड़गपुर के परिसर में छात्र का लहूलुहान शव मिला

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खड़गपुर के 21 वर्षीय एक छात्र का शव परिसर में खून से लथपथ मिला। मृतक की पहचान अहमदाबाद निवासी इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र जयवीर सिंह डोरिया के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी हॉल के निकट सुबह में छात्र का शव पड़ा पाया और इसके बाद उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। छात्र को तुरंत बीसी रॉय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि छात्र ने छात्रावास की इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगाई होगी। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सटीक कारण का पता चल सकेगा।

### सीबीआई ने रिश्वत ले रहे दिल्ली के डाक अधीक्षक को दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शनिवार को राजधानी में एक डाक अधीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डाक अधीक्षक ट्रांसफर रोकने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था। एजेंसी ने बताया कि उसने 17 अप्रैल को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से दूसरी शाखा में स्थानांतरण को रोकने और उनकी छुट्टी मंजूर करने के लिए 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने इसमें से 10,000 रुपये का भुगतान स्वीकार करने पर सहमति जताई थी। जेंसी ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

## बरेली में दिखा दुर्लभ गिद्ध



### पत्थर से अंडे को तोड़ने वाला पक्षी

मेहमान परिंदे की यह तस्वीर सन सिटी विस्तार से हमारे एक सुधी पाठक ने भेजी है। ये दुर्लभ पक्षी किशोर अवस्था का इजिप्शियन वल्चर (मिस्री सफेद गिद्ध) है, शुरुआत में जिसके पंख भूरे दिखते हैं और वयस्क होने पर सफेद हो जाते हैं। इसके साथ उन पर काले निशान भी उभर आते हैं, बुद्धिमत्ता के लिए पहचाने जाने वाला यह पक्षी पत्थरों का उपयोग कर बड़े अंडे तोड़ने की क्षमता रखता है, हालांकि अब ये प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) ने इसे गंभीर संकटग्रस्त श्रेणी में रखा है। भारत के अलावा दक्षिण एशिया, यूरोप और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में ही अब इसकी मौजूदगी शेष रह गई है।

## जी 20 उपग्रह को अगले साल प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शनिवार को कहा कि जलवायु और वायु प्रदूषण का अध्ययन करने तथा मौसम की निगरानी करने के लिए डिजाइन किए गए जी20 उपग्रह को 2027 में प्रक्षेपित किए जाने की उम्मीद है।

इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया में डीआरडीओ, इसरो और एयरोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए डॉ. नारायणन ने यह भी कहा कि भारत पहला देश है जिसने एक ही रॉकेट का उपयोग करके 100 से अधिक उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

## पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अब क्यूआर पहचान प्रणाली

पहलगाम, एजेंसी

- पिछले साल हुए आतंकवादी हमले से सबक लेते हुए प्रशासन ने लागू किए सुरक्षा उपाय

जम्मू कश्मीर में अधिकारियों ने पहलगाम में पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं के लिए एक विशिष्ट क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली शुरू की है। पहलगाम पिछले साल लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमले से 26 लोगों के मारे जाने के बाद दहल गया था।

अधिकारियों के मुताबिक इस प्रणाली से वास्तविक और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं का आसानी से सत्यापन हो सकेगा, जिसमें व्यापारिक प्रतिष्ठान और बाहरी विक्रेता शामिल हैं। इस पहल को लोकप्रिय पर्यटन रिसॉर्ट में आने वाले लोगों का भरोसा वापस लाने के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जहां पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, हर सेवा प्रदाता की पुलिस ने जांच की है, अधिकारियों ने उसे पंजीकृत किया है और उसे एक विशिष्ट क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी और अन्य विवरण होगा।

अधिकारियों ने कहा कि जब पर्यटक अपने फोन से कोड स्कैन करते हैं, तो वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। यह पहल उचित और पंजीकृत पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करती है जो धोखाधड़ी को रोकेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई अनधिकृत व्यक्ति पर्यटन से जुड़े होने का दावा न कर रहा है।

# ट्रंप की बयानबाजी ने बिगाड़ा खेल, ईरान का तंज- न युद्ध जीत पाए, न वार्ता में सफल होंगे

### गालिबाफ ने लगाया एक घंटे में सात झूठ बोलने का आरोप, बोले- होर्मुज हमारे पूर्ण नियंत्रण में

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बयानबाजी और दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि इस रणनीतिक जलमार्ग पर नियंत्रण पूरी तरह उसके हाथ में है और अमेरिकी नाकेबंदी जारी रहने पर इसे खुला नहीं रखा जाएगा। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाक़िर गालिबाफ़ ने ट्रंप के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक घंटे में सात दावे किए और सभी झूठे थे। इन झूठों से वे युद्ध नहीं जीत पाए और बातचीत में भी सफल नहीं होंगे।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर दावा किया था कि ईरान ने जलडमरूमध्य को कभी बंद न करने पर सहमति जताई है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी तब तक जारी रहेगी जब तक ईरान के साथ उसकी बातचीत पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने यह भी कहा था कि युद्धविराम वार्ता तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। गालिबाफ ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि जलडमरूमध्य से आवाजाही निर्धारित मार्ग और ईरानी अनुमति के तहत ही होगी तथा इसके खुले या बंद रहने का फैसला जमीनी हालात तय करेंगे, न कि सोशल मीडिया। उन्होंने अमेरिका पर सैन्य कार्रवाई के दौरान दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया युद्ध और जनमत को प्रभावित करना युद्ध का हिस्सा है, लेकिन ईरानी राष्ट्र इससे प्रभावित नहीं होगा। इस बीच ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी का हवाला देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को एक बार फिर बंद कर दिया है।

ईरानी सशस्त्र बलों ने कहा कि होर्मुज पर नियंत्रण अपनी पूर्व स्थिति में लौट आया है और यह अब सख्त निगरानी में रहेगा। ईरान के खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि पूर्व में सद्भावना के तहत हुई वार्ताओं के अनुसार ईरान ने सीमित संख्या में तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों को नियंत्रित तरीके से गुजरने की अनुमति दी थी। उन्होंने अमेरिका पर समुद्री डकैती और लूट जैसे कृत्यों का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार प्रतिबद्धताओं के उल्लंघन के कारण ईरान ने फिर से कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है।



इजराइल-लेबनान में संघर्षविराम के बाद यहां से विस्थापित हुए लोगों ने लौटना शुरू कर दिया है।

### ईरान ने होर्मुज में हमारे टैंकर पर गोलीबारी की: ब्रिटेन

**काहिरा।** ब्रिटेन की सेना ने शनिवार को कहा कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर गोलीबारी की। ईरान की ओर से होर्मुज पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की घोषणा के बाद यह घटना हुई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर ने कहा कि टैंकर को कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

### ट्रंप का एलान- ईरान ने समझौता न किया तो आगे नहीं बढ़ाएंगे संघर्ष विराम

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ बातचीत से बुधवार तक कोई समझौता नहीं हो पाता है तो वह दोनों देशों के बीच जारी अस्थायी संघर्ष-विराम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ट्रंप के इस बयान ने फिर से सैन्य कार्रवाई की आशंका पैदा कर दी है। रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ईरानी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शांति वार्ता के दूसरे दौर की बैठक में शामिल होने वाले हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रंप ने यह भी भरोसा जताया कि दोनों पक्ष समझौते पर पहुंचने के करीब हैं। इस बीच लेबनान में चल रहे 10 दिवसीय संघर्ष विराम के पहले 24 घंटे काफी हद तक प्रभावी रहे।

### ईरान से लौटे आसिम मुनीर

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष को सुलझाने की कोशिशों के तहत पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की ईरान की तीन दिवसीय यात्रा समाप्त हो गई है। मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे और आठ अप्रैल को ईरान एवं अमेरिका के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते पर सहमति बनने के बाद देश का दौरा करने वाले वह पहले विदेशी सैन्य नेता बन गए।

## घर और पार्टी में भी घिरे ट्रंप रिपब्लिकन सांसदों ने गिराया फिसा नवीनीकरण बिल

वॉशिंगटन, एजेंसी



- 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर किया मतदान
- व्हाइट हाउस के पूरा जोर लगाने के बाद भी नहीं पारित हो पाया विधेयक

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि पार्टी में ट्रंप के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसदों ने उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई थी।

व्हाइट हाउस की भरसक कोशिशों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और विधेयक पारित होने की प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थायी विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रंप, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे।

जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रंप के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थायी सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें।

### धारा 702 पर विवाद

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

## एआई करता है डेटा का विश्लेषण

## आपका जीवन कितने दिन क्रेडिट कार्ड को सब पता





लोग जरूर यही सोचते होंगे कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड सिर्फ पैसे चुकाने का एक जरिया है, लेकिन डेटा की दुनिया में आपका कार्ड आपके व्यक्तित्व का सबसे बड़ा एक्स रे है। आप कहां खाते हैं, क्या पहनते हैं और कब बीमार पड़ते हैं, यह सब आपके कार्ड को पता है। यहां तक कि कुछ बीमा कंपनियां और बैंक आपके कार्ड के डेटा से यह तक अंदाजा लगा लेते हैं कि आपकी सेहत कैसी रहेगी और आप कितने साल तक जीवित रह सकते हैं।

### कैसे होता है यह सबकुछ

- एआई आपके पिछले 12 महीनों के खर्च को देखकर यह बता सकता है कि आप अगले महीने कौन सा बड़ा खर्चा करने वाले हैं।
- आप मॉल में कार्ड स्वाइप करते हैं तो डेटा केवल पैसों का नहीं जाता। आपकी लाइफस्टाइल लोकेशन का मैप भी बन जाता है।
- इसके जरिए बैंक को पता होता है कि आप हफ्ते में कितनी बार बाहर खाना खाते हैं और किस तरह के ब्रांड्स आपको पसंद हैं।
- बैंक आपका डेटा मार्केटिंग कंपनियों को बेचते हैं, आपको उन चीजों के मेल आने लगते हैं जिन्हें आपने कभी सर्च भी नहीं किया।





### ऐसे खुलती हैं आपके व्यक्तित्व की परतें

- अगर आप अचानक बहुत ज्यादा सेल्फ हेल्प किताबें खरीदने लगें या जिम की मेंबरशिप छोड़ दें तो बैंक का एआई समझ जाता है कि आप शायद मानसिक तनाव या आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। इससे आपका क्रेडिट स्कोर प्रभावित हो सकता है, भले आपने बिल समय पर भरा हो।
- हर ट्रांजैक्शन के साथ एक कोड जुड़ा होता है। अगर आप अक्सर फास्ट फूड आउटलेट्स पर अपना कार्ड ज्यादा स्वाइप करते हैं तो हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियां आपको हाई रिस्क श्रेणी में डाल सकती हैं, क्योंकि आपका डेटा उन्हें बताता है कि आपकी डाइट सेहत के लिए खराब है।
- आपके कार्ड में वाईफाई जैसा निशान सुविधा तो है लेकिन खतरा भी। जेबकतरे आपके बिना कार्ड छुए पास से गुजरकर आपके कार्ड की जानकारी चुरा सकते हैं। इसी तरह जब आप किसी स्टोर का को ब्रांडेड कार्ड लेते हैं तो उसे आपके बैंकिंग पैटर्न की अनुमति मिल जाती है।

### कब होगा तलाक, ये भी पता

अमेरिका में हुई एक स्टडी के अनुसार, क्रेडिट कार्ड कंपनियों ने डेटा के जरिए 85% सटीकता से यह पता लगा लिया था कि किन दंपतियों का तलाक होने वाला है। आधार सिर्फ यह था कि उन दंपतियों ने मैरिज काउंसलिंग या नए अपार्टमेंट के डिपॉजिट के लिए कार्ड स्वाइप करना शुरू कर दिया था। आपका कार्ड आपके रिश्तों के बारे में भी जानता है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- ऐसा बटुआ खरीदें जिसमें आरएफआईडी प्रोटेक्शन हो। यह बाहर से आने वाली रेडियो तरंगें ब्लॉक कर देता है ताकि कोई आपके कार्ड को बिना छुए स्कैन न कर सके।
- अपने बैंक एप में जाकर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और कॉन्टैक्टलेस पेमेंट के ऑप्शन को हमेशा बंद रखें। कोई जरूरत पड़ने पर ही उसे ऑन करें, वह भी सिर्फ दो मिनट के लिए।
- हर महीने अपना बैंक स्टेटमेंट जरूर चेक करें। अक्सर छोटे-छोटे पचास पैसे या एक रुपये के ट्रांजेक्शन होते हैं जो बॉट्स चेक करने के लिए करते हैं कि कार्ड एक्टिव है या नहीं।
- दवाओं और डॉक्टर की फीस जैसी बहुत ज्यादा निजी खरीदारी के लिए नकद का इस्तेमाल करना बेहतर रहेगा। यह आपकी मेडिकल प्राइवेसी को एआई की नजरों से दूर रखेगा।

## छत्तीसगढ़: धर्मांतरण कराने पर 20 साल तक की सजा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जबरन, प्रलोभन या भय के माध्यम से किए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 अब कानून बन गया है। राज्यपाल रमेन डेका की ओर से हस्ताक्षर किए जाने के बाद अधिनियम को राजपत्र में प्रकाशित कर शनिवार को लागू कर दिया गया। इसमें 20 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

- विधानसभा में पारित हुआ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026

विधानसभा में यह विधेयक 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रस्तुत किया था, जिसे विस्तृत चर्चा के बाद पारित किया गया। इसमें विवाह को धर्मांतरण का आधार नहीं माना गया है और विवाह के बाद भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक होगा। अवैध धर्मांतरण के सामान्य मामलों में 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना तय किया गया है। महिलाओं, एससी-एसटी, नाबालिगों जैसे विशेष वर्ग के मामलों में 10 से 20 वर्ष कारावास और न्यूनतम 10 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित है। सामूहिक धर्मांतरण में 10 वर्ष से आजीवन कारावास तथा न्यूनतम 25 लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकेगा। लोक सेवक द्वारा अपराध करने पर 10 से 20 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माना, जबकि धन के माध्यम से धर्मांतरण कराने पर 10 से 20 वर्ष कारावास और 20 लाख रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में नेतृत्व के नए अवसर प्राप्त होंगे। परिवारजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृष** – आज बड़े निवेश के निर्णय सोच-समझकर लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। कार्य योजनाबद्ध तरीके से पूरे होंगे।

**मिथुन** – आज नए और लाभकारी संपर्क बनेंगे। व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। शाम तक सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे प्रगति होगी। आर्थिक दृष्टि से स्थिति सामान्य रहेगी। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।

**सिंह** – आज कार्यों में सफलता निश्चित है। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। सामाजिक मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज दिन भर व्यस्तता रहेगी। आपकी योजना सफलतापूर्वक कार्यान्वित होगी। कार्यक्षेत्र में प्रयासों को मान्यता मिलेगी।

**तुला** – आज आर्थिक दृष्टि से मजबूत स्थिति बनेगी। नए अवसरों से परिपूर्ण दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज शाम तक स्थिति में सुधार होगा। लाभ के संकेत मिलेंगे। कार्यों में प्रारंभिक रुकावट आ सकती है।

**धनु** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ समय है। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज कार्य निर्धारित समय पर पूरे होंगे। योजनाएं सफलतापूर्वक कार्यान्वित होंगी। धैर्य से सभी कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों पर आप प्रसन्न रहेंगे। समाज सेवा में अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। व्यापार को लेकर अत्यधिक प्रयासरत रहेंगे।

**मीन** – आज लंबी दूरी की यात्रा आपको नहीं करनी चाहिए। प्रबंधन संबंधी कार्यों में परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 19 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, द्वितीया 10 .49 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-भरणी 07 .10 तक तत्पश्चात कृत्तिका 20 अप्रैल 04 .35 तक तत्पश्चात रोहिणी।

### सुडोकू - 123 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |

### सुडोकू -124

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | | | 3 | | | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | 4 | | |
| 5 | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | 2 | | | 1 | 7 | | |
| | 4 | | | 8 | | | | 5 |
| 6 | | | 7 | | | 2 | | |

## लेबनान में शांति सेना पर हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि शनिवार सुबह दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हुए हमले में एक फ्रांसीसी सैनिक की मौत हो गई, तीन घायल हो गए।

मैक्रों ने बताया कि मृतक सैनिक की पहचान मोंटौबन के 17वें पैराशूट इंजीनियर रेजिमेंट के स्टाफ सार्जेंट फ्लोरियन मोंटोरियो के रूप में हुई है। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा, सभी संकेत यही बताते हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी हिज्बुल्ला की है। फ्रांस की मांग है कि लेबनानी अधिकारी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

संबोधन

कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ के कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति सूर्यकांत

# एआई से घबराएं नहीं, सतर्कता के साथ इस्तेमाल करें : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को आगाह करते हुए कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ-साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से आह्वान किया कि वे एआई से घबराएं नहीं, बल्कि सतर्कता के साथ इसका इस्तेमाल करें।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जोर दिया कि तकनीक का इस्तेमाल केवल एक सहायक के रूप में किया जाना चाहिए, न कि एक विकल्प के रूप में। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में एआई का इस्तेमाल संतुलन के साथ होना चाहिए जिससे काम की गति और दक्षता बढ़े, लेकिन साथ ही न्याय के मूल सिद्धांत में मानवीय बुद्धि, अनुभव और संवैधानिक विवेक को पूरी तरह



संरक्षित किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित न्यायिक अधिकारियों के 22वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में न्यायपालिका की पुनर्कल्पना' था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आपको एआई को लेकर घबराना नहीं चाहिए। जब आपके सामने कोई ऐसा मामला आता है जिसमें बहुत जटिल तथ्य और कानून के पेचीदा सवाल शामिल हों, तो आप क्या करते हैं। ऐसे मामलों में निर्णय लेते समय व्यक्ति ज्यादा गहराई से सोचता है, धैर्य रखता है और अंत में निर्णय लेने पर उसे संतोष की भावना भी महसूस होती है।

उन्होंने कहा, जब हम एआई प्रौद्योगिकी का उपयोग सावधानी और जागरूकता के साथ करना शुरू करेंगे, तो यही परिणाम देखने को मिलेगा, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाये कि आपके भीतर का न्यायाधीश स्वतंत्र बना रहे और तकनीक से प्रभावित न हो। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार तथा कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विभू बखरू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मूल पहचान को खोए बिना खुद को बदलना होगा

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका में तकनीक को अपनाने के साथ इसकी अंतर्निहित सीमाओं की स्पष्ट समझ होनी चाहिए। उन्होंने ऐसी प्रणालियों द्वारा उत्पन्न होने वाली अशुद्धियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल में एआई मंचों द्वारा मनगढ़ंत मिसालें, गलत उद्धरण और पूरी तरह से काल्पनिक कानूनी प्रस्ताव तैयार किए जाने के उदाहरण सामने आए हैं। ये भ्रामक जानकारी मामूली तकनीकी खामियां नहीं हैं। ये न्यायिक प्रक्रिया की बुनियाद पर प्रहार करती हैं, जो सटीकता, प्रामाणिकता और विश्वास पर टिकी है। अगर इन्हें रोका न गया तो ये गुमराह कर सकती हैं, कानूनी दलीलों को तोड़मरोड़ सकती हैं और परिणामों को गलत दिशा दे सकती हैं।



जब मुझे आना पड़ा तो उस समय मैं तैयार ही नहीं था। पावरप्ले के आखिरी दो ओवर में मैं शॉट्स खेलने की कोशिश कर सकता था। केएल के पास अधिकतर स्ट्राइक रही और उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स लगाए जिससे मोमेंटम हमारे साथ रहा। मैंने सोचा कि यदि वह अच्छा खेल रहे हैं तो मैं उन्हें स्ट्राइक देता रहूं।
–ट्रिस्टन स्टब्स


# स्टेडियम

अयोध्या, रविवार, 19 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जाएंट्स
बनाम
पंजाब किंग्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

### हाईलाइट

#### फुटबॉल कोच की तरह हैं आशीष नेहरा : हरभजन सिंह

**मुंबई।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा फुटबॉल कोच की तरह है और उन्होंने टीम में एकजुटता भरी है। हरभजन ने जियोस्टार से कहा कि खिलाड़ियों से नेहरा का लगातार संवाद और खेल की गहरी समझ ने गुजरात टाइटंस की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा आशीष नेहरा अकेला ऐसा इंसान है जो कहीं भी, कभी भी माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सहज बना देते हैं। मैचों के दौरान नेहरा की भूमिका के बारे में हरभजन ने कहा वह फुटबॉल कोच की तरह है। कभी भी शांत नहीं बैठता।

#### हताशा का दृढ़ता से किया सामना : रबाडा

**अहमदाबाद।** पिछले सत्र की निराशा के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस को जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने इस सफर को 'हताशा' से 'दृढता' का बताया है। रबाडा मनोरंजक दवा के सेवन से जुड़े निलंबन के कारण पिछले सत्र में अधिकांश मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने पांच विकेट से जीत दर्ज की। रबाडा ने मैच के बाद कहा पिछला सत्र काफी निराशाजनक था खासकर इस तरह के शानदार सेटअप में। गुजरात की टीम बहुत ही शानदार है।

# आखिरी ओवर में डेविड मिलर के तूफान से आरसीबी की उम्मीदों पर फिरा पानी

## आईपीएल-2026 : एक गेंद रहते दिल्ली कैपिटल्स की रोमांचक जीत



डेविड मिलर।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 60) की अर्धशतकीय पारियों और डेविड मिलर की आखिरी ओवर में तूफानी शॉट की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को छह विकेट से शिकस्त दी।

सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की 38 गेंद में 63 रन की आक्रामक पारी के बावजूद कैपिटल्स ने आरसीबी को आठ विकेट पर 175 रन पर रोकने के बाद 19.5 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए राहुल ने 34 गेंद की पारी में दो छक्के और छह चौके लगाए। टीम के 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद उन्होंने स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 69 रन की साझेदारी की।

इसके बाद स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल (26 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ 35 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी की। अक्षर चोटिल होने के कारण 16वें ओवर में रिटायर हर्ट हो गए। स्टब्स ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद की नाबाद पारी में एक छक्का और चार चौके जड़े, जबकि डेविड मिलर (नाबाद 22) ने आखिरी ओवर में लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि कृणाल पंड्या ने 24 रन देकर एक विकेट हासिल किया। सॉल्ट ने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए, लेकिन अक्षर पटेल (18 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) और लुंगी एनगिडी (39 रन पर दो विकेट) ने अन्य बल्लेबाजों को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। मुकेश कुमार को भी एक सफलता मिली। सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए विराट कोहली (19) के साथ 31 गेंद में 52 रन और दूसरे विकेट के लिए देवदत्त पडिक्कल (18) के साथ 29 गेंद में 47 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, लेकिन 11वें ओवर में उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (17 गेंद में 26 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सका। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को भुवनेश्वर कुमार ने अपने शुरुआती दो ओवर में तीन झटके दिए।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**175/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का स्टब्स बो कुलदीप | 63 |
| विराट कोहली का निसंका बो एनगिडी | 19 |
| देवदत्त पडिक्कल का मिलर बो अक्षर | 18 |
| रजत पाटीदार का राहुल बो मुकेश | 08 |
| टिम डेविड का नटराजन बो अक्षर | 26 |
| जितेश शर्मा का मिलर बो एनगिडी | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा कुलदीप | 01 |
| कृणाल पंड्या रन आउट | 12 |
| रसिक सलाम नाबाद | 00 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** : 11, **विकेट पर** : 175 रन विकेट पतन : 1-52, 2-99, 3-105, 4-131, 5-146 6-149,7-172

कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर : 175 रन विकेट पतन : 1-52, 2-99, 3-105, 4-131, 5-146 6-149,7-172 गेंदबाजी : नबी 3-0-36-0, मुकेश 4-0-32-1, एनगिडी 4-0-39-2, कुलदीप 4-0-32-2, नटराजन 2-0-16-0, अक्षर 3-0-18-2

### दिल्ली कैपिटल्स

**179/4** (19. 5 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका पगबाधा भुवनेश्वर | 01 |
| लोकेश राहुल का कोहली बो कृणाल | 57 |
| करुण नायर का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 05 |
| समीर रिजवी का जितेश बो भुवनेश्वर | 02 |
| टिस्ट्रन स्टब्स नाबाद | 60 |
| अक्षर पटेल रिटायर हर्ट | 26 |
| डेविड मिलर नाबाद | 22 |

**अतिरिक्त** : 06, **विकेट पतन** : 1-2, 2-16, 3-18, 4-87, 4-134 (अक्षर रिटायर्ड हर्ट), गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-26-3, हेजलवुड 4-0-38-0, सलाम 4-0-40-0, कृणाल 4-0-24-1, सुयश 3-0-31-0, शेफर्ड 0.5-0-17-0

**57** रनों की पारी में दिल्ली के बल्लेबाज लोकेश राहुल ने छह चौके और दो छक्के लगाए

**03** विकेट भुवनेश्वर ने लिए उन्होंने गेंदबाजी के दौरान किसी को खुलकर खेलने नहीं दिया

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 6 | 0 | 5 | 1 | 1 | -1.149 |

## पंत के चोटिल होने से चिंतित एलएसजी के सामने अजेय पंजाब किंग्स की चुनौती

**मुल्लांपुर।** तालिका में शीर्ष पर काबिज पंजाब किंग्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में संघर्ष कर रही लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मजबूत बल्लेबाजी पर भरोसा करेगी। लखनऊ की टीम कप्तान ऋषभ पंत की चोट को लेकर भी चिंतित है। पंजाब किंग्स इस सत्र में अब तक एकमात्र अजेय टीम रही है। टीम ने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम का नेट रन रेट 1.067 है, जो उसकी दमदार बल्लेबाजी और सधे हुए लक्ष्य-पीछा करने की क्षमता को दर्शाता है। पंजाब ने 2025 सत्र से अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने पिछले 11 में से नौ मुकाबले जीते हैं, जो उसके दबदबे की बानगी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालिया जीत में भी यह झलक साफ दिखी। मेजबान टीम की इस रफ्तार को रोकने के लिए एलएसजी को असाधारण प्रदर्शन करना होगा। अंक तालिका में फिलहाल सातवें स्थान पर मौजूद एलएसजी लगातार दो हार के बाद दबाव में है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मुकाबले में कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में लगी चोट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



## केकेआर के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे रॉयल्स

**कोलकाता, एजेंसी** : शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स पिछले मैच में मिली हार को भुलाकर जीत के लिए तरस रही कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को आईपीएल के मैच में लय वापिस पाने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक रॉयल्स और खराब फॉर्म से परेशान केकेआर के बीच यह मुकाबला होगा। राजस्थान ने लगातार चार जीत दर्ज की लेकिन पिछले मैच में उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया। वहीं केकेआर छह मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर कई मौकों पर जीत के करीब पहुंचकर हार गई है जिससे टीम का आत्मविश्वास डगमगा गया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने से उसे एकमात्र अंक मिला है।

# पहले टी-20 में द.अफ्रीका से हारी भारतीय महिला टीम

**डरबन, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले महिला टी20 क्रिकेट मैच में भारत को छह विकेट से हरा दिया। दो महीने बाद होने वाले टी20 विश्व कप की 'ड्रेस रिहर्सल' मानी जा रही सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की दिशाहीन गेंदबाजी का फायदा उठाते हुए लक्ष्य पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय गेंदबाजों ने 14 वाइड गेंदें फेंकी।

वोल्वार्ट ने 39 गेंद में 51 रन बनाए। एनेरी डर्कसेन ने 34 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मैच आज खेला जाएगा। पिछली चार श्रृंखलाएं जीत चुकी भारतीय टीम के लिए स्पिनर श्रेयांका पाटिल और श्रीचरणी ने प्रभावित किया लेकिन तेज गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अरूंधति रेड्डी की दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की।



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट व स्मृति मंधाना।

### स्मृति मंधाना ने तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका और भारत की महिला टीमों के बीच पहले मैच के दौरान, स्मृति मंधाना ने टी 20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया। स्मृति मंधाना के नाम अब 161 मैचों में 30 .31 की औसत और 124 .38 के स्ट्राइक रेट से 4244 रन दर्ज हैं। टी20 में उनके नाम 33 अर्धशतक और एक शतक है। रोहित शर्मा ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए 159 मैचों में 32 .05 की औसत और 140 .89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए हैं।

# अभिषेक की तेज शुरुआत के बावजूद हैदराबाद 194 रनों पर थमा

**हैदराबाद, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (59 रन) की शानदार शुरूआत के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज की धारदार गेंदबाजी के सामने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी। अभिषेक और हेनरिक क्लासेन (59 रन) के अर्धशतकों को छोड़ दें तो सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी इकाई ने सीएसके के गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए।

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। अभिषेक (22 गेंद) ने 15 गेंद में अपना एक और अर्धशतक पूरा जिससे लग रहा था कि गायकवाड़ का फैसला उल्टा पड़ गया है। लेकिन आमतौर पर थोड़े महंगे साबित होने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी (दो ओवर में 21 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले की आखिरी दो गेंदों पर ट्रेविस हेड (20 गेंद में 23 रन) और कप्तान ईशान किशन (शून्य) को आउट कर करारे झटके दिए। सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 5.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 75 रन से अचानक छह ओवर के बाद दो विकेट पर 75 रन हो गया। सीएसके को इसी मौके की तलाश थी। पावरप्ले के बाद के ओवर सनराइजर्स हैदराबाद के के बल्लेबाज़ों के लिए काफी मुश्किल भरे रहे जिसमें सिर्फ क्लासेन (39 गेंद) ने अपना एक और अर्धशतक पूरा कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाने में मदद की। ओवरटन (37 रन देकर तीन विकेट) और कंबोज (22 रन देकर तीन विकेट) ने बीच के और आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम पर पूरी तरह से नकेल कसकर रखी। सनराइजर्स हैदराबाद ने साढ़े चार ओवरों के अंदर अपने चार विकेट नहीं गंवाए होते तो वे आसानी से 225 से 230 रन बना सकते थे।

दस ओवर के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 112 रन हो गया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की क्रिकेट सूझबूझ भी टीम के काम आई। उन्होंने ओवरटन की एक शॉर्ट गेंद पर अभिषेक के खिलाफ रिव्यू की अपील की जो मैच का रुख बदलने वाले फैसलों से एक साबित हुआ। सीएसके के लिए ओवरटन की लेंथ और नूर अहमद (चार ओवर में 33 रन देकर कोई विकेट नहीं) की गेंदबाजी ने क्लासेन और दूसरे बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। नीतीश रेड्डी (12) जैसे भारतीय बल्लेबाज तथा अनकैप्ड खिलाड़ी जैसे अनिकेत वर्मा और सलिल अरोड़ा रन गति नहीं बढ़ा पाए जिससे सारा दबाव क्लासेन पर आ गया। कंबोज की जितनी भी तारीफ की जाए कम है, वह अब 'राउंड द विकेट' से तेज वाइड यॉर्कर फेंकने में माहिर हो गए हैं और इसी तरह की एक गेंद पर क्लासेन बोल्ड हो गए। गुरजपनीत सिंह ने भी 12 डॉट गेंदें फेंकीं।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। **एजेंसी**

### सनराइजर्स हैदराबाद

**194/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का सैमसन बो ओवरटन | 59 |
| ट्रेविस हेड का गायकवाड़ बो चौधरी | 23 |
| ईशान किशन का गायकवाड़ बो चौधरी | 00 |
| हेनरिक क्लासेन बो कंबोज | 59 |
| अनिकेत वर्मा का नूर बो ओवरटन | 02 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शॉर्ट बो ओवरटन | 12 |
| सलील अरोड़ा का ब्रेविस बो गुरजपनीत | 13 |
| लियाम लिविंगस्टन का ब्रेविस बो कंबोज | 01 |
| शिवांग कुमार का गुरजपनीत बो कंबोज | 12 |
| प्रफुल हिंगे नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-75, 2-75, 3-93, 4-112, 5-147, 6-177, 7-179, 8-193, 9-194, **गेंदबाजी** : मैथ्यू शॉर्ट 3-0-38-0, मुकेश चौधरी 2-0-21-2, कंबोज 3-0-22-3, नूर 4-0-33-0, ओवरटन 4-0-37-3, गुरजपनीत 4-0-34-1

### प्रेरणा

एशियाई चैंपियन पहलवान अभिमन्यु मांडवाल जुटे हैं 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में

# मजबूत मानसिकता और निर्भीक रवैया ही सफलता की कुंजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल का कहना है कि आधुनिक युग की कुश्ती में मजबूत मानसिकता ही सब कुछ है और वह मानते हैं कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी निर्भीक रवैया है। बचपन से ही निर्भीक रवैया उनके अंदर कूट-कूटकर भरा है और अब वह 2028 के लॉस एंजलिस ओलंपिक की तैयारी में जुटे हैं जिसके लिए उन्होंने अपने पसंदीदा 74 किग्रा वर्ग में जाने का फैसला किया है।

इस युवा पहलवान ने हाल में बिश्केक में हुई एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की ओर कदम बढ़ाया। स्वर्ण पदक तक पहुंचने के अपने सफर में उन्होंने विश्व चैंपियनशिप के दो पदक विजेताओं को हराया जिनमें 70 किग्रा फाइनल के उनके प्रतिद्वंद्वी मंगोलिया के टोमोर-ओचिरिन तुलगा भी शामिल थे। जगरेब प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने और हाल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 24 साल के इस पहलवान ने अंडर-23 से सीनियर सर्किट में जगह बना ली है। 2026 में मिली इस शुरुआती सफलता का श्रेय वह कुश्ती की गहरी समझ और मानसिक मजबूती को देते हैं।

मांडवाल ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा आपकी मानसिकता मजबूत होनी चाहिए। इसके बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। आप कितनी भी कड़ी ट्रेनिंग क्यों नहीं कर लें, अगर आपकी मानसिकता मजबूत नहीं है तो आप मुक़ाबला नहीं कर सकते। मैं अपने विरोधियों की चिंता नहीं करता। यही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है। हरियाणा के इस पहलवान ने बताया कि उनका निर्भीक रवैया उनकी परवरिश से आया है। उनके पिता और चाचा दोनों ही पहलवान थे और वे उन्हें बिना किसी पुरस्कार की परवाह किए मुकाबलों में भेज देते थे।

मांडवाल ने कहा वे बस मुझसे कहते थे कि जाओ, अखाड़े में खड़े हो जाओ और कुश्ती लड़ो। हमने कभी पैसे या स्तर के बारे में नहीं सोचा। इसी तरह मैं निडर बन गया। मैं किसी भी मुकाबले से पहले जरा भी नहीं हिचकिचाता।



भारतीय पहलवान अभिमन्यु मांडवाल।

### वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है : कोच

भारत की पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम के मुख्य कोच विनोद कुमार भी इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा उसमें जबरदस्त इच्छाशक्ति है। ऐसे पहलवान आसानी से नहीं मिलते। वह मुश्किल मुकाबले भी जीत सकता है। मुझे उसकी यह बात सबसे ज्यादा पसंद है। हम उसे और भी बेहतर पहलवान बनाने के लिए सबकुछ करेंगे। भविष्य के बड़े टूर्नामेंट में वह जरूर अच्छा प्रदर्शन करेगा। अब तक गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में खेलने वाले मांडवाल का पूरा ध्यान अब 74 किग्रा वर्ग में जाने पर है। उनका मानना है कि यह वर्ग उनके शरीर और उनके लंबे समय के लक्ष्यों के लिए एकदम सही है जिनमें एशियाई खेल और ओलंपिक शामिल हैं। उन्होंने कहा यही मेरा मुख्य लक्ष्य है। अगर मैं वहां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया तो फिर इसका कोई मतलब नहीं है। मैं निश्चित रूप से 74 किग्रा वर्ग में खेलूंगा। यह मेरा पसंदीदा वजन वर्ग है। मेरा सामान्य वजन लगभग 74-75 किग्रा है। और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मैं इसे बढ़ाकर लगभग 78 किग्रा तक ले जाना चाहता हूं।

- अंडर-23 से सीनियर सर्किट में बना ली है जगह

## मुश्किल में फंसी केकेआर टीम से जुड़ेंगे मथीशा पथिराना

**कोलकाता।** श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना आखिरकार शनिवार देर रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हो रहे हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ेगा जो इस समय आईपीएल तालिका में सबसे नीचे चल रही है।

टी20 विश्व कप के दौरान पिंडली में आई चोट से उबरने के बाद पथिराना ने श्रीलंका क्रिकेट द्वारा जरूरी फिटनेस परीक्षण पास कर लिया है और उन्हें एनओसी भी मिल गया है। वह इस समय सफर कर रहे हैं और रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। हालाकि टीम के एक सूत्र के अनुसार उन्हें तुरंत अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना कम है क्योंकि टीम की मेडिकल टीम उनकी मैच फिटनेस का आकलन करेगी।

# खुलकर खेलने से दूर होंगे मुश्किल के दिन : रहाणे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेआफ की राह मुश्किल होती जा रही है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टीम से मुश्किल दिनों का सामना करने, खुलकर खेलने और एक समय में एक ही मैच पर फोकस रखने का आग्रह किया है। छह मैचों में से पांच हार चुकी कोलकाता को एकमात्र अंक पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश में धुले मैच से मिला है।

गुजरात टाइटंस से पांच विकेट से मिली हार के बाद रहाणे ने शुक्रवार को कहा इन कठिन दिनों को स्वीकार करने और उनका सामना करने की जरूरत है। हर दिन नया है और हमें एक दूसरे का साथ देते हुए खुलकर खेलना होगा। दस टीमों की लीग में प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिये कम से कम सात मैच जीतने जरूरी हैं। अब आठ मैच बाकी है और केकेआर को हर हालत में हार से बचना होगा। रहाणे ने कहा हम एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोच रहे हैं। हारने पर हालात कठिन होते हैं लेकिन हर कोई पूरी कोशिश कर रहा है।

